सुप्रभात
रांची, मंगलवार
22.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैशाख, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 277 | 12



कैटरीना ने पति के नाम की लगायी मेहंदी

## न्यूज डायरी

### दुकान में लगी आग मां और बेटी की मौत

**गिरिडीह।** पचंबा थाना स्थित खुशी मार्ट कपड़े की तीन मंजिला दुकान और मकान में आग लगने से दो लोगों की मौत हो गयी। दोनों की पहचान मां संगीता डालमिया (50) और बेटी खुशी डालमिया (17) के रूप में की गयी। रविवार देर रात करीब तीन बजे चार लोगों को रेस्क्यू कर निकाला गया। करीब आठ घंटे के राहत बचाव के बाद मां-बेटी के जले हुए शव को बाहर निकाला गया। परिजनों के अनुसार अगलगी में करीब 50 लाख का नुकसान हुआ है।

### सोने की कीमत में एक लाख के करीब पहुंची

**नयी दिल्ली।** कमजोर डॉलर और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध को लेकर अनिश्चितताओं के चलते मांग बढ़ने से राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतों में 1,650 रुपये की तेजी आयी। बाजार में इसका भाव एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के मनोवैज्ञानिक स्तर के करीब पहुंच गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 99,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गयी। चांदी भी 500 रुपये चढ़कर 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी।

### झारखंड में प्रचंड गर्मी 44 डिग्री पहुंचा पारा

**रांची।** झारखंड में प्रचंड गर्मी शुरू हो गयी है। सोमवार को को पलामू और गढ़वा का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। प्रचंड गर्मी से दोनों जिलों में जनजीवन प्रभावित होने लगा है। डालटेनगंज में तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं भवनाथपुर में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। गर्मी को लेकर आपदा प्रबंधन विभाग के तरफ से गाइडलाइन भी जारी की गयी है। मौसम विभाग ने आनेवाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की आशंका जतायी है। तापमान बढ़ने से पलामू और गढ़वा सहित कई जिलों में लू चलने लगी है। इधर रांची का तापमान 36 डिग्री पार कर गया है। डालटेनगंज 44, भवनाथपुर 43 और सरायकेला में तापमान 40.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### बाबा राइस-मिल के कर्मचारी की हत्या

**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र के लोटवा गांव निवासी बिनोद गोप (35) की अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े पत्थर से कूच कर हत्या कर दी। वह रांची स्थित बाबा राईस मील में काम करता था। जानकारी के अनुसार बिनोद गोप रविवार को मझकेरा गांव से एक शादी समारोह में भाग लेने कोलेबिरा गया था। सोमवार करीब 1 बजे दिन में अपने घर जोगोटोली जा रहा था। जहां बनागुटु बाजारटांड़ से थोड़ा आगे करंज पेड़ के निकट अज्ञात अपराधियों ने बिनोद गोप की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही बसिया पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। पुलिस हत्या के कारणों का अनुसंधान कर रही है।

बोकारो के ललपनिया स्थित लुगु पहाड़ की तलहटी में मुठभेड़, सुरक्षाबलों को अबतक की सबसे बड़ी सफलता

# एक करोड़ का ईनामी नक्सली समेत आठ ढेर

**बड़ी सफलता**

- मारे गये नक्सलियों में सेंट्रल कमिटी मेंबर एक करोड़ इनामी नक्सली प्रयाग मांझी उर्फ विवेक, दस लाख ईनामी नक्सली साहेब राम मांझी और अरविंद यादव के अलावा पांच अन्य नक्सली।



लुगु पहाड़ की तलहटी में नक्सलियों से मुठभेड़ के बाद बरामद हथियार और विभिन्न सामग्री के साथ सुरक्षाबलों की टीम।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के बोकारो जिले में नक्सलियों को बड़ा झटका लगा है। पहली बार सेंट्रल कमिटी मेंबर और एक करोड़ ईनामी समेत आठ नक्सलियों को मार गिराने में पुलिस सफल रही है। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आठ शव बरामद किए जा चुके हैं। मारे गये नक्सलियों में सेंट्रल कमिटी मेंबर एक करोड़ इनामी नक्सली प्रयाग मांझी उर्फ विवेक, दस लाख ईनामी नक्सली साहेब राम मांझी और अरविंद यादव के अलावा पांच अन्य नक्सली हैं। तीन नक्सलियों की पहचान हो चुकी है, बाकी की पहचान की जा रही है। मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों को भारी मात्रा में हथियार भी बरामद हुआ है।

**इससे पहले चतरा में मारे गये थे पांच इनामी नक्सली :** इससे पूर्व तीन अप्रैल 2023 को चतरा पुलिस ने पांच इनामी नक्सलियों को मार गिराया था, जिनमें दो स्पेशल एरिया कमेटी के सदस्य भी थे। दोनों पर 25-25 लाख रुपये का ईनाम था। वहीं तीन सब जोनल कमांडर मारे गये थे, जिन पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम था। यानी कुल ईनाम की राशि 65 लाख रुपये थी।

**रात से ही चल रही थी प्लानिंग :** राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि रविवार को ही नक्सलियों के मूवमेंट की सूचना मिल गयी थी। सुरक्षाबलों ने एक बेहतरीन प्लान तैयार किया और नक्सलियों को चारों तरफ से घेर लिया। सुबह करीब साढ़े पांच बजे पहली बार नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। चोरगांवां के सोसो टोला के पास जंगल में छिपे नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। कोबरा जवानों ने मोर्चा संभाला और आठ नक्सलियों को मार गिराया।

## चाईबासा में नक्सलियों का होगा सफाया : डीजीपी

▶▶ डीजीपी की नक्सलियों को चेतावनी : समर्पण करें या गोली खाने को तैयार रहें




आठ नक्सलियों के मारे जाने के बाद डीजीपी अनुराग गुप्ता ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि चाईबासा में शहीद हुए जवान का हमने बदला लिया। अब हमारा पूरा फोकस चाईबासा में नक्सलियों को खत्म करने पर रहेगा। डीजीपी ने कहा कि नक्सली आत्मसमर्पण करें, नहीं तो गोली खाने के लिए तैयार रहें। बहुत जल्द झारखंड से नक्सलियों का सफाया हो जायेगा। **ईनाम की राशि जवानों में बंटेगी :** पुलिस की इस सफलता से झारखंड के डीजीपी बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि इनाम की राशि मुठभेड़ में शामिल जवानों के बीच बांटी जायेगी।

### सबसे पहले नक्सलियों ने शुरू की फायरिंग

पुलिस मुख्यालय ने बताया कि नक्सलियों के एक बड़े दल के ललपनिया के लुगु पहाड़ की तलहटी में भ्रमणशील होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद सुरक्षाबलों अभियान पर निकले थे। इसी दौरान नक्सलियों ने फायरिंग की। जिसके बाद जवाबी हमले में झारखंड पुलिस और केंद्रीय बलों के जवानों ने नक्सलियों के पर फायरिंग की।

गृह मंत्री ने जवानों की सराहना की, कहा

## नक्सलवाद के खात्मे का अभियान अभी रहेगा जारी



**नयी दिल्ली।** बोकारो में लुगु पहाड़ में मुठभेड़ में आठ माओवादियों को मार गिराने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षाबलों की सराहना की है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए हमारा अभियान निरंतर जारी है। नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए चल रहे अभियान में झारखंड में एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली। मुठभेड़ में एक शीर्ष स्तर का नक्सली नेता विवेक उर्फ प्रयाग मांझी भी मारा गया। उस पर एक करोड का ईनाम था।

## टुंडी का निवासी था प्रयाग मांझी कई राज्यों में था उसका नेटवर्क

**रांची।** मारा गया एक करोड़ का इनामी नक्सली प्रयाग मांझी मूल रूप से धनबाद जिले के टुंडी थाना क्षेत्र के दलबूढ़ा गांव का रहने वाला था। वह न सिर्फ पारसनाथ और झुमरा पहाड़ इलाके में सक्रिय था, बल्कि छत्तीसगढ़, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भी उसका नेटवर्क फैला हुआ था। उसके खिलाफ सिर्फ गिरिडीह, बोकारो, चाईबासा और धनबाद जिले में 60 से अधिक मामले दर्ज हैं। वह भाकपा माओवादी संगठन की सेंट्रल कमेटी का सदस्य था। उसे माओवादी संगठन ने 2023 में पारसनाथ और झुमरा पहाड़ियों की कमान सौंपी थी। विवेक की पत्नी जया मांझी भी 25 लाख की इनामी थी। उसे गिरिडीह पुलिस ने 16 जुलाई 2024 को धनबाद के एक अस्पताल से गिरफ्तार किया था। इसके बाद 21 सितंबर 2024 को रिम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी थी। झारखंड में इस वर्ष पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में अब तक 13 नक्सली मारे गए हैं।

स्पेन-स्वीडन दौरे पर सीएम, म्यूजियम डी-गावा का किया दौरा

## झारखंड में विकसित हो सकते हैं गावा म्यूजियम जैसे शैक्षणिक स्थल : सीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ विदेश (स्पेन-स्वीडन) दौरे पर हैं। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने स्पेन (बार्सिलोना) के प्रसिद्ध म्यूजियम डी गावा का दौरा किया, जो कैटालुन्या सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा संचालित की जाती है। इस दौरान हेमंत सोरेन और उनकी टीम ने संग्रहालय में प्रदर्शित प्राचीन खनन तकनीकों और नवपाषाण युग से जुड़े ऐतिहासिक अवशेषों का अवलोकन किया।

प्रतिनिधिमंडल ने जानकारी हासिल की कि किस प्रकार पुरानी खदानों को शिक्षा और विज्ञान के उपयोग के लिए पुनः उद्देश्यित किया जा सकता है।

**कोल्हान के इलाकों में अपनाया जा सकता है यह मॉडल :** सीएम ने संग्रहालय की कार्यप्रणाली, संरचना और शैक्षणिक दृष्टिकोण को नजदीक से देखा और उसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस मॉडल को झारखंड, विशेष रूप से कोल्हान क्षेत्र जैसे खनिज संपन्न इलाकों में अपनाया जा सकता है। इस पहल के माध्यम से न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समृद्ध प्रदर्शन स्थल विकसित किये जा सकते हैं, बल्कि ज्ञान आधारित पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सकता है।

### यूएस में चुनाव आयोग पर राहुल ने मढ़े आरोप

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका में भारत की मतदान प्रक्रिया पर कई सवाल खड़े किये। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है। राहुल गांधी ने कहा, यह हमारे लिए बिल्कुल स्पष्ट है। यह भी स्पष्ट है कि प्रणाली में कुछ गड़बड़ है। मैं कई बार यह बात कह चुका हूं। श्री गांधी रविवार को अमेरिका में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**भाजपा भड़की :** वहीं भाजपा ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि उन्होंने अमेरिका में भारत का अपमान किया है। भाजपा नेता संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी विदेशी भूमि पर जाकर वही कर रहे हैं, जो वह कई दशकों से करते आ रहे हैं, भारत की बेइज्जती और भारत का अपमान।

## ईसाइयों के धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का 88 वर्ष में निधन, दुनियाभर में शोक की लहर

एजेंसी

**वेटिकन सिटी।** ईसाइयों के सबसे बड़े धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का सोमवार सुबह निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे और कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। बता दें कि अपने 12 साल के कार्यकाल में वह कई बीमारियों से पीड़ित रहे। बीमारी की वजह से युवावस्था में ही उनके एक फेफड़े का हिस्सा निकाल दिया गया था। उन्हें 14 फरवरी 2025 को सांस की तकलीफ के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। निमोनिया की वजह से वे 35 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहे।



इससे पहले रविवार को पोप फ्रांसिस ने ईस्टर संडे पर विचार की स्वतंत्रता और सहिष्णुता का आह्वान किया। 35,000 से अधिक लोगों की भीड़ को ईस्टर की शुभकामनाएं देने के बाद, फ्रांसिस ने अपने पारंपरिक 'उर्बी एट ओर्बी' (शहर और दुनिया के लिए) आशीर्वाद को पढ़ने का काम एक सहयोगी को सौंप दिया। उन्होंने भाषण में कहा, धर्म की स्वतंत्रता, विचार की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और दूसरों के विचारों के प्रति सम्मान के बिना शांति नहीं हो सकती है।

> पोप फ्रांसिस के निधन से गहरा दु:ख हुआ है। इस शोक की घड़ी में मेरी संवेदनाएं पूरे कैथोलिक समुदाय के साथ हैं। पोप फ्रांसिस को दुनियाभर में लाखों लोग दया, विनम्रता और आध्यात्मिक साहस की मिसाल के रूप में हमेशा याद रखेंगे।
> **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री, भारत**

> परम पूज्य पोप फ्रांसिस के निधन से गहरा दुख हुआ है। इस घड़ी में वैश्विक कैथोलिक समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। पोप फ्रांसिस को दुनिया भर के लाखों लोग हमेशा करुणा, विनम्रता और आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में याद रखेंगे।
> **हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री**

17वें लोक सेवा दिवस पर नयी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए पीएम

# आज की बनायी गयी नीतियां तय करेंगी एक हजार साल का भविष्य : प्रधानमंत्री

**पीएम पुरस्कार**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 17वें लोक सेवा दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कई अधिकारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि हम आज जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं, जो निर्णय ले रहे हैं, वे एक हजार साल का भविष्य तय करने वाले हैं। इस दौरान उन्होंने लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए जिलों का समग्र विकास और लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार से चुनिंदा नवाचार पर ई-कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया।

### शासन मॉडल का फोकस जेनरेशन रिफॉर्म पर



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते 10 सालों में भारत ने प्रभावशाली परिवर्तन का सफर देखा है। आज भारत का शासन मॉडल जनरेशन रिफॉर्म पर ध्यान दे रहा है। हम तकनीक, नवाचार और नवीन अभ्यास के जरिए सरकार और नागरिकों के बीच की दूरी समाप्त कर रहे हैं। इसका प्रभाव ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ दूर दराज के इलाकों में भी दिख रहा है। पीएम मोदी ने विकसित भारत की बात करते हुए कहा कि विकसित भारत के हमारे लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी विकास रथ के हर चक्र को मिलकर चलना है।

### गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को पीएम उत्कृष्टता का मिला पुरस्कार



**गुमला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में सिविल सेवा दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को पीएम अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया। यह पुरस्कार वर्ष 2023 के लिए दिया गया। यह अवॉर्ड सिविल सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को अपने जिले में उत्कृष्ट एवं समग्र विकास करने के लिए दिया जाता है। गुमला जिले को लगातार दूसरी बार यह उपलब्धि हासिल हुई है, जो भारत सरकार की 12 प्रमुख योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन और जिले में किए गए नवाचारों और प्रभावशाली पहलों के लिए दिया गया है।

### सरायकेला डीसी को पीएम अवॉर्ड ऑफ एक्सिलेंस सौंपते मोदी



**रांची।** सरायकेला खरसावां के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला को सोमवार को पीएम अवार्ड ऑफ एक्सिलेंस से सम्मानित किया गया। नयी दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत जिले के गम्हरिया प्रखंड में बेहतर काम के लिए दिया गया है। गम्हरिया प्रखंड को पूरे देश में पहला स्थान मिला है। उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने इसके लिए जिले और प्रखंड के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए इसका श्रेय प्रखंड एवं जिला स्तर के अधिकारियों की कड़ी मेहनत को दिया है।

मंत्री ने लक्ष्य के अनुसार राजस्व वसूली का दिया निर्देश

## परिवहन कामगारों के लिए बनेगा झारखंड परिवहन कल्याण बोर्ड



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के परिवहन मंत्री दीपक बिरूआ ने परिवहन विभाग एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित स्थिति पर एवं जिला परिवहन पदाधिकारी के लक्ष्य की प्राप्ति नहीं करने पर कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि अगले माह में राजस्व लक्ष्य को हर हाल में प्राप्त करें। परिवहन मंत्री सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में विभाग की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने वित्त वर्ष 2025-26 के लक्ष्य प्राप्ति के लिए अगले तीन माह की योजना बना कर काम करने का निर्देश सभी आरटीए और डीटीओ को दिया। मंत्री ने भारी मोटर वाहन प्रशिक्षण के लिए सरकार द्वारा गुरुजी प्रशिक्षित चालक योजना में बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण देकर रोजगार मुहैया कराने के काम में तेजी लाने का निर्देश दिया। श्री बिरूआ ने राज्य की सीमा से लगने वाले 11 जगहों पर चेक पोस्ट की स्थापना का निर्णय लिया गया। यहां जांच के दौरान जहां भारी वाहनों, बसों और अन्य यातायात साधनों की नियमित जांच की जाएगी ताकि नियमों का उल्लंघन रोका जा सके। साथ ही भारी मोटर वाहन शराब पीकर वाहन चलाने एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता भी किया जाएगा।

मंत्री ने असंगठित क्षेत्र के समस्त परिवहन कामगारों को कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए झारखंड परिवहन कल्याण बोर्ड के गठन करने के लिए अन्य राज्यों में लागू योजना का अध्ययन करने का निर्देश दिया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के काम में तेजी लाने और सभी नवनियुक्त मोटरयान निरीक्षक को 4 माह का प्रशिक्षण दिलाने को कहा गया।

## कार्टून कोना



# जंजीर बांधकर ईडी कार्यालय के समक्ष युवा कांग्रेस के नेताओं ने किया प्रदर्शन

## पुलिस ने हिरासत में लिया





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर चार्जशीट करने के विरोध में सोमवार को झारखंड युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने हाथ में जंजीर लगाकर रांची स्थित ईडी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज के नेतृत्व में बड़ी संख्या में यूथ कांग्रेस के कार्यकताओं ने आक्रोश मार्च के रूप नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी प्रवर्तन निदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे और मुख्य गेट के सामने ही धरने पर बैठ गए। इस मौके पर कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव भी उपस्थित रहे।

विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदीप यादव जी ने कहा कि नेशनल हेराल्ड पत्रिका 1938 में शुरू हुआ था। इसका उदेश्य अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ मुहीम को प्रमुखता से छापना था। जबकि तत्कालिन समय में बीजेपी विचारधारा के माननेवाले लोग इस अखबार में छपी खबरों को पचा नहीं पाते थे, क्योकि उन्हे अंग्रेजों की गुलामी करनी थी। यही कारण है कि बीजेपी सोनिया और राहुल गांधी को परेशान करने पर तुली हुई है और ईडी का आगे कर राहुल गांधी की प्रतिष्ठा को धुमिल करना चाहती है। उन्होंने कहा कि कोंग्रेसियो को जितना दबाया जायेगा राहुल गांधी उतना ही निखरेंगे।

**प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करें पुलिस: अभिजीत राज :** युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि ईडी ने केंद्र के इशारे पर उनके नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है। उन्होंने कहा कि जब बीजेपी के इशारे पर ही ईडी को कार्रवाई करनी है तो युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता खुद हाथ में जंजीर लगाकर ईडी दफ्तर पहुंचे हैं, हमें भी गिरफ्तार करें।

**युवा कांग्रेस करता रहेगा आंदोलनः उज्ज्वल तिवारी :** युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उज्ज्वल तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार और ईडी के खिलाफ लगातार युवा कांग्रेस नेता आंदोलन करते रहेंगे। उज्ज्वल तिवारी ने कहा कि देश को निजी हाथों में सौंपने को आतुर बीजेपी सरकार के खिलाफ कांग्रेस और राहुल गांधी की आवाज को दबाने के लिए उनके नेताओं पर नेशनल हेराल्ड के गलत मामले में चार्जशीट की गई है।

**पुलिस ने किया गिरफ्तार :** पुलिस ने ईडी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर रहे युवा कांग्रेस के नेताओं के साथ कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव को भी हिरासत में लेकर डोरंडा थाना ले गई। इसके बाद प्रदर्शन खत्म हो गया। इधर युवा कांग्रेस के नेताओं की गिरफ्तारी की सूचना मिले ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह एवं मार्केटिंग बोड के चेयरमैन रविन्द्र सिंह डोरांडा थाना पहुंचे और सभी नेताओं को निजी मुचलके पर छुड़ाकर वापस लेकर आए।

### विरोध प्रदर्शन में ये नेता थे शामिल

विरोध प्रदर्शन में सौरभ अग्रवाल, आफताब आलम, देव शर्मा, सत्यम सिंह,महासचिव प्रतिक सिन्हा, अभिजीत कमल, जमील अख्तर, कोमल कुमारी, शादाब खान, विक्की ठाकुर, विकाश सिंह, सचिव वेद प्रकाश, पूनम यादव, जिला अध्यक्ष गौरव सिंह, नितेश भारद्वाज, अमित यादव, आजाद अंसारी, मोती पासवान, विशाल डूंगडूँग,अरुण सांगा, नीरज सिंह, अशरफ अली, अमरनाथ मुंडा, तबरेज खान, साजन कुमार,आयुष, इमरान, नीलेश उरांव, दीपक साव,अब्दुल साथ अन्य लोग शामिल थे।

---

## छह वर्षों से लटकी 187 अभ्यर्थियों को सौंपा गया नियुक्ति पत्र

# अगर दिल में जनता की सेवा का जज्बा हो तो फाइलें नहीं, फैसले चलते हैं : डॉ इरफान



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। जो काम पूर्ववर्ती सरकार छह साल में नहीं कर सकी, उसे डॉ इरफान अंसारी ने महज एक महीने में करके दिखा दिया। यह सिर्फ एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को संजीवनी देने वाली क्रांतिकारी पहल है। पूर्वी सिंहभूम जिले में आयोजित एक भव्य समारोह में 187 अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

टाउन हॉल, सिदगोड़ा में आयोजित इस कार्यक्रम में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, शिक्षा मंत्री श्री रामदास बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती, जुगसलाई विधायक मंगल कालंदी, पूर्व सांसद प्रदीप बलमुचू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। डॉ अंसारी ने यह कर दिखाया कि जब नेतृत्व में इच्छाशक्ति हो, तो वर्षों से रुकी व्यवस्था को भी बदलना संभव है। रघुवर सरकार के दौरान जिस नियुक्ति प्रक्रिया को जान-बूझकर लटकाया गया, उसी प्रक्रिया को आज नई सरकार ने न्याय दिलाया है। वर्षों से संघर्ष कर रही अठट बहनों के लिए यह सिर्फ नौकरी नहीं, बल्कि जिंदगी के नए अध्याय की शुरूआत है।

स्वास्थ्य मंत्री ने लावजोड़ा (पटमदा), घोड़ाबांधा और आसनबनी (पोटका) में स्थित तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में लेबर रूम एवं कोल्ड चेन का उद्घाटन किया। साथ ही, पूरे राज्य में हाट-बाजार स्वास्थ्य शिविर अभियान की शुरूआत की, जिससे राज्य के सुदूर ग्रामीण इलाकों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सकेंगी।

डॉ अंसारी ने स्पष्ट कहा कि झारखंड सरकार की पहली प्राथमिकता स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त करना और युवाओं को रोजगार देना है। प्रदेश के हर मेडिकल कॉलेज से लेकर गांव के उपकेंद्र तक डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति तेजी से की जा रही है। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था ही किसी राज्य की असली पूंजी होती है। जब डॉक्टर संवेदनशील होंगे, व्यवस्था पारदर्शी होगी और सरकार जवाबदेह होगी - तभी असली परिवर्तन आएगा।

डॉ। अंसारी ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि पिछली सरकारें केवल फाइलें घुमाती रहीं, युवाओं के सपनों को कुचलती रहीं। लेकिन अब वक्त बदल चुका है। यह सरकार काम में यकीन रखती है, वादों में नहीं। अब न तो फाइलें दबेंगी, न ही सपने। डॉ अंसारी ने नव-नियुक्त कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि वे ईमानदारी और सेवा भाव से कार्य करें।

राज्य सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगी ताकि वे निर्भीक होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। आज झारखंड में एक नई कहानी लिखी जा रही है- जहां नियुक्ति सिर्फ घोषणा नहीं, क्रियान्वयन है। जहां स्वास्थ्य सिर्फ नारा नहीं, सरकार की प्राथमिकता है। और जहां नेतृत्व सिर्फ चेहरा नहीं, बदलाव की गारंटी है।

---

## सीएमपीडीआई ने विविध सौर ऊर्जा परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए ईसीएल के एमओए किया




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएमपीडीआई ने विविध सौर ऊर्जा परियोजनाओं के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाने के लिए ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया, जिसमें ग्राउंड-माउंटेड, रूफटॉप और फ्लोटिंग परियोजनाएं शामिल हैं। सीएमपीडीआईएल के निदेशक तकनीकी (सीआरडी) एस नागाचारी की उपस्थिति में सुदर्शन प्रसाद, महाप्रबंधक (ईएंडएम)/विभागाध्यक्ष, सीएमपीडीआईएल और सर्वेश कुमार, महाप्रबंधक (ईएंडएम)/विभागाध्यक्ष, ईसीएल द्वारा एमओए पर हस्ताक्षर किया गया । यह सहयोग ईसीएल में सौर ऊर्जा पहलों में तेजी लाएगा जो नेट जीरो टारगेट और कार्बन तटस्थता में योगदान देगा। इस एमओए के अनुसार, सीएमपीडीआईएल परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) के रूप में कार्य करेगा, जो आरंभ से लेकर पोस्ट अवार्ड प्रबंधन तक सभी परियोजना गतिविधियों की देखरेख करेगा। यह सहयोग ईसीएल में सौर ऊर्जा पहलों में तेजी लाएगा जो नेट जीरो टारगेट और कार्बन तटस्थता में योगदान देगा।

---

# न्यायपालिका से टकराव व ध्रुवीकरण ही भाजपा का मुख्य एजेंडा : बंधु तिर्की

### निशिकांत दुबे के बाद हेमंत विश्व सरमा और कैलाश विजयवर्गीय जैसे नेताओं के बाद भाजपा की मंशा अब पूरी तरह स्पष्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि न्यायपालिका से टकराव और ध्रुवीकरण ही अब जैसे भाजपा का मुख्य एजेंडा बन चुका है।

उन्होंने कहा कि कल निशिकांत दुबे द्वारा सर्वोच्च न्यायालय पर गृहयुद्ध भड़काने के आरोप के बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिनेश शर्मा और निशिकांत दुबे जैसे नेताओं के बयानों से किनारा करते हुए उसे उनकी व्यक्तिगत राय बता दी थी। लेकिन अब जिस प्रकार से हेमंत विश्व सरमा और कैलाश विजयवर्गीय ने प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप में निशिकांत दुबे के वक्तव्य का समर्थन किया है, उससे अब यह मानने में कोई भी आशंका नहीं है कि भाजपा की असली मंशा क्या है? भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे की तीखी आलोचना करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि भाजपा और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को यह समझना चाहिये कि सरकारें, आती-जाती है लेकिन देश शाश्वत है। श्री तिर्की ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता, परस्पर सद्भाव और लोकतंत्र हमारे भारत की पहचान है और इसको आघात पहुंचाने की कोई भी कार्रवाई ना केवल संविधान बल्कि देश और यहाँ के लोगों को नुकसान पहुँचाने की कार्रवाई होगी। श्री तिर्की ने कहा कि यह बहुत ही अफसोस की बात है कि आज देश का प्रमुख राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी न केवल वैसे अवांछित एवं देश विरोधी वक्तव्य का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष समर्थन कर रही है बल्कि उसकी कार्य प्रणाली भी पूरी तरीके से देश के लोकतंत्र को खोखला करने वाली है। श्री तिर्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का लोकतंत्र धर्मनिरपेक्षता, आपसी सद्भाव के साथ ही संविधान की सर्वोच्चता पर सबसे ज्यादा विश्वास है और इस मामले में भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस से बहुत कुछ सीख लेने की जरूरत है।

---

# 10 मई तक चलेगा ड्राप आउट बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का अभियान : शशि

## झारखंड में स्कूल रुआर-बैक टू स्कूल कार्यक्रम की हुई शुरूआत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य भर में सोमवार से स्कूल रुआर-2025 बैक टू स्कूल अभियान की शुरूआत हुई। इसकी शुरूआत झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन ने वर्चुअल बैठक के साथ की। इस राज्यस्तरीय वर्चुअल बैठक में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ममता लकड़ा समेत सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी भी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते परियोजना निदेशक शशि रंजन ने कहा कि स्कूल रुआर-2025 अभियान का उद्देश्य विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना तथा ड्राप बॉक्स के बच्चों/आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना है। राज्य स्तर से लेकर संकुल और विद्यालय स्तर तक इस अभियान का असर दिखना चाहिए। उन्होंने पदाधिकारियों को सलाह देते हुए कहा कि दिखावे से दूर रहे, धरातल पर काम दिखाएं। कोई भी बच्चा अनामांकित ना रहे, यह सुनिश्चित करें। जिला स्तरीय पदाधिकारी लगातार टक्र में प्राप्त डाटा का विश्लेषण कर अभियान की निगरानी करें। उन्होंने पदाधिकारियों को समय पर अभियान के सफल क्रियान्वयन का निर्देश दिया। झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक ने कहा कि आगामी राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक में अभियान की सफलता और इसके क्रियान्वयन की समीक्षा की जायेगी। हर पदाधिकारी की जवाबदेही तय होगी।

### 16000 बालवाटिका में भी इस वर्ष से नामांकन

शशि रंजन ने कहा कि इस वर्ष से राज्य में संचालित 16000 बालवाटिका में भी नामांकन शुरू हो गया है। प्री प्राइमरी शिक्षा के लिए बच्चों को बालवाटिका से जोड़ें।

### कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे गैर सरकारी संगठनों की भी लें मदद

राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ममता लकड़ा ने कहा कि सभी स्कूलों में स्कूल रुआर-2025 अभियान व्यापक पैमाने पर चलाएं। आयु वर्ग 5 से 18 तक का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे। उन्होंने समाज कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए अभियान के सफल क्रियान्वयन का निर्देश दिया। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ने इस अभियान में गैर सरकारी संगठनों का सहयोग लेने का भी निर्देश दिया। कहा कि बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए रचनात्मक प्रयासों पर जोर दें। जो बच्चे विद्यालय नहीं आ रहे हैं, उनके घरों में जाकर अभिभावकों से बात करें।

उन्होंने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए विद्यालय में कैंप लगाकर दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनाने का निर्देश दिया। साथ ही सभी बच्चों का डाटा ई-विद्यावाहिनी तथा एमआईएस पर अपलोड करने का भी निर्देश दिया। परियोजना निदेशक ने सभी जिलों में चाइल्ड एंटाइटलमेंट से जुड़े कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि गर्मी की छुप्तियों से पहले बच्चों को स्कूल बैग, किताब, कॉपी, स्टेशनरी, छात्रवृत्ति और यूनिफॉर्म जैसी आवश्यक सामग्रियां वितरित की जाएं, ताकि बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा न आए। बैठक में रंजन ने ज़िला शिक्षा पदाधिकारियों को इस कार्य को प्राथमिकता देने और समयबद्ध ढंग से पूरा करने की सख्त हिदायत दी।

---

# आरएसएस साजिश के तहत सोनिया व राहुल को कर रही है बदनाम : जिग्नेश



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह विधायक जिग्नेश मेवानी ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में आरएसएस के लोगों ने अंग्रेजों की चापलूसी का काम किया और स्वतंत्रता आंदोलन में भाग नहीं लिया। इसको स्वीकार करने के बजाय बीजेपी नेतृत्व की केंद्र सरकार नेशनल हेराल्ड के मामले में सोची समझी साजिश के तहत सोनिया गांधी और राहुल गांधी को बदनाम कर रही है। उन्होंने कहा कि मामला पूरी तरह साफ है कि जिस एजेएल कंपनी के तहत नेशनल हेराल्ड चलता था उसका मकसद मुनाफा कमाना नहीं बल्कि क्रांति और विद्रोह के लिए जनमानस तैयार करना था। यही कारण है कि यह घाटे में भी रहा कर्मचारियों को वेतन के पैसे,सेवानिवृत्ति का लाभ कंपनी नहीं दे पा रही थी। इसे देखते हुए यंग इंडिया कंपनी का गठन हुआ और इस कंपनी ने ज्यादातर शेयर एजेएल कंपनी के खरीदे और कांग्रेस ने 2002 से 2012 के अंदर अलग-अलग किस्तों में 90 करोड़ का ऋण दिया,इन कंपनियों से कांग्रेस ने कमाई नहीं की।

उन्होंने कहा कि कंपनी एक्ट की धारा 8 के तहत यंग इंडिया नो प्रॉफिट एनटीए है। जनता का ध्यान मुद्दों से भटकाने के लिए यह सारा खेल रचा गया है। आज भी एजेएल की संपत्ति एजेएल की ही है। इसमें यंग इंडिया का कोई हिस्सा नहीं, यंग इंडिया उसमें सिर्फ स्टेक होल्डर है,मालिक नहीं है। इस स्थिति में यंग इंडिया कानूनी दृष्टि से खरीद बिक्री कर ही नहीं सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बीजेपी, आरएसएस,नरेंद्र मोदी,अमित शाह को चुनौती देती है कि इस संपत्ति के लेनदेन के यदि कोई दस्तावेज है तो उसे प्रस्तुत करें नहीं तो जनता से झूठ बोलना और आरोप लगाना बंद करें।

जिग्नेश मेवानी ने कहा कि आज महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। दिनदहाड़े मॉब लिंचिंग हो रहा है। महिला अत्याचारों में भारी वृद्धि है, आदिवासी उत्पीड़न की घटनाएं हो रही है, इस मुल्क की जनता के असली सवाल हाशिये पर है और देश की संपत्ति की बंदरबाँट चल रही है। उनहोंने कहा कि इसी से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा साजिश कर रही है। नेशनल हेराल्ड और एजेएल स्वतंत्रता की विरासत है इसे बचाये रखने के लिए कांग्रेस ने सहायता दी है। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुजनी, प्रवक्ता सोनाल शांति, सोशल मीडिया अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, राजन वर्मा भी मौजूद थे।

---

## गैस सिलेंडर लेकर महिला कांग्रेस ने अल्बर्ट एक्का चौक पर किया प्रदर्शन, केंद्र सरकार के खिलाफ लगाये नारे



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को रांची में प्रदर्शन किया। घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 50 रुपए की बढ़ोतरी, बेतहाशा बेरोजगारी, गिरती अर्थव्यवस्था और मोदी सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ झारखंड महिला कांग्रेस ने राजधानी के अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रदर्शन किया। झारखंड प्रदेश महिला अध्यक्ष गुंजन सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने शहीद चौक से परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक तक आक्रोश मार्च किया और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने सिर पर सिलेंडर उठाये कहा कि आज देश की जनता महंगाई से त्रस्त है। रसोई गैस सिलेंडर, मूल्य वृद्धि, बेतहाशा बेरोजगारी, गिरती अर्थव्यवस्था के लिए केंद्र की मोदी सरकार जिम्मेवार है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और भाजपा की नीतियां गरीब विरोधी होती है।

गुंजन सिंह ने कहा कि पहले गैस सिलेंडर के दाम में मामूली वृद्धि होने पर बीजेपी सड़क पर उतर जाती थी। वह आज कहीं नहीं दिखते हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई और खासकर घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत के बढ़ने से मध्यम वर्ग का बजट गड़बड़ा गया है। उनहोंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने महंगाई से मुंह मोड़ लिया है। इनका एकमात्र उद्देश्य है कि कैसे निजी कंपनियों की जेब भरी जाए। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि देश की महिलाओं और गरीब परिवारों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा करे।

## नगर निगम ने अवैध वाटर बॉटलिंग प्लांट्स के खिलाफ चलाया अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता


**रांची।** रांची नगर निगम ने आज एक विशेष अभियान के तहत अवैध जल संयंत्रों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। यह अभियान रांची के वार्ड संख्या 17, 18 और 30 के अंतर्गत स्थित रातू रोड, थड़पखना और आसपास के क्षेत्रों में चलाया गया।

नगर निगम के धावा दल ने इन इलाकों में अवैध रूप से संचालित जार वाटर बोटलिंग प्लांट्स की पहचान की। अभियान के दौरान कुल 14 अवैध जल संयंत्रों का पता चला और उन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विधिसम्मत नोटिस जारी किए गए।

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई रांची में अवैध जल संयंत्रों के खिलाफ लगातार चल रही मुहिम का हिस्सा है। इन संयंत्रों से जल प्रदूषण बढ़ने और जल स्रोतों के बेजा इस्तेमाल की आशंका जताई जा रही है।

अधिकारियों ने यह भी कहा कि अवैध जल संयंत्रों द्वारा बिना किसी मानक के पानी की बोतलें बेची जा रही थीं, जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती हैं।

## 30 जून तक होल्डिंग टैक्स एक साथ जमा करें और छूट पायें



**रांची।** रांची नगर निगम ने शहर के लोगों से अपील की है कि वे 30 जून 2025 तक अपना होल्डिंग टैक्स एक साथ जमा करें। ऐसा करने पर उन्हें टैक्स की कुल रकम पर 10% की छूट मिलेगी। टैक्स भरना अब पहले से आसान हो गया है। लोग सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक नगर निगम कार्यालय या जन सुविधा केंद्रों में जाकर टैक्स जमा कर सकते हैं।

**ये हैं टैक्स भरने के तरीके**

- ऑनलाइनः रांची नगर निगम की वेबसाइट पर जाकर।
- जन सुविधा केंद्रः नगर निगम और उद्यान अंचल कार्यालयों में मौजूद केंद्रों पर।
- डोर-टू-डोर सुविधाः एजेंटस आपके घर आकर डाटा मशीन से टैक्स जमा कर सकते हैं।

अगर आप वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग, ट्रांसजेंडर, सेना के जवान या शहीद के परिवार से हैं, तो आपको 10% के अलावा 5% की अतिरिक्त छूट भी मिलेगी।

## डीएसई की ओर से जारी नोटिस पर दो दिनों में मांगा गया जवाब

# उपायुक्त की बुलायी बैठक में नहीं पहुंचे थे प्राचार्य, 31 स्कूलों को दिया नोटिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मनमाना फीस वृद्धि, अभिभावक-शिक्षक संघ के गठन और आरटीइ के तहत आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के नामांकन के लिए डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने 12 अप्रैल को बैठक बुलायी थी, लेकिन इस बैठक में रांची जिले के 31 स्कूलों के प्राचार्य व प्रतिनिधि नहीं पहुंचे थे। स्कूलों के इस व्यवहार को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने इन सभी स्कूलों को नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में डीएसइ ने कहा है कि बैठक में आप अथवा आपके प्रतिनिधि बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये गये। यह अत्यंत ही खेदजनक है। आपका यह कृत्य उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना को प्रदर्शित करता है, इसलिए, आपको निर्देश दिया जाता है कि दो दिनों के अंदर अपना जवाब हमें उपलब्ध करायें कि किस परिस्थिति में आप बिना सूचना के बैठक में अनुपस्थित थे।

**इन स्कूलों को जारी किया गया नोटिस**

डीपीएस सेल टाउनशिप, संत जेवियर धुर्वा, संत फ्रांसिस हरमू, संत अलोइस अनगड़ा, विद्या निकेतन चान्हो, बाघवार अकादमी चान्हो, ए-वन पब्लिक स्कूल नेवरी, कोरोना यूनिवर्सल मनातू, होली चाइल्ड बजरा, एलए गार्डेन चुटिया, प्रभात तारा जगन्नाथपुर, मोंट फोर्ट स्कूल कांके, सेवेन स्टार अकादमी आइटीआइ, डीपीएस ग्रेटर मेसरा, आरुणी पब्लिक स्कूल बूटी, सरस्वती विद्या मंदिर खलारी, सेवा मार्ग स्कूल खलारी, मदर इंटरनेशनल मांडर, लोहिया पब्लिक स्कूल लोधमा, हैप्पी चिल्ड्रेन स्कूल तुपुदाना, लाला लाजपत राय रातू, लोटस मोंटेसरी रातू, एंजल स्कूल, मेटास एडवेंटिस्ट, संत मारिया स्कूल मांडर, संत चार्ल्स नामकुम, माजरेलो स्कूल नामकुम, माउंट कारमेल ओरमांझी।

## उपायुक्त ने वरीय अधिकारियों के संग की समीक्षा बैठक, दिये निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले के वरीय अधिकारियों के साथ कई महत्वपूर्ण विषयों पर समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि बिना उचित कारण के दाखिल-खारिज मामलों को अस्वीकृत न किया जाए अन्यथा दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही पंजी-2 के डिजिटाइजेशन में सुधार के लिए विशेष कैंप लगाने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास में शीघ्र गृह प्रवेश कराने, झारखंड मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के खातों को आधार से लिंक कराने और राजस्व कैम्पों में लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे पर जोर दिया गया। डीजे बजाने को लेकर सभी धर्मों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन की बात कही गई। तीन मई को अधिकतम आभार यात्रा और 10 मई को पूर्वी क्षेत्रीय परिसर कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विशेष निर्देश दिए गए। साथ ही समाहरणालय परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराने और 100 एंटरप्राइजेज योजना को गति देने की बात कही गई।

## कांग्रेस नेता तिलकधारी प्रसाद सिंह का निधन



**रांची।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तिलकधारी प्रसाद सिंह (87) का निधन हो गया। आठ अप्रैल से उनकी तबीयत खराब थी और वे गिरिडीह के नवजीवन नर्सिंग होम में भर्ती थे। सोमवार की दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली। पूर्व सांसद के निधन की जानकारी उनके पुत्र किशोर सिंह ने दी। वृद्ध होने के बाद उन्होंने अपनी राजनीतिक विरासत अपने पुत्र धनंजय सिंह को सौंपी दी थी। धनंजय अभी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हैं। 1968 में वे पहली दफा मुखिया बने थे। इसके बाद वे जिला परिषद का अध्यक्ष बने। 1980 में धनवार विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक बने। 1984 में कोडरमा लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद बने। दूसरी दफा 1999 में वे फिर कोडरमा से सांसद चुने गये थे। बीमार पड़ने पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व सीएम रघुवर दास, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, सुदिव्य कुमार भी अस्पताल पहुंचे थे और उनका हालचाल लिया था।

## तिलकधारी बाबू का जाना अपूरणीय क्षति है : स्वास्थ्य मंत्री

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कोडरमा के पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता तिलकधारी सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मंत्री ने कहा कि तिलकधारी बाबू का जाना एक अपूरणीय क्षति है, जिसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। मंत्री ने कहा कि तिलकधारी बाबू मेरे लिए किसी अभिभावक से कम नहीं थे। दो दिन पूर्व ही मैं उनसे मिलने गिरिडीह के नवजीवन अस्पताल गया था और उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की थी। इस आकस्मिक निधन की सूचना से मैं स्तब्ध हूं। वह मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है।

डॉ अंसारी ने कहा कि तिलकधारी बाबू सच्चे जनसेवक थे। उनका सादगीपूर्ण जीवन, संघर्षशील स्वभाव और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। मंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति प्रार्थना कर परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

## पूर्व सांसद तिलकधारी सिंह के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने शोक व्यक्त किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोडरमा के पूर्व सांसद तिलकधारी सिंह के निधन पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू एवं प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में श्री कमलेश ने कहा कि स्वर्गीय सिंह का जाना कांग्रेस परिवार के लिए एक अपूर्णीय क्षति है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। कांग्रेस परिवार ने अपना एक अभिन्न अंग खो दिया है लेकिन संगठन के मामले में उनके नीति और सिद्धांत कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा पथ प्रदर्शक बने रहेंगे। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, अनुशासन समिति के अध्यक्ष से लेकर सांसद तक के अपने कार्यकाल में उन्होंने जनहित के अनेको कार्यों को पूरा किया है, जिसकी झलक आज भी कोडरमा क्षेत्र में मिलेगी। जनहित के मुद्दों पर संगठन से लेकर सरकार के स्तर पर भी संघर्ष करने से भी उन्होंने कभी परहेज नहीं किया। अपने जीवन काल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एक अभिभावक की तरह उन्होंने हर संभव निर्देश और सहायता दी। शोक व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रविंद्र सिंह, सुल्तान अहमद, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पौल मुजनी, सोनाल शांति, गजेंद्र सिंह, अभिलाष साहू, राजन वर्मा, पप्पू अजहर भी शामिल है।

## रिम्स के निवर्तमान निदेशक डॉ. राजकुमार ने न्यायालय की ली शरण, कहा- अपने सम्मान के लिए गया अदालत

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रिम्स के निवर्तमान निदेशक डॉ. राजकुमार ने झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। उन्होंने न्यायालय से इंसाफ की गुहार लगायी है और कहा है कि जो आरोप लगाकर उन्हें पद से हटाया गया है, वह बिल्कुल गलत है। उन्होंने कहा कि अगर उनसे रिम्स गवर्निंग काउंसिल की बैठक में या उसके बाद भी इस्तीफा देने को कहा गया होता तो वह बिना एक मिनट भी गंवाए रिम्स निदेशक के पद से इस्तीफा दे देते, लेकिन जिन आरोपों के साथ उन्हें अपमानित कर के पद से हटाया गया, ऐसे में उनके पास न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के अलावा कोई और रास्ता नहीं था।

डॉ. राजकुमार ने कहा कि अगर उन लोगों ने पहले बोल दिया होता तो वह स्वयं इस्तीफा दे देते। उन्होंने कहा कि जीवन भर सही काम किया, कभी कोई गलत काम नहीं किया और न ही कभी गलत तरीके से पैसे कमाए। उन्होंने कहा कि मुझे अपनी बात भी रखने का समय नहीं दिया गया। प्रूफ रखने का समय नहीं मिला। उन्होंने कहा कि आरोपों के साथ जाना उन्हें मंजूर नहीं है। ऐसे में वह न्यायालय की शरण में आये हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी याचिका के साथ कई प्रमाण भी संलग्न किए हैं।

**क्यों पद से हटाए गए डॉ. राजकुमार :** रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने 17 अप्रैल की रात तत्काल प्रभाव से रिम्स निदेशक के पद से हटा दिया था। उस समय डॉ. राजकुमार दिल्ली में थे। उन पर प्रशासनिक अक्षमता की वजह से पद से हटाने की बात कही गई थी। पत्र में लिखा गया था कि निदेशक के पद पर कार्यरत रहने के दौरान मंत्रिपरिषद, शासी परिषद तथा विभाग द्वारा लोकहित में दिए गये निर्णय और निर्देशों का पालन नहीं किया गया तथा रिम्स अधिनियम, 2002 द्वारा निर्धारित उद्देश्यों को पूर्ण करने में डा. राजकुमार की सेवा संतोषजनक नहीं पायी गयी है। अतः रिम्स नियमावली 2002 के नियम-9 (सिक्स) के तहत लोकहित में डा. राजकुमार को तीन महीने का वेतन एवं भत्ता देते हुए तत्काल प्रभाव से निदेशक, रिम्स के पद से हटाया जाता है। इस निर्णय पर मुख्यमंत्री का अनुमोदन प्राप्त होने की बात भी कही गई थी।

## रांची विवि के पूर्व वीसी ने किया डॉ विद्या झा की पुस्तक का विमोचन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ रमेश चंद्र पांडे ने डॉक्टर विद्या झा के द्वारा लिखी गई बिजनेस कम्युनिकेशन पर आधारित पुस्तक स्ट्रेटजिक बिजनेस कम्युनिकेशन, ए प्रैक्टिकल अप्रोच का विमोचन सोमवार को किया। इस पुस्तक के प्रकाशक आइटरेटिव इंटरनेशनल पब्लिशर (आईआईपी) हैं। डॉ विद्या झा वर्तमान में सरला बिरला यूनिवर्सिटी में डिप्टी रजिस्टर एवं डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में असिस्टेंट लेक्चरर के पद पर कार्यरत हैं। इसके पूर्व उनको डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय और रांची विमेंस कॉलेज में भी बिजनेस मैनेजमेंट पढ़ाने का एक लंबा अनुभव रहा है।

विमोचन के बाद डॉ रमेश पांडे ने कहा कि इस पुस्तक के जरिए कम्युनिकेशन की दुनिया के थ्योरी और प्रैक्टिकल अप्रोच के बीच की दूरी को कम करने की कोशिश की गई है। डॉ पांडे ने कहा कि इस दूरी को कम करने के लिए केस स्टडी, रियल लाइफ के उदाहरण और प्रैक्टिकल स्ट्रेटजी का सहारा लिया गया है। डॉ पांडे ने कहा यह पुस्तक बिजनेस की दुनिया के अग्रणी लीडर्स, प्रबंधकों, छात्रों और खुद का व्यवसाय शुरू करने वाले लोगों के लिए एक हैंडबुक का काम करेगा।

## संताल सांस्कृतिक सोसाइटी की आम सभा 27 को होगी



**रांची।** संताल सांस्कृतिक सोसाइटी की बैठक हातमा में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुखदेव टुडू की अध्यक्षता में सोमवार को हुई। इसमें सोसाइटी के बायलॉज पर चर्चा करने के पश्चात उसे पारित किया गया। बैठक में सोसाइटी के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पूर्व की कार्यकारिणी समिति को भंग कर नये समिति का चुनाव आम बैठक में 27 अप्रैल को कराने का तय किया गया। संताल सांस्कृतिक सोसाइटी की आम बैठक 2:30 बजे से करमटोली चौक स्थित रांची प्रेस क्लब में होगी। इसमें सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए आह्वान किया गया है।

## निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल में बाल संसद गठित, रिशु पीएम और अनन्या शिक्षा मंत्री बनी

## छात्र-छात्राओं में नेतृत्व कला का विकास जरूरी : प्राचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल में सोमवार को बाल संसद का गठन किया गया। चयनित छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा तथा प्राचार्य विजय कुमार शर्मा की उपस्थिति में अपने पद व गोपनीयता और अपने कर्तव्य निर्वहन की शपथ ली। उन्हें शिक्षिका अनामिका छेत्री तथा किरण कुमारी ने शपथ दिलायी। कक्षा नवम की छात्रा रिशु पांडे को प्रधानमंत्री, पुष्पा कुमारी को उप प्रधानमंत्री, सोनू कुमार को खेल मंत्री, अनन्या कुमारी को शिक्षा मंत्री, अर्चिता कुमारी को वित्त मंत्री, स्मृति टोप्पो को अनुशासन मंत्री, मधु कुमारी को सूचना मंत्री, श्वेता सिंह को संस्कृति मंत्री, पवन कुमार को सिंचाई, सोनम कुमारी को स्वच्छता मंत्री का पदभार दिया गया।

विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई दी और कहा कि अपने पद और गरिमा के सम्मान को बनाए रखें। श्री शर्मा ने कहा कि बाल संसद का गठन छात्रों को समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करेगा। मौके पर विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा तथा शिक्षक-शिक्षिका किरण कुमारी, अनामिका छेत्री, आशुतोष कुमार, सुधा राणा, मोनी बाला शर्मा, सुरेश कुमार, सुधीर कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## जिला प्रशासन के जनता दरबार में लोगों की समस्याओं से अवगत हुए उपायुक्त, कहा

# सभी शिकायतों की जांच कर जल्द होगा समाधान

खबर मन्त्र डेस्क



**रांची।** रांची जिलावासियों की समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर सोमवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिला के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। उपायुक्त श्री भजन्त्री एक-एक कर सभी की समस्या से अवगत हुए एवं उन्हें आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच करते हुए जल्द से जल्द का समाधान किया जाएगा। जनता दरबार में महिलौंग पंचायत से पंचायत समिति की सदस्य वीणा कुमारी के साथ विभिन्न समस्याओं को लेकर लोग आये थे। महिलौंग पंचायत के फतरटोली में ट्रांसफॉर्मर फैक्ट्री निर्माण रोकने से संबंधित शिकायत पर उन्होंने अपर समाहर्ता एवं जीएम डीआईसी को जांच कर उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। समिति के सदस्यों ने महिलौंग पंचायत में सिलिंग एक्ट के तहत अर्जित जमीन को भू माफियाओं द्वारा अवैध रुप से खरीद-बिक्री की भी शिकायत की, जिस पर उपायुक्त ने अपर समाहर्ता और सब रजिस्ट्रार को मामले की जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। वहीं पुरुलिया रोड में नया कलवर्ट बनाने से जल जमाव की शिकायत पर उपायुक्त ने अपर समाहर्ता और परियोजना निदेशक एनएचएआई को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। प्रखण्ड प्रमुख राहे द्वारा जनता दरबार में अवैध बालू ढुलाई के संबंध में शिकायत की गयी। इस संबंध में मंजूनाथ भजन्त्री ने अनुमण्डल दण्डाधिकारी एवं जिला खनन पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

नामकुम प्रखण्ड के टुनको टोला से केसर नगर कॉलोनी को जोड़नेवाले मुख्य मार्ग में नाले पर पुलिया निर्माण के संबंध में स्थानीय लोगों ने उपायुक्त द्वारा आवेदन जनता दरबार में दिया गया। इस संबंध में डीडीसी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार में पूर्व पार्षद, बरियातु के जोड़ा तालाब के पास खराब सड़क की शिकायत लेकर आये थे। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए नगर निगम के संबंधित पदाधिकारी से फोन पर बात की, उन्होंने यथा संभव सड़क की मरम्मत के लिए आवश्यक कार्यवाही के लिए कहा।

वहीं अपनी जमीन के बदले बैंक से होम लोन मिलने और लगातार किस्त भरने के बाद टॉप अप लोन नहीं मिलने से चुटिया के दिनेश कुमार परेशान थे। उन्होंने इस संबंध में जनता दरबार में आवेदन दिया। उपायुक्त को उन्होंने बताया कि अब बैंक द्वारा सीएनटी जमीन कहकर लोन देने से इनकार किया जा रहा है। उपायुक्त ने एलडीएम, रांची को बैंक से बात कर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उपरोक्त के अतिरिक्त जनता दरबार में भूमि से संबंधित अन्य आवेदन भी जिला वासियों द्वारा दिये गये जिस पर उपायुक्त- मंजूनाथ भजन्त्री की ओर से अपर समाहर्ता को जांच करते हुए आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया गया।

# डीएवी नीरजा सहाय में मनी महात्मा हंसराज की जयंती





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी स्कूल में सोमवार को महात्मा हंसराज जयंती मनाई गई। मौके पर महात्मा हंसराज के जीवन से संबंधित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। अंग्रेजी में भाषण विशेष अंश द्वारा दिया गया तथा कविता वाचन सलोनी सातवीं की छात्रा द्वारा किया गया। मौके पर प्राचार्या किरण यादव ने बच्चों को एंग्लो वैदिक के बारे में जानकारी दी। वहीं महात्मा हंसराज के साथ-साथ पंडित गुरु दत्त विद्यार्थी के योगदानों के बारे में बच्चों को बताया। उन्होंने कहा महात्मा हंसराज जैसे महापुरुष के योगदान को हमें जीवन में याद रखना चाहिए।

**विश्व धरोहर दिवस भी मनाया गया :** विद्यालय में सोमवार को विश्व धरोहर दिवस भी मनाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विश्व भर में मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के महत्व और संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा एकता की भावना से भरपूर समूह गीत का प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कविता वाचन भी किया गया। कार्यक्रम में अंतर सदन क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा इसके माध्यम से विश्व धरोहर की जानकारी विद्यार्थियों को मिली। इस अवसर पर प्राचार्या महोदया श्रीमती किरण यादव ने कहा कि हमें सांस्कृतिक धरोहरों को बचाकर अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा दायित्व है, और इसकी शुरुआत हमारे घरों से होनी चाहिए। विश्व के सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों की रक्षा होनी चाहिए।

# पोप फ्रांसिस के निधन पर झारखंड में भी शोक की लहर

● रांची के संत मरिया महागिरजाघर, सीएनआई और जीईएल चर्चों में विशेष प्रार्थनाएं की गयीं



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रोमन कैथोलिक चर्च के सर्वोच्च धर्मगुरु, 266वें पोप फ्रांसिस का सोमवार सुबह 7:35 बजे (रोम समयानुसार) वेटिकन स्थित कांसा सांता मार्टा निवास में निधन हो गया। 88 वर्षीय पोप लंबे समय से बीमार चल रहे थे और डबल निमोनिया अटैक के बाद वेंटिलेटर पर थे। वे ब्रोंकोस्पजम नामक गंभीर श्वसन समस्या से जूझ रहे थे। उनके निधन से पूरी दुनिया में शोक की लहर दौड़ गई है। वेटिकन के कैमर्लेंगो कार्डिनल केविन फेरेल ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए कहा, पोप फ्रांसिस का जीवन ईश्वर और चर्च की सेवा में समर्पित रहा। उन्होंने हमें प्रेम, करुणा और साहस के साथ जीने का मार्ग दिखाया। पोप फ्रांसिस, जिनका मूल नाम जॉर्ज मारियो बर्गोग्लियो था, 17 दिसंबर 1936 को अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में जन्मे थे। वे लैटिन अमेरिका से आने वाले पहले पोप थे और 13 मार्च 2013 को 266वें पोप के रूप में चुने गए थे। पोप फ्रांसिस पहले गैर-यूरोपीय और पहले जेसुइट पोप भी थे। चर्च में सुधार, सामाजिक न्याय और गरीबों की सेवा को लेकर उनका योगदान रहा।

पोप फ्रांसिस के निधन की खबर झारखंड पहुंचते ही ईसाई समाज में शोक की लहर दौड़ गई। रांची के संत मरिया महागिरजाघर, सीएनआई और जीईएल चर्चों में विशेष प्रार्थनाएं की गईं। चर्चों के बिशप, फादर, पादरी, सिस्टर एवं धर्मबहनों ने गहरा शोक व्यक्त किया। ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट के प्रदेश महासचिव प्रवीण कच्छप ने कहा, पोप फ्रांसिस का निधन पूरी मानवता के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन प्रभु यीशु के उपदेशों, चर्च और गरीबों की सेवा में समर्पित कर दिया।

इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजीत तिर्की, प्रदेश अध्यक्ष कुलभूषण डुंगडुंग, प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार नागवंशी, विधिक सलाहकार दीप्ति होरो, अरुण हांसदा, अजय कुमार एक्का, अजय ओड़ेया समेत अनेक प्रमुख लोगों ने शोक व्यक्त किया। अब कार्डिनल परिषद नए पोप के चयन की प्रक्रिया शुरू करेगी। पोप फ्रांसिस के निधन के साथ ही चर्च के एक ऐतिहासिक और करुणामय युग का अंत हो गया है।

## पोप फ्रांसिस के निधन पर प्रदेश कांग्रेस ने शोक व्यक्त किया

**रांची।** 88 वर्ष की आयु में पोप फ्रांसिस का निधन वेटिकन के कासा सांता मार्टा स्थित उनके निवास स्थान पर सोमवार को हो गया। उनके निधन पर शोक संवेदना प्रकट करते हुए झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि उनका पूरा जीवन प्रभु और उनके चर्च की सेवा के लिए समर्पित था। उन्होंने लोगों को निष्ठा, साहस और सार्वभौमिक प्रेम के साथ सुसमाचार के मूल्यों को जीना सिखाया। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने कहा कि करूण, सादगी और मानवता की सेवा में समर्पित रहे पोप फ्रांसिस के निधन से मन दुखी है, उन्होंने न केवल इसाई समुदाय बल्कि पूरी दुनिया को प्रेम, सहिष्णुता और एकता का संदेश दिया, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में रवीन्द्र सिंह, राकेश सिन्हा, अभिलाष साहू, गजेन्द्र सिंह, लाल किशोरनाथ शाहदेव, संजय पांडे, राजन वर्मा, सोनाल शांति, सुल्तान अहमद, अमरेन्द्र सिंह, पप्पू अजहर, जगरनाथ साहू, जगदीश साहू, निरंजन पासवान आदि शामिल हैं।

## खबर एक नजर में

### 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर डालसा सचिव ने मध्यस्थों के साथ की बैठक



**रांची।** डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने सोमवार को व्यवहार न्यायालय में मध्यस्थों के साथ बैठक की और सभी से मुखातिब हुए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 10 मई को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण पर जोर देना बताया गया। उन्होंने कई दिशा निर्देश भी दिये। उन्होंने मौके पर कहा कि वादों के निस्तारण में मध्यस्थों व अधिवक्ताओं की भूमिका अहम है। इस अवसर नीलम शेखर, ममता श्रीवास्तव, सेवा चक्रवर्ती, एल.के. गिरि समेत व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता मध्यस्थ व विशेषज्ञ मध्यस्थ उपस्थित थे।

### एनएसएस विशेष शिविर के दूसरे दिन मशरूम की खेती पर दिया गया प्रशिक्षण




**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा कुम्हारटोली गांव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन सोमवार को मशरूम की खेती पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन की विधियां, आवश्यक सामग्री, देखरेख के तरीके, रोग नियंत्रण एवं विपणन के बारे में जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं और किसानों को कम लागत में अधिक लाभ देने वाली कृषि पद्धति से परिचित कराना था। इस मौके पर संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई।

### कविता मनुष्यता की उच्च भूमि है : डॉ जेबी पाण्डेय



**रांची।** श्री साहित्य कुंज का छठवें वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। मौके पर बतौर मुख्य वक्ता रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पाण्डेय ने साहित्य के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कविता मनुष्यता की उच्च भूमि है। कविता आचार, विचार और संस्कार की भूमि है। उन्होंने कहा कि कविता तीन वर्णों के योग से बनी है। जिसमें क अर्थात कल्पना, वि अर्थात विचार एवं ता अर्थात तालमेल। कल्पना एवं विचार का समानुपातिक भावाभिव्यक्ति कविता है। इस अवसर पर संस्था ने नवीन एवं युवा रचनाकारों को स्मृति चिन्ह, शॉल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। अतिथियों का स्वागत संगोष्ठी की संयोजिका डॉ मनीषा सहाय सुमन ने किया। मंच संचालन डॉ प्रतिमा त्रिपाठी एवं विंदु प्रसाद ऋद्धिमा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ निर्मला कर्ण ने किया।

### साप्ताहिक बाजार सोंस से बाइक की चोरी

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के सोंस में सोमवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार से सफीक अंसारी की बाइक को चोरों ने चुरा लिया। सफीक के अनुसार वह अपनी बाइक से सब्जी खरीदने बाजार गए थे, सड़क किनारे बाइक को खड़ी करने के बाद सब्जी लेने बाजार के अंदर चले गए। आधे घंटे बाद जब वे वापस लौटे तो पाया कि उनकी बाइक वहां से गायब थी। बाइक चोरी की लिखित सूचना सफीक द्वारा चान्हो थाने को दे दी गई है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हीरालाल मुंडा बुढ़मू प्रखंड का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत

**ठाकुरगांव।** कांके विधायक सुरेश बैठा ने बुढ़मू प्रखंड के हेसलपिरि पंचायत के पूर्व मुखिया हीरालाल मुंडा को ऊर्जा विभाग का बुढ़मू प्रखंड का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इससे संबंधित पत्र विधायक ने ऊर्जा विभाग, डीएसपी खलारी, बीडीओ बुढ़मू, थाना प्रभारी ठाकुरगांव को भी प्रेषित किया है। हीरालाल मुंडा के विधायक प्रतिनिधि बनने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, राजेन्द्र यादव, ललित महतो,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष भुनेश्वर साहु, मुस्ताक आलम आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### बस ने खड़ी ट्रक को मारी टक्कर, कई यात्री घायल

**तमाड़।** रांची-टाटा एनएच-33 पर खड़े ट्रक पीछे से तेज रफ्तार यात्री बस जाकर टकरा गई। इसमें खड़ा ट्रक सब्जी मंडी की दिनेश गोराई की दुकान में जा घुसा। सोमवार को तमाड़ स्थित भुइयांडीह सब्जी मंडी में हुये हादसे के समय दुकान में कोई नहीं था। वहीं सब्जी मंडी में भी भीड़ भाड़ कम थी। जिसे कोई बड़ी घटना नहीं घटी। दुकान में ट्रक के घुसने से दिनेश गोराई की दुकान अस्त-व्यस्त हो गई। बताया जाता है कि ब्रेक डाउन होने से ट्रक रविवार से रोड के किनारे खराब पड़ा था। इस बीच बिहार से टाटा जा रही तेज रफ्तार यात्री बस ने पीछे से जोरदार टक्कर मारी। अचानक हुए हादसे से बस पर सवार यात्रियों के बीच अफरातफरी मच गई। इस दौरान एक दर्जन से अधिक यात्रियों को चोटें लगी। बस की टक्कर से ट्रक का पिछला हिस्सा सहित बस का अगला भाग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। करीब घण्टे भर रोड पर वाहनों का परिचालन प्रभावित रहा।

## वर्ल्ड इनोवेशन डे के अवसर पर सीआईटी में कार्यशाला आयोजित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वर्ल्ड इनोवेशन्स डे के मौके पर सोमवार को कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में पेटेंट और डिजाइन फाईलिंग विषय पर एक दिवासीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। रिसोर्स पर्सन के रूप में कार्यशाला को विशेषज्ञ डॉ राहुल ने सम्बोधित किया। डॉ राहुल ने कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को पेटेंट और डिजाइन फाइलिंग की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजो, व कानूनी पहलुओं आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यशाला का आयोजन संस्थान के इंस्टिट्यूशन इनोवेशन कॉउन्सिल के आईपीआर सेल के तत्वाधान में किया गया।

मौके पर प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, उप प्राचार्य प्रो रसिका नवनीत सिंह, डीन अकेडमिक प्रो अरशद उस्मानी, प्रेसिडेंट (आईआईसी) प्रो दीपक कुमार वर्मा, कन्वनेर आइआईसी प्रो विनीत कुमार, कोर्डिनेटर डॉ नैयर मुमताज, डॉ नवीन कुमार सिन्हा, डॉ रितेश कुमार, डॉ अविनाश कुमार, प्रो अंकित कुमार सिंह डॉ डी के सिंह, प्रो जिआऊल हक आदि शिक्षक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल ने जेईई (मेन्स) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची द्वारा जेईई (मुख्य) परीक्षा 2025 में अद्भुत प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय ने गौरवपूर्वक इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को समस्त विद्यालय समुदाय- विद्यार्थियों, शिक्षकगण तथाअभिभावकों के समक्ष सम्मानित किया, ताकि इस उत्कृष्ट उपलब्धि का सामूहिक उत्सव मनाया जा सके। इस वर्ष विद्यालय के 87 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा 2025 हेतु पात्रता प्राप्त की है। सम्मानित किए गए उत्कृष्ट विद्यार्थियों की सूची में प्रमुख रूप से आनंद किशोर शामिल हैं, जिन्होंने 99.87 पर्सेंटाइल प्राप्त कर रांची, झारखंड के विद्यालयों में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त पियूष कुमार 99.37 पर्सेंटाइल, ऋषव कुमार चौधरी 99.005 पर्सेंटाइल, सचिन कुमार साजन 98.751 पर्सेंटाइल, सुतिर्थदान 96.86 पर्सेंटाइल, अतुल आनंद 95.42 पर्सेंटाइल, लैविश जुनेजा 94.52 पर्सेंटाइल, तनिष्क कुमार चौधरी 93.98 पर्सेंटाइल, खुशी सिंह 93.90 पर्सेंटाइल, सृजन राज गुप्ता 93.225 पर्सेंटाइल, आर्यन कुमार 93.02 पर्सेंटाइल।

सभी योग्य विद्यार्थी अब आगामी जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं, जो 18 मई 2025 को आयोजित की जाएगी।

इस सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के शिक्षक, माता-पिता एवं आपके कठिन परिश्रम का परिणाम है। साथ ही जेईई एडवांस में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

शैक्षणिक निदेशिका डॉ. सिमी मेहता ने अपने संबोधन में इसअद्वितीय उपलब्धि हेतु समस्त विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा जेईई (एडवांस्ड) हेत सफलता की कामना करते हुए समर्पित शिक्षकों के अथक प्रयासों की भी प्रशंसा की, जिन्होंने विद्यालय के आदर्श वाक्य राइज ऐंड शाइन को साकार करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विद्यालय प्राचार्य रंजीत कुमार ठाकुर, अकादमिक समन्वयक रविशेखर एवं प्रतियोगिता परीक्षा प्रभारी कुमार आशुतोष ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी तथा सफलता के लिएविद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। छात्रों का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन विद्यालय मे प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी अनुभवी व विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा कराने का परिणाम है।

## वेटनरी संकाय के डीन डॉ सुशील प्रसाद के निधन पर वीसी समेत अन्य ने जताया शोक



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रसिद्ध पशु वैज्ञानिक और बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वेटनरी संकाय के डीन डॉ सुशील प्रसाद का 21 अप्रैल को सुबह हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे वेटनरी कॉलेज के पशु उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग के अध्यक्ष भी थे। वह लगभग 65 वर्ष के थे और अगस्त में रिटायर होने वाले थे। पिछले 5-6 वर्षों से वह बीएयू के पशुचिकित्सा संकाय के डीन का भी दायित्व सम्भाल रहे थे। उन्होंने समय-समय पर विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन, अपर निदेशक अनुसंधान, अपर निदेशक प्रसार शिक्षा और सांस्कृतिक समन्वयक का भी अतिरिक्त कार्यभार संभाला। सूकर, कुक्कुट और बकरी विकास संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाओं के प्रधान अन्वेषक भी रहे।

रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय से बीवीएससी और एमवीएससी की डिग्री प्राप्त करने के बाद उन्होंने वर्ष 1989 में यहीं से सहायक प्राध्यापक के रूप में अपने करियर की शुरूआत की थी। सेवा में रहते हुए उन्होंने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार से पीएचडी की डिग्री प्राप्त की थी। उनके परिवार में पत्नी सविता प्रसाद के अलावा विवाहित पुत्र सूचित सौरभ हैं। पुत्र कॉरपोरेट सेक्टर में काम करते हैं। अनुज संजय प्रसाद आईएएस हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रधान सचिव हैं। उनके असामयिक निधन पर बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे सहित वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों और कर्मचारियों ने गहरा शोक प्रकट किया है।

### पत्रकार को पितृशोक

**रांची।** एक दैनिक अखबार के वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कुमार सिंह के पिता वीरेंद्र बहादुर सिंह की सोमवार को मौत हो गई। बिहार के भोजपुर निवासी वीरेंद्र बहादुर सिंह ने पटना के बजरंगपुरी स्थित आवास-शारदा कुंज में प्रातः तीन बजे अंतिम सांस ली। 77 वर्षीय वीरेंद्र बहादुर बिहार सचिवालय सेवा के पदाधिकारी थे। वर्ष 2006 में वह सेवानिवृत्त हुए। अपने पीछे दो पुत्र छोड़ गए हैं। अंतिम संस्कार गुलाबी घाट सुल्तानगंज में होना है।

### अनगड़ा थाना में सहायक अवर निरीक्षकों का प्रशिक्षण शुरू



**अनगड़ा।** अनगड़ा थाना में अनुसंधान एवं सिरिस्ता विषय पर व्यवहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई, जिसमें कुल 33 सहायक अवर निरीक्षक प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। यह सभी प्रशिक्षु सहायक अवर निरीक्षक से प्रोन्नति पाकर अवर निरीक्षक बनने की दिशा में अग्रसर हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य मुख्य रूप से थाना संचालन, केस डायरी लेखन, चार्जशीट निर्माण एवं सिरिस्ता संबंधी कार्यों में दक्षता प्रदान करना है। प्रशिक्षुओं के क्लास मॉनिटर के रूप सहायक अवर निरीक्षक जमीन्द्र को नामित किया गया है, जबकि हवलदार संदीप राम सहायक के रूप में नियुक्त किए गए हैं। प्रशिक्षण के दौरान केस स्टडी, दस्तावेज संधारण एवं व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से ज्ञानवर्धन किया जा रहा है। थाना प्रभारी हीरालाल साह द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह पहल पुलिस व्यवस्था को अधिक सशक्त एवं तकनीकी रूप से उन्नत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के नये आइडिया के लिए सोनाली कुमारी का चयन



**ठाकुरगांव।** साइंस विजन पब्लिक स्कूल मारवा की वर्ग दसवीं की छात्रा सोनाली कुमारी का चयन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के नए आइडिया के लिए हुआ तथा 10000 रुपए की राशि से सम्मानित किया गया है। ज्ञात हो कि इंस्पायर मानक अवार्ड भारत सरकार का कार्यक्रम है। जिसे विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और राष्ट्रीय नवाचार फाउंडेशन द्वारा क्रियान्वित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य 6वीं से 10वीं कक्षा के छात्रों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि पैदा करना और उन्हें अपने मूल विचारों और नवाचारों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। विद्यालय के प्राचार्या बीना राम ने बताया कि सोनाली कुमारी का चयन विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। यह इस अवार्ड का प्रथम चरण है। राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने के लिए सोनाली कुमारी को अपने आइडिया के मॉडल के साथ राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेना होगा।

## मन्मुख ऐजुकेशन संस्था दे रही निःशुल्क इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन का प्रशिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मन्मुख ऐजुकेशन संस्था के सी.ई.ओ. मनोज कुमार झा ने कहा कि कांके रोड में सीसीएल के सहयोग से इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन का रेसिडेंशियल कोर्स का मुफ्त में प्रशिक्षण सीसीएल एरियाके ईफेक्टेड लोगों के बच्चे को दिया जा रहा है। रहने और खाने की भी व्यवस्था के साथ।

आज रोहिणी मोहिनी हॉस्पिटल के डॉक्टर राकेश कुमार एवं श्रीमती मृदुला नगीना के द्वारा प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया गया। सीईओ ने फूलों का बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मन्मुख एजुकेशन संस्था के द्वारा यह आप लोगों के लिए अपॉर्चुनिटी उपलब्ध कराई गई है। इस प्रशिक्षण के बाद अपने-अपने एरिया में ग्रामीण लोगों के स्वास्थ्य को बनाने में सहयोग करें साथ ही अपने को रोजगार से जोड़ें।

उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण को अच्छे से करने पर आपको सरकारी और प्राइवेट हॉस्पिटल में भी नौकरी करने का अवसर मिलेगा। आप मेहनत करने के बाद एग्जाम में पास होंगे तो हॉस्पिटल के द्वारा आपको इंटरव्यू लिया जाएगा। जिसमें कि आप सेलेक्ट भी हो सकते हैं। इसीलिए आप लोग मेहनत करके अपने आप को प्रूफ करें और अच्छा करने की कोशिश करें। प्रोजेक्ट मैनेजर मनजीत कुमार झा के द्वारा कहा गया कि यहां आप लोगों के लिए सारी व्यवस्था की गई है जिससे कि आप लोगों को फायदा हो और आपको रोजगार से जुड़कर आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और अपने परिवार को चलाने में मदद मिलेगी। संस्था के सभी स्टाफ भी इस मौके पर मौजूद थे।

## अक्षय तृतीया एवं वेडिंग सीजन के शुभ अवसर पर टीबीजेड-द ओरिजिनल में शानदार ऑफर्स!

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** भारत की प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड टीबीजेड- द ओरिजिनल अपने ऐसी मार्केट, चर्च कॉम्प्लेक्स स्थित स्टोर पर अक्षय तृतीया और वेडिंग सीजन को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों के लिए खास ऑफर्स लेकर आया है। इस अवसर पर संस्थान के स्टोर मैनेजर ने बताया कि ग्राहकों को सोने के गहनों की मेकिंग चार्जेस पर फ्लैट 50% की छूट दी जा रही है। वहीं हीरे के गहनों पर कोई मेकिंग चार्ज नहीं लिया जाएगा।

सोने की बढ़ती कीमत को देखते हुये 111 रुपए प्रति ग्राम की अतिरिक्त छूट ग्राहकों को दी जाएगी। मासिक किस्त योजना (कल्पवृक्ष) शुरू करने पर ग्राहकों के लिए 20% तक की अतिरिक्त बोनस का लाभ दिया जाएगा।

स्टोर में इस वर्ष के विशेष अवसरों को ध्यान में रखते एक्सक्लूसिव गोल्ड, डायमंड और ब्राइडल कलेक्शन का विशाल रेंज पेश किया है। इस कलेक्शन में पारंपरिक शिल्पकला और आधुनिकता का खूबसूरत मेल देखने को मिलेगा।

ग्राहकों के लिए पारंपरिक से लेकर मॉडर्न डिजाइन में शुद्ध सोने के आभूषण स्टोर पर उपलब्ध हैं। साथ ही उत्कृष्ट कटिंग और फिनिशिंग में हीरो के आभूषण, जो हर मौके के लिए उपयुक्त हैं। खासतौर पर दुल्हन के लिए तैयार किया गया ब्राइडल स्पेशल कलेक्शन, जिसमें मांगटीका से लेकर हार, कंगन और अंगूठी तक सब कुछ मिलेगा एक ही छत के नीचे। टीबीजेड का यह कलेक्शन न केवल आपके खास दिन को और खास बनाएगा, बल्कि निवेश के लिहाज से भी एक बेहतरीन विकल्प साबित होगा।

मौके पर फ्रेंचाइजी ऑनर संजय राजगढ़िया, संचित राजगढ़िया, स्टोर मैनेजर अनिल कुमार उपस्थित रहे।

## वक्फ जमीन की लड़ाई नहीं बल्कि संविधान की रक्षा की लड़ाई है : मौलाना नैय्यर इकबाल

● 25 अप्रैल को मानव श्रृंखला बनाने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** हुसीर ईदगाह मैदान में कांके क्षेत्र और उसके आसपास के सदर, सेक्रेटरी, मदरसा, मस्जिद कमेटी की एक अहम बैठक सोमवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिला परिषद सदस्य एनुअल हक अंसारी ने की और संचालन मदरसा अशरफिया के नाजिम हजरत मौलाना नैय्यर इकबाल ने किया। बैठक में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के द्वारा गाइडलाइन पर चर्चा की गई। पर्सनल लॉ बोर्ड के गाइडलाइन के तहत 25 अप्रैल को 2:00 बजे से 5:00 तक नेवरी गोल चक्कर से लेकर मदरा मुंडा रिंग रोड तक मानव श्रृंखला बनाकर विरोध करने का निर्णय लिया गया। 30 अप्रैल को रात्रि 9 बजे ब्लैक आउट करने का निर्णय लिया गया। वहीं मौलाना नैय्यर इकबाल ने कहा कि यह जमीन बचाने की लड़ाई नहीं है बल्कि संविधान बचाने की लड़ाई है। मौके पर जाकिर अंसारी, ऐनुल हक अंसारी, मौलाना नैय्यर इकबाल, मौलाना साबिर, मौलाना अतहर इमाम, डॉक्टर अलीमुल्लाह, सुलेमान अंसारी, शकील अंसारी, इकराम उल हक, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद निसार, मोहम्मद इरफान, अशफाक खान,हयात अंसारी, जावेद अख्तर, रुस्तम अंसारी, मुजीब, जाबिर, वसीम अकरम, रफीक, हकीमुद्दीन, इम्तियाज, मेराज अंसारी कांके क्षेत्र के सभी अंजुमन, मदरसा, मस्जिद कमेटी के लोग शामिल थे।

### एक देश एक चुनाव विषय पर सेमिनार में पहुंचे छात्र

# मजबूत लोकतंत्र और विकसित भारत निर्माण के लिए चुनाव में सुधार जरूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** विकास विद्यालय में ज्ञानोदय द्वारा एक देश एक चुनाव विषय पर सोमवार को एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विकास विद्यालय के अलावे साईंनाथ यूनिवर्सिटी, विकास नर्सिंग होम सहित कई शिक्षण संस्थान के सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल हुए। उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, साईंनाथ यूनिवर्सिटी के वीसी एसपी अग्रवाल व वरिष्ट पत्रकार अनुज कुमार सिन्हा व प्राचार्य पीएस कारला संयुक्त रूप से किया। वहीं वक्ताओं ने एक देश एक चुनाव कानून का समर्थन किया। वहीं इसमें जो खामिया है उसपर स्वच्छ चर्चा व चुनाव सुधार करने की बात कही, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू कहा भारत में प्रत्येक वर्ष किसी-न-किसी राज्य में चुनाव होते हैं। इससे देश की जनता को होने वाली परेशान व देश को आर्थिक नुकसान से बचाना जरूरी है। पांच वर्ष में एकबार चुनाव होने से देष के सरकारी तंत्र भी परेशान नहीं होगें, वहीं चुनाव में होने वाले लाखों खर्च करोड़ रूपया से देश का विकास का काम आएगा। उन्होने ने कहा भारत सरकार का देशहित में लिए गए कोई भी निर्णयों का विरोध, विरोधी करते ही है। ऐसे लोग कश्मीर में धारा-370 हटाना व कोरोना वैक्सिन तक का विरोध कर चूके हैं। एक बार चुनाव होने से कई राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्र पहाड़ व जंगलों में जाकर चुनाव कराने वाले कर्मियों को परेशानी नही होगी। वहीं वरिष्ट पत्रकार अनुज कुमार उदाहरण देते हुए कहा बार-बार चुनाव करना देशहित में सही नहीं है। एक बार चुनाव होने से प्रत्येक वर्ष शिक्षकों को वोटर लिस्ट व कार्ड बनाना नही पड़ेगा। शिक्षा व सरकारी कार्य अवरूध नही होगें। जनता केंद्र व राज्य में सरकार चुनती है। पांच वर्ष तक सरकार कैसे चलेगी, इसके लिए चुनाव में सुधार जरूरी है। वहीं वीसी एसपी अग्रवाल ने देष में एक बार चुनाव कराने का समर्थन करते हुए इसके कई फायदे बताए, कहा बार-बार चुनाव से अन्य राज्य व विदेशों में नौकरी करने वालों को भी परेशानी होती है। वहीं एक बार चुनाव होने से जनता व देश का समय व पैसे की बचत होगी। जिससे भारत निर्माण में लगाया जा सकता है। कहा देश में आजादी के बाद से एक चुनाव होता था। बार-बार चुनाव कराने की समस्या 1962 से उत्पन्न हुई। एक चुनाव होने से सरकार अल्पमत पर आने पर सरकार कैसे कार्य करेगी, इसके लिए विशेषज्ञों से चर्चा करने की जरूरत है। यह एक देश का ज्वलंत मुंद्दा है। इसपर गंभीरता से चर्चा होनी चाहिए। इसमें विशेषज्ञ के साथ विभिन्न संस्था व जनता की स्वीकृति भी जरूरी होगी। वहीं पूर्ण बहुमत की सरकार देशहित में बड़े व कठोर निर्णय ले सकती हैं। देष पर विदेशी ताकत हावी नही होगें। वहीं सफल आयोजन के लिए विद्यालय के प्राचार्य पीएस कारला ने सभी वक्ताओं व उपस्थित लोगों को धन्यवाद किया, कहा सेमीनार में महत्वपूर्ण विंदूओं पर चर्चा हुई। यह समाज व देशहित में जरूरी है। वहीं कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता नरेंद्र कुमार ने किया। पूर्व विधायक जीतूचरण राम, रणधीर चौधरी, कमलेश राम, चन्नू महतो, रामलखन मेहता, राधाचरण सिंह, सोमा उरांव, संदीप उरांव, सूरजलाल महतो, उपस्थित थें।


सेमिनार का उद्धाटन करते अतिथि गण।



सेमिनार में बोलते राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू।

# उषामार्टिन फॉउंडेशन ने 88 किसानो को ड्रीप इरिगेशन से जोड़ा, लाखों की कर रहे हैं कमाई

**16 किसानों को स्ट्रोबेरी, 33 से अधिक किसानों को तरबूज, खरबूज, सूरजमुखी एवं अन्य नकदी फसल के लिए बीज मुहैया कराया गया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**अनगड़ा।** उषा मार्टिन फॉउंडेशन ने पृथ्वी की मृदा संरक्षण के लिए कई पहल किया है। ड्रीप इरिगेशन के माध्यम से भूमि को सिंचित बनाया है। कारखाना के इर्द गिर्द के गांवों के 90 एकड़ जमीन को अभी तक खेतीबारी के लिए तैयार किया गया है। इस पूरे अभियान को पिछले एक साल में पूरा किया गया है। यह अभियान भारत सरकार के लाइफ मिशन के तहत ऊर्जा एवं जल संरक्षण तथा भूमि की मृदा को बचान के अभियान के तहत चलाया गया है है। उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से पिछले एक साल से अनगड़ा एवं नामकोम में पहले चरण में 200 से अधिक किसानों के जमीन की मृदा जांच की गयी। इसके बाद 30 किसानों की जमीन को ड्रीप इरिगेशन के लिए चयनित किया गया। अभी तक 88 किसानों को ड्रीप इरिगेशन से जोड़ा जा चुका है। सरकारी सहयोग से इन किसानों के खेतों में ड्रीप इरिगेशन की पूरी सुविधा मुहैया करायी गयी, जिसके अनुदान की राशि कंपनी के द्वारा उपलब्ध करायी गयी । किसानों का प्रशिक्षण रामकृष्ण मिशन एवं अन्य संस्थाओं के सहयोग से गांव स्तर पर दिया गया। इस साल 16 किसानों को स्ट्रोबेरी, 33 से अधिक किसानों को तरबूज, खरबूज, सूरजमुखी एवं अन्य नकदी फसल के लिए बीज मुहैया कराया गया। इसके अलावा 16 गांवों के पांच सौ से अधिक किसानों को गरमा एवं शब्जी के बीज मुहैया कराया गया। महिलौंग के किसान भदया महतो बताते है कि उषा मार्टिन के सहयोग से वे केवल स्ट्रोबेरी से तीन लाख रुपया का लाभार्जन कर चुके हैं। इसी प्रकार मासु गांव के प्रेमनाथ महतो शब्जी एवं नकदी फसल से दो लाख से अधिक का मुनाफा कमाया है। उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से प्रगतिशील किसानों के खेत में सोलर लाइट की भी व्यवस्था की गयी है।


**झारखण्ड सरकार**
**झारखण्ड सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुगमीकरण परिषद**
**उद्योग निदेशालय, तृतीय तल, नेपाल हाउस, डोरण्डा, राँची- 834002**

**प्रेस विज्ञप्ति**

झारखण्ड सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुगमीकरण परिषद, रांची द्वारा दिनांक 04.04.2025 को सम्पन्न सुनवाई / बैठक में वाद संख्या– JHMSEFC – 58/24 [ Mr. Ramdeo Singh, Techno Expo, Flat No:- 121, Lohanchal Complex, Sector-12, Bokaro,827012 V/s International Steel Services Inc, Regd. Office, 79, Qutav View Apartment, JS Marg, New Delhi-110016 ] से संबंधित मामले में प्रतिवादी पक्ष को उपस्थित होने हेतु निदेश दिया गया था। किन्तु प्रतिवादी पक्ष उक्त तिथि की सुनवाई / बैठक में अनुपस्थित थे। यह भी उल्लेखनीय है कि झारखण्ड सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुगमीकरण परिषद, रांची के पत्रांक–2714 दिनांक– 20.12.2025 के क्रम में प्रतिवादी पक्ष द्वारा अबतक विशयगत वाद के संबंध में जवाब / आपत्ति परिषद को समर्पित नहीं किया गया है।

अतएव उक्त वाद में Conciliation Process के लिए झारखण्ड सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुगमीकरण परिषद रांची के समक्ष स्वयं / प्रतिनिधि के माध्यम से (10) दिनों के अंदर उपस्थिति दर्ज करने हेतु जनसाधारण के माध्यम से सूचना दी जाती है। इसे अंतिम सूचना के रूप में लिया जाए। अनुपस्थिति की स्थिति में MSME Council द्वारा एकतरफा निर्णय लिया जायेगा।

ह0 / –
निदेशक, उद्योग–सह–अध्यक्ष
झारखण्ड सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुगमीकरण परिषद

PR 350758 Industries (25-26)_D


# मालगाड़ी से कटकर रेलवे गेटमैन की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिपरवार।** बरकाकाना बरवाडीह रेलखंड के राय रेलवे स्टेशन चुनाभट्ठा रेलवे फाटक के पास रेलवे में गेटमैन के पद पर कार्यरत रेल कर्मी जानकी राय की सोमवार सुबह 6 बजे मालगाड़ी से कटकर मौत हो गई। इस संबंध में उक्त रेलवे फाटक में कार्यरत रेलवे गेटमैन शेख मोहम्मद युनुस बताया कि जानकी राय प्रतिदिन की भांति रात्रि पाली ड्यूटी के समापन से पुर्व राय रेलवे के पश्चिमी केबिन के समीप चुनाभट्ठा रेलवे फाटक के पास रेल लाईन मे मालगाड़ी लोड बैक करने के दौरान मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक रेल कर्मी की शिनाख्त जानकी राय उम्र 59 वर्ष ग्राम पहाड़पुर जिला गया बिहार निवासी के रूप में की गई है। इधर इस घटना की जानकारी मिलने के पश्चात जीआरपी और पतरातू आफपुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जूटी। इसके पश्चात रेलवे अधिकारियों ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम को लेकर बरकाकाना भेज दिया गया हैं।



# वज्रपात से युवक की मौत



**तमाड़।** थाना क्षेत्र के मल्हान भुइयाडीह पंचायत अंतर्गत सिंदवारडीह गांव मे आसमानी बिजली गिरने से एक यूवक की मौत हो गई। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार प्रदीप महतो घर के बगल मे बकरी चरा रहा था। तभी तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए प्रदीप महतो पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। जहाँ ठनका की चपेट मे आ गया। लोग उसे इलाज के लिए तमाड़ हॉस्पिटल ले गए। वहीं डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के पश्चात घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

# सड़क हादसा में युवक गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़ा।** राजधानी होटल बेड़वारी गोन्दली पोखर के पास सोमवार को एक सड़क हादसा में मांडू केदला निवासी अभिषेक कुमार नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि अभिषेक कुमार ने एक खड़े ट्रेलर में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उनके गले में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की तत्परता से उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में रिम्स रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलते ही सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता जगरनाथ महतो, सिकन्दर अंसारी, सावन महतो, आतिश महतो, जलेश जुगनू, शिवलाल महतो, राजेश महतो और सोने करमाली ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए घायल को सीएचसी पहुंचाने में सहयोग किया। घटनास्थल पर 108 एम्बुलेंस की टीम भी तुरंत पहुंच गई और प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रिम्स राँची रेफर किया गया।




**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग**

**-:आम सूचना:-**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण / नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727 / रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण / नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण / नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा / आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

सरोज जैन (मृत)
- अशोक कुमार जैन (पति)
- दीपिका जैन (पुत्री)
- अभय कुमार जैन (पुत्र)
- रश्मि पाटनी (पुत्री)
- सुशील कुमार जैन (पुत्र)

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

PR 350695 District (25-26)_D


### झामुमो बमने पंचायत कमेटी का गठन

# अध्यक्ष उमा देवी एवं सचिव बबलू महतो



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** बमने पंचायत के डून्डू ग्राम में सोमवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड संयोजक मंडली की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संयोजक मंडली प्रमुख अनिल पासवान एवं संचालन संयोजक सह बमने पंचयात मुखिया शिवनाथ मुंडा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से बमने पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें पंचायत अध्यक्ष उमा देवी, उपाध्यक्ष सुमन्ती, सचिव बबलू महतो, कोषाध्यक्ष अनिता देवी, संगठन सचिव संतोष लोहरा, सहसचिव सुरेन्द्र महतो के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में सोनी देवी, सारिका देवी, सुकून देवी, सोनी कुमारी, अरविंद लोहरा, तारा देवी, फागु महतो, राजेन्द्र महतो, बिन्नी महतो, आशिष पहान, प्रेम महतो, खुशी महतो, रवी महतो सहित अन्य को शामिल किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से संयोजक प्रमुख अनिल पासवान के अलावा संयोजक मंडली सदस्य चितरंजन सिंह, राजकुमार गंझू, अजित चौहान, शिवनाथ मुंडा(मुखिया) सहित अन्य उपस्थित थे।

# चाइल्ड राइट्स एक्टिविस्ट मुन्नू शर्मा हुए सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में चाइल्ड राइट्स के ऊपर आयोजित दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस में खलारी के चाइल्ड राइट्स एक्टिविस्ट मुनु शर्मा को बाल अधिकार के क्षेत्र में कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान यूनाइटेड नेशन एसोसिएशन फॉर डेवलपमेंट-पीस यूएनडीपी न्यूयॉर्क, अमेरिका के एक्सक्युटिव डायरेक्टर डॉ डोमिनिक एफ डिक्सन के द्वारा चाइल्ड वेल्फेयर के लिए लगातार सक्रिय रूप में कार्य करने के लिए दिया गया। वहीं मध्य प्रदेश शासन के लोक स्वस्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश शासन की महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया के करकमलों द्वारा किया गया। चाइल्ड कन्जर्वेशन फाउंडेशन इंडिया के द्वारा बाल हित धारक 21 राज्यों के प्रतिनिधियों ने अपने अपने अनुभवों साझा किया। चाइल्ड कन्जर्वेशन फाउंडेशन इण्डिया के द्वारा 250 सफल वेबिनार के समापन पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। चाइल्ड कन्जर्वेशन देश भर में बालकों की देख रेख उनके अधिकारों कानून में दिए गए बच्चों के प्रति प्रवधानों को बेहतर रूप में कार्य करने के लिए सहायक के रूप में अलग अलग विषयों व क्षेत्रों के जरिये कार्य कर रही है। कार्यक्रम में नेशनल चाइल्ड प्रोटक्शन नई दिल्ली की मेंबर दिव्य गुप्ता, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता निपुण कुमार, मध्य प्रदेश स्टेट सर्विस टैक्स की सहायक कमिशनर रक्षा दुबे स्पीकर्स के रूप में मौजूद थे। वहीं चाइल्ड कन्जर्वेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा सचिव कृपाशंकर चौबे के द्वार इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।




## लापुंग के सरसा साई मंदिर का 32 वां स्थापना दिवस समारोह 23 व 24 अप्रैल को मनाया जाएगा

लापुंग। लापुंग प्रखंड स्थित साई मंदिर सरसा का दो दिवसीय स्थापना दिवस समारोह का आयोजन आगामी 23 एवं 24 अप्रैल को धुमधाम से किया जाएगा इस संबंध में जानकारी देते हुए साई मंदिर के मुख्य पुजारी विभीषण पाण्डेय और सचिव सत्येन्द्र भगत ने संयुक्त रूप से बताया कि 23 अप्रैल को प्रातः 5:15 बजे कांकड़ आरती, 9:00 बजे से कलश यात्रा प्रारंभ होगी, 11:00 बजे साईं बाबा का अभिषेक दूध, दही, मधु, गुड़ एवं जल से किया जाएगा वहीं दोपहर 12:00 बजे बाबा का मध्याह्न आरती होगी। इसके बाद दोपहर 1:00 बजे यज्ञ मंडप पूजन, नवग्रह पूजन एवं भोग वितरण होगा साथ ही शाम 4:00 बजे हवन व शाम को धूप आरती और रात्रि 10:00 बजे बाबा की सेज आरती होगी 24 अप्रैल 2025 को प्रातः 5:15 बजे कांकड़ आरती, यज्ञ मंडप पूजन व 11:00 बजे हवन के बाद विसर्जन किया जाएगा। यह जानकारी सत्येन्द्र भगत सचिव शिरडी साई ग्राम विकास केन्द्र सरसा लापुंग ने दी है।


**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**
**झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा**
**Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com**

**ईच्छा की अभिव्यक्ति 03 / 2025–26**
**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)**
**(Very Short Term Tender Notice)**

15वें वित्त आयोग द्वारा प्राप्त अनुदान राशि के माध्यम से क्रियान्वयन हेतु 15th FC Tied Grant स्वीकृत योजना अंतर्गत झुमरी तिलैया नगर परिषद् में Development of infrastructure for sanitation resource park (Material recovery facility, transfer station, green space etc) . हेतु मशीन, उपकरण एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति, निर्माण कार्य, अधिष्ठापन, हेतु Turnkey Basis पर इस क्षेत्र के अनुभवी निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठनों / अर्द्ध सरकारी संगठनों / निजी कम्पनी / संस्थानों / फर्म / उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक 02.05.2025 के 05:00 बजे अपराहन तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है। "ईच्छा की अभिव्यक्ति" तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड़ की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े पृथक सीलबंद लिफाफें में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी शर्त एवं दिशा निर्देश कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद् के सूचना पट्ट अथवा वेबसाईट https://udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बिड को प्रस्तावकों / प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक 03.05.2025 के 04:00 बजे अपराहन निविदा निस्तारण समिति के द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बिड के सफल प्रस्तावकों द्वारा परियोजना के क्रियान्वयन से संबंधित कार्य योजना का PPT (Power Point Presentation) प्रस्तुति के पश्चात वित्तीय बीड़ खोला जायेगा। Expression of Interest या परियोजना संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 9123430010 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्

PR 350712 (Urban Development)25-26*D


# फर्जी दस्तवेज से जमीन बेचना पड़ेगा महंगा

## आरोपी कार्रवायी से बचने गए न्यायलय आवेदन खरिज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के आनंदी में फर्जी दस्तावजे से जमीन खरिद बिक्री करने व अपनी बचाव में न्यायल जाने वालों को न्यायलय से भी राहत नही मिली है। बताया गया कि गांव के तुलसी साहू की खाता-2 प्लाट-2314 में 1.15 एकड़ जमीन को भू-माफिया द्वारा गलत दस्तावेज व जाली हस्ताक्षर के आधर पर खरिद-बिक्री की जा रही थी। जिसका लिखित षिकायत तुलसी साहू द्वारा ओरमांझी थाना में की गई थी। जिसमें बताया गया कि था कि उक्त जमीन की बिक्री करने वाले मुखिया का भी जाली हस्ताक्षर व मोहर का इस्तमाल किए थें। वहीं जिस अधार पर जमीन का रजिस्ट्री हुआ व वंसावली बनी, इसके लिए आरटीआई भी फाइल किया गया था। जिसमें अंचल कार्यालय द्वारा आवेदक के पक्ष में ही रिर्पोट दिया है। वहीं पुलिस की कार्रवायी से बचने के लिए जमीन खरिद बिक्री करने वाले न्यायलय में चले गए थें। बताया गया कि न्यायलय द्वारा भी आरोपियों के आवेदन को खारिज कर दिया गया है। जिसपर खुषी जताते हुए जमीन मालिक द्वारा बताया गया कि उक्त जमीन उसकी खतियानी जमीन है। पारिवारिक बटवारे में उसे मिली हैं। जिसपर अभी भी उसकी दखल कब्जा है। वहीं जिस व्यक्ति का वंषावली के आधार पर जमीन बिक्री (रजिस्ट्री) कराया गया है। वह नावलद है, और रजिस्ट्री में जो दस्तावेज दिए गए हैं। वह भी जाली होने के साथ उसमें कई खमिया है। अब आवेदक व स्वजनों द्वारा उम्मीद जताई जा रहा है कि आरोपियों पर कार्रवायी होने से दूसरे की जमीन को अपना बताकर बिक्री करने वालों अन्य भू-माफिया पर कानून का डर होगा। वहीं कई लोगों की जमीन लूटने से बच जाएगी।

# ताम्बुलि हितैषी समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार के दिन सुबह 10 बजे ताम्बुलि हितैषी समिति सिल्ली शाखा की एक आवश्यक बैठक अशोक कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सिल्ली अंबेडकर पार्क में हुई। बैठक में ताम्बुलि समाज के हित को लेकर आपसी विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सभी ने बंगाली नव वर्ष पोईला बैशाख की एक दूसरे को शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। उपस्थित लोगों के बीच समाज के उत्थान को लेकर बहुत सारी बिंदुओं को लेकर चचाएँ की गई। सदस्यों ने सुख-दुख में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर भी वातालाप किया एवं सभी ने एक दूसरे से आपस में सहयोग की भावना रखने की अपील की। इस बैठक में दिलीप दे, रामकुमार आश, सौरभ आश, देवाशीष दत्ता, नितेश चौधरी, विष्णु लाहा, सुब्रतो चौधरी, कलाचंद चौधरी, रिंकी चौधरी, विवेक लाहा, षष्ठी पदो लाहा समेत कई अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।




**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**

**आम सूचना**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 घटक–4 (BLC) आवास निर्माण हेतु नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र अंतर्गत नये आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। वैसे लाभुक जो पात्रता रखते है, आवेदन पत्र, वांछित दस्तावेज के साथ प्रज्ञा केन्द्र या अपने से ऑनलाईन QR Code/ Link के माध्यम से आवेदन कर सकते है, पूर्व में नगर पंचायत, लातेहार कार्यालय में जमा किये गये प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के आवेदन मान्य नहीं है। चुकि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 का शुभारंभ हो चुका है, जिसमें आवेदन सिर्फ ऑनलाईन ही लिये जा रहे हैं। अतः पुनः स्वयं अथवा प्रज्ञा केन्द्र में आवेदन आवश्यक रूप से कर लें, जिससे ससमय आप सभी योग्य लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 का लाभ मिल सकें।

**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत पात्रता एवं शर्ते :–**
- योजना के अंतर्गत आवेदक के परिवार में पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होगे।
- आवेदक या आवेदक के परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर भारत के किसी भी हिस्से में कोई पक्का आवास नहीं हो।
- पूर्व से संचालित केन्द्र / राज्य प्रायोजित आवासीय योजनाओं का लाभ लिए हुए लाभुक इस योजना के पात्र नहीं होगें।
- आवेदक आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के होंगे, जिनकी वार्षिक आय अधिकतम रू0 3 लाख रूपये से कम हो।
- आवेदक मिशन के विभिन्न घटकों में से केवल एक घटक का ही लाभ ले सकते हैं।

**आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक है :–**
- आवेदक / आवेदिका के आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति
- आवेदक / आवेदिका के बैंक आकाउंट हेतु पासबुक की छायाप्रति
- आवेदक / आवेदिका के आय प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति
- भारतवर्ष में कहीं भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ पत्र
- भू–स्वामित्व पत्र की छाया प्रति
- आवेदन हेतु आवेदक / आवेदिका का Active मोबाईल नम्बर जो आधार कार्ड से लिंक हो
- आवेदक / आवेदिका का दो पासपोर्ट आकार का फोटो एवं परिवार के सभी सदस्यों के साथ संयुक्त फोटोग्राफ (मकान सहित)

Link to apply/QR code

**नोटः– अधिक जानकारी के लिए कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार के प्रधानमंत्री आवास योजना कोषांग (PMAY cell) में सम्पर्क कर सकते है एवं कार्यालय द्वारा आवश्यकतानुसार अन्य कागजात की मांग की जा सकती है।**

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 350707 (Urban Development)25-26*D

खबर मन्त्र
रांची. मंगलवार.22 अप्रैल 2025



epaper.khabarmantra.net

# बदहाल जेल

इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025 कमोबेश इन्हीं स्थितियों का खुलासा करती है। वर्ष 2022 तक 4.36 लाख कैदियों के रहने हेतु बनायी गई जेलों में 5.73 लाख कैदी बंद थे। जो निर्धारित से 131 फीसदी अधिक है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक जेलों में कैदियों की संख्या 6.6 लाख तक पहुंच सकती है। जो निर्धारित 5.15 लाख की अनुमानित क्षमता से कहीं अधिक होगी। निस्संदेह, यह संकट अनुमान से कहीं अधिक गहरा है। निश्चित रूप से इसे कैदियों के मानवाधिकार का आपातकाल कहा जा सकता है। लेकिन संकट सिर्फ भीड़भाड़ का ही नहीं है। विडंबना देखिए कि पूरी जेल आबादी के लिये सिर्फ 25 मनोचिकित्सक ही हैं। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2012 के बाद कैदियों में मानसिक रोग दुगने आंके गए हैं। इनमें ज्यादातर वे कैदी हैं जो विचाराधीन हैं। जिनका अपराध तय नहीं हो पाया है। न्यायिक प्रक्रिया में विलंब की कीमत उन्हें चुकानी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर जेलों में चिकित्सा व्यवस्था का संकट भी उतना ही गहरा है। जेलों में चिकित्सा अधिकारियों के 43 फीसदी पद रिक्त पड़े हैं। यह व्यवस्थागत खामियों की ही तसवीर है कि देश की राजधानी में 206 कैदियों पर एक चिकित्सक नियुक्त है। यही वजह है कि उचित देखभाल के अभाव में जेलों में तमाम कैदी मानसिक व शारीरिक कष्ट झेल रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद इस गंभीर समस्या के समाधान के लिये गंभीर प्रयास नहीं हो रहे हैं। निश्चित रूप से कैदियों के हितों की अनदेखी कोई नई बात नहीं है। देश की शीर्ष अदालत अकसर दीर्घकालीन जेल नियोजन की आवश्यकता पर बल देती रही है। लेकिन शासन-प्रशासन की कार्यवाही या तो धीमी है या फिर इन समस्याओं के प्रति उदासीन रवैया दशार्या जाता है। जबकि कैदियों के मानवाधिकारों के मद्देनजर इस मामले में संवेदनशील रवैया अपनाया जाना चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-5-7-8

**वृष :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें। शुभांक-4-6-7

**मिथुन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कर्क :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-3-6-9

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अतः आलस्य का त्याग करें। शुभांक-4-6-8

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा। शुभांक-2-4-6

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-3-6-7

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-5-7

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-2-5-7

**मकर :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-3-6-8

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-6-8-9

**मीन :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# न्यायपालिका को 'सुपर संसद' के रूप में काम करने की इजाजत किसने दी?

**ऐसे** में देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की यह टिप्पणी वाजिब है कि न्यायपालिका द्वारा राष्ट्रपति के निर्णय लेने के लिए समयसीमा तय करने, और 'सुपर संसद' के रूप में काम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है, इसलिए उन्होंने इस विषय को लेकर महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं, जो उनके प्रबुद्ध होने का परिचायक है।

भारतीय लोकतंत्र में विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, खबरपालिका और समाजपालिका में पारस्परिक टकराव कोई नई बात नहीं है, लेकिन यह जनहित में होना और दिखाई देना चाहिए। लेकिन अब जिस तरह से अपनी नाकामियों और चरित्रहीनता को छिपाने के लिए ये लोग संवैधानिक नियमों का दुरूपयोग कर रहे हैं, वह किसी वैचारिक त्रासदी से कम नहीं है। देश के प्रबुद्ध लोगों को इन संवैधानिक कमियों को पहचानना चाहिए और उसपर अविलंब लीगल सर्जिकल स्ट्राइक करने का दबाव भारतीय संसद और सुप्रीम कोर्ट दोनों पर बनाना चाहिए।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि राष्ट्रीय संसाधनों के न्यायपूर्ण बंटवारे, विधि-व्यवस्था को बनाए रखने और उसे तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और सबको समान रूप से गुणवत्तापूर्ण जन सुविधाएं मुहैय्या करवाने में हमारी संसद और सर्वोच्च न्यायालय दोनों असफल साबित हुए हैं और इनके ऊलजलूल तर्कों से देश इस्लामिक चरमपंथियों के नापाक मंसूबों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ता हुआ प्रतीत हो रहा है! राष्ट्रपति शासन, आरक्षण विवाद, भाषा विवाद, धर्मनिरपेक्षता आदि सुलगते सवालों पर राष्ट्र का सही मार्गदर्शन करने में भी ये संस्थाएं विफल प्रतीत हो रही हैं। ऐसे में इनकी नकेल कसने के लिए भारतीय संविधान कभी कारगर साबित हो ही नहीं सकता, क्योंकि यह खुद साम्राज्यवादी मानसिकता वाले विरोधाभासों से भरा पड़ा है। ऐसे में देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की यह टिप्पणी वाजिब है कि न्यायपालिका द्वारा राष्ट्रपति के निर्णय लेने के लिए समयसीमा तय करने, और 'सुपर संसद' के रूप में काम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है, इसलिए उन्होंने इस विषय को लेकर महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं, जो उनके प्रबुद्ध होने का परिचायक है। देश के विश्वविद्यालयों और अन्य पेशेवर संगठनों को इन पर गौर फरमाते हुए आम राय कायम करने की जरूरत है। उन्होंने ठीक ही कहा है कि सुप्रीम कोर्ट लोकतांत्रिक ताकतों पर 'परमाणु मिसाइल' नहीं दाग सकता!



उपराष्ट्रपति धनखड़ ने आरोप लगाया है कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद-142 लोकतांत्रिक ताकतों के खिलाफ एक परमाणु मिसाइल बन गया है जो न्यायपालिका के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध है। बता दें कि संविधान का अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को अपने समक्ष किसी भी मामले में 'पूर्ण न्याय' सुनिश्चित करने के लिए आदेश जारी करने की शक्ति देता है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया है और कहा है कि, 'हमारे पास ऐसे जज हैं जो कानून बनाएंगे, जो कार्यपालिका के काम करेंगे और उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी, क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता है।'



- कमलेश पांडे

> उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 17 अप्रैल 2025 दिन गुरुवार को कहा कि हाल ही में जूडिशरी के एक फैसले में राष्ट्रपति को निर्देश दिये जाने की पनपी नई प्रवृत्ति पर ठीक ही सवाल किया कि हम किस दिशा में जा रहे है? हमने इस दिन के लिए लोकतंत्र की कभी उम्मीद नहीं की थी। राष्ट्रपति को समयबद्ध तरीके से निर्णय लेने के लिए कहा जाता है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 17 अप्रैल 2025 दिन गुरुवार को कहा कि हाल ही में जूडिशरी के एक फैसले में राष्ट्रपति को निर्देश दिये जाने की पनपी नई प्रवृत्ति पर ठीक ही सवाल किया कि हम किस दिशा में जा रहे है? हमने इस दिन के लिए लोकतंत्र की कभी उम्मीद नहीं की थी। राष्ट्रपति को समयबद्ध तरीके से निर्णय लेने के लिए कहा जाता है। धनखड़ ने यह टिप्पणी राज्यसभा के ट्रेनीज को संबोधित करते हुए की। उन्होंने ठीक ही कहा कि हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते जहां आप भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें। उन्होंने कहा कि यह निर्देश किस आधार पर दिए जा रहे हैं? संविधान के तहत आपके पास एकमात्र अधिकार अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करना है। उन्होंने शक्तियों के पृथक्करण पर कहा कि जब सरकार जनता द्वारा चुनी जाती है, तो सरकार संसद के प्रति तथा चुनावों में जनता के प्रति जवाबदेह होती है। उन्होंने कहा कि समय आ गया है जब विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका फले-फूलें।

किसी एक के द्वारा दूसरे के क्षेत्र में हस्तक्षेप चुनौती पैदा करता है, जो अच्छी बात नहीं है।उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से बड़े पैमाने पर नकदी की बरामदगी से जुड़े मामले में एफआईआर दर्ज न किए जाने पर सवाल उठाया है। उन्होंने ठीक ही कहा कि अगर यह घटना आम आदमी के घर पर हुई होती, तो मामले में रॉकेट की रफ्तार से एफआईआर दर्ज की जाती। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिल्ली हाइकोर्ट के एक जज के घर मिले कथित कैश की ओर इशारा करते हुए उस पर लीपापोती की नाजायज प्रवृत्ति पर भी सवाल उठाए। धनखड़ ने दो टूक शब्दों में कहा कि हाई कोर्ट के एक जज के घर से मिले कैश से जुड़े मामले में एफआईआर न होना आमलोगों के सवालों के घेरे में है। इसलिए सवाल उठाया कि क्या 'कानून से परे एक श्रेणी' को अभियोजन से छूट है। उन्होंने ठीक ही कहा कि जूडिशरी की स्वतंत्र जांच या पूछताछ के खिलाफ किसी तरह का 'सुरक्षा कवच' नहीं है। एक पत्रकार के रूप मेरी भी व्यक्तिगत राय है कि न्यायिक भ्रष्टाचार की जांच के लिए न्यायिक पुलिस और पत्रकारिता के भ्रष्टाचार की जांच के लिए मीडिया पुलिस का अविलंब गठन किया जाए। प्रशासनिक व्यवस्था के किसी भी क्षेत्र को स्वनियमन बनाने और लागू करने की छूट नहीं दी जाए।

इसलिए यहां पर सवाल उठता है कि आखिर न्यायपालिका को 'सुपर संसद' के रूप में काम करने की इजाजत किसने दी? मेरा स्पष्ट मानना है कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से लेकर मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राप्त भारी जनसमर्थन का रणनीतिक दुरूपयोग किया, जिससे न्यायपालिका को विधायिका को दुरुस्त करने का मौका मिल गया, जो अनुचित नहीं है। किसी भी राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, राज्यपाल, उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री आदि को वोट बैंक के लिहाज से जनविरोधी या राष्ट्र विरोधी फैसले लिए जाने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। ऐसे में मजबूत व स्वतंत्र न्यायपालिका जरूरी है। लेकिन भ्रष्ट न्यायपालिका कतई नहीं! देश में फैला न्यायिक भ्रष्टाचार हमारी विधायिका की लगभग 8 दशकों की बड़ी लापरवाही है। वहीं, प्रशासनिक भ्रष्टाचार में भी विधायिका का परोक्ष रूप से हिस्सेदार बन जाने की प्रवृत्ति भी अस्वीकार्य है। सारे टकराव की वजह भी यही भ्रष्ट और अनैतिक आचरण है। मेरा स्पष्ट मानना है कि भारतीय संविधान से नौंवी अनुसूची को हटाकर उसमें शामिल किए गए सभी विषयों की न्यायिक समीक्षा होनी चाहिए, ताकि राजनीतिक मनमानी रूके। वहीं, भारतीय प्रशासन को भी जनहित के प्रति जिम्मेदार बनाए जाने की जरूरत है, अन्यथा उनकी लापरवाहियों के लिए स्पष्ट सजा व जुमार्ना का प्रावधान हो, ताकि वो पॉलिटिकल एजेंट की तरह काम करने से बाज आएं। कहना न होगा कि देश में जारी राजनीतिक व प्रशासनिक पक्षपात के चलते ही देश में न्यायपालिका को सब पर भारी पड़ने का मौका मिल गया। विभिन राज्यों में राष्ट्रपति शासन का दुरूपयोग, आरक्षण से जुड़े अभिजात्य वर्गों के हितों को अनैतिक संरक्षण, राष्ट्रपति दया याचिका का राजनीतिक प्रयोग तो महज बानगी हैं।

## लेटर टू एडिटर

### अनुशासन जरूरी

प्रयागराज महाकुंभ में देश-विदेश के लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। कुछ अप्रिय घटनाओं को छोड़कर यह महाकुंभ सफल रहा। प्रयागराज और दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्घटनाएं प्रशासन की चूक और अनुशासन की कमी के कारण हुईं। सरकार ने कुंभ में सफल संयोजन किया, लेकिन भविष्य में प्रशासन को और चुस्त होना पड़ेगा। लोगों को अनुशासन बनाए रखने, रेलवे स्टेशन पर ज्यादा टिकट न बेचने, और सामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने की जरूरत है। **रानी खूंटी**

### मिले-जुले का मेला

बड़े धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन को सफल बनाने में सरकारी व्यवस्था के साथ-साथ श्रद्धालुओं का अनुशासित व्यवहार भी आवश्यक है। आगंतुकों की संभावित संख्या का सटीक आकलन, कार्यशील मशीनरी की दक्षता, पर्याप्त बजट, कुशल निगरानी तंत्र और पार्किंग आदि के लिए समुचित स्थान होना चाहिए। **– रवि रांची**

## ट्वीट

**आदरणीय** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी मार्गदर्शन में संपन्न हुए एकता के महायज्ञ 'महाकुम्भ-2025, प्रयागराज' के स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक आयोजन ने 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत-सर्वसमावेशी भारत' के साथ ही 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का आत्मीय संदेश पूरी दुनिया को दिया है।'आस्था' आजीविका का माध्यम हो सकती है, 'संस्कृति' राष्ट्र की समृद्धि का कारक बन सकती है। महाकुम्भ-2025, प्रयागराज के आयोजन से जुड़े सभी लोगों का अभिनंदन और आदरणीय प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार!

**– योगी आदित्यनाथ**

# अब आया तकनीकी तिलिस्म से दर्शकों को लुभाने का दौर

सिनेमा

**हेमंत पाल**

**फिल्म निर्माण** की प्रक्रिया में समय के साथ बदलाव आता गया। शुरू में यह प्रक्रिया बेहद मुश्किल थी। फिल्म का हर पहलू चुनौती की तरह था। लेकिन, धीरे-धीरे इसमें तकनीकी संसाधनों का उपयोग बढ़ता गया व फिल्म बनाना आसान होने लगा। लेकिन, अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने यह प्रक्रिया और आसान बना दी। फिल्म की प्लानिंग से लेकर स्क्रिप्टिंग और शूटिंग की जगह ढूंढना भी मुश्किल नहीं रहा।

फिल्म निर्माण बेहद पेचीदा और श्रमसाध्य काम है। वास्तव में तो ये कोई काम नहीं, एक तरह का जुनून है। जिसे इसकी धुन लग जाती है, वह सब कुछ छोड़कर इसमें खो सा जाता है, यह जानते हुए कि फिल्म का भविष्य दर्शकों की पसंद पर टिका होता है। हिंदी फिल्मों के इतिहास में ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं, जब फिल्मकारों ने अपनी सारी प्रतिभा किसी एक फिल्म के लिए झोंक दी, फिर भी नतीजा मनमाफिक नहीं रहा। समय बीता और उसके साथ बहुत कुछ बदला। फिल्म निर्माण की तकनीक में भी सुधार आया। जो फिल्म देखने वाले को प्रभावित करे वही सफल फिल्म मानी जाती है। फिल्म इंडस्ट्री में राज कपूर और सुभाष घई जैसे बड़े शोमैन हुए, पर श्याम बेनेगल और महेश भट्ट को पसंद करने वाले भी कम नहीं हैं। क्योंकि, दर्शकों को बांधकर रखने की दक्षता उनमें भी रही।

इस बात से इंकार नहीं कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई ने फिल्म उद्योग को कई तरह से बदल दिया, वहां भी जहां इससे कुछ नया होने की उम्मीद नहीं की जा रही थी। फिल्म निर्माण प्रक्रिया का लगभग हर पहलू इस तकनीक से प्रभावित होने लगा। संपादन और रिकॉर्डिंग सॉफ्टवेयर, फॉर-के और 3-डी मूवी तकनीक, ड्रोन और एआई आधारित पटकथा लेखन टूल से भी फिल्म निर्माण प्रक्रिया पर असर पड़ा। इसके जरिए दृश्य तकनीक और फिल्म देखने के अनुभव, बेहतर ध्वनि प्रभाव, नए स्क्रीनिंग इंटरफेस, आधुनिक संपादन उपकरण पहले कभी न देखे गए अनुभव दशार्ते हैं। साफ शब्दों में कहें तो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल के बाद फिल्म उद्योग में नए प्रयोगों का द्वार खुल गया। फिल्म निर्माण की दुनिया के लिए यह क्रांतिकारी कदम रहा। एआई में फिल्म निर्माण प्रक्रिया को हर तरह से व्यवस्थित किया, जिससे इस कारोबार को संचालन दक्षता बढ़ाने, श्रम लागत कम करने और अधिक कमाई करने में सक्षम बनाया जा सके।

**हिंदी फिल्मों को प्रभावशाली बनाया जाने लगा**

फिल्म निर्माण तकनीक में साल-दर-साल बदलाव आता रहा। तकनीक के साथ फिल्मकारों के अलावा दर्शकों की सोच भी बदली। लेकिन, हाल के बरसों में जो क्रांतिकारी बदलाव देखने में आया, वो है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का फिल्म निर्माण में उपयोग। फिल्म की कहानी के विस्तार से लेकर हर मामले में ह्यएआईह्ल का दखल बढ़ा है। फिल्मों और ह्यएआईह्ल का संयोजन एक नए युग की शुरूआत है। अब तो ह्यएआईह्ल की मदद से हिंदी फिल्में अधिक प्रभावी ढंग से बनाए जाने की कोशिश होने लगी। सबसे ज्यादा काम पटकथा लेखन जैसे मामले में होने लगा, जो कि फिल्म निर्माण की रीढ़ होता है। एआई से पटकथा लेखन को अधिक प्रभावी बनाने के साथ नई कहानियों के प्लाट भी गढ़े जाने लगे। इससे अंदाजा होने लगा कि पटकथा का ये आइडिया दर्शकों की पसंद पर खरा उतरेगा या नहीं! अब तो एआई की मदद से कैरेक्टर डेवलप करना भी आसान होने लगा। वास्तविक और आकर्षक कैरेक्टर को गढ़ने में भी ह्यएआईह्ल की मदद ली जाने लगी, जो कल्पनाशीलता से परे हैं। बाहुबली, रा-वन और कृष जैसी हिंदी फिल्मों में ऐसे कैरेक्टर्स दिखाई दिए, जिन्हें आसानी से गढ़ना और फिल्मांकन आसान नहीं है। जबकि, हॉलीवुड फिल्मों में ऐसे कैरेक्टरों की दशकों से भरमार है।

**स्क्रिप्ट का भविष्य जानना भी आसान**

एआई का उपयोग किसी फिल्म की स्क्रिप्ट का विश्लेषण करने के लिए भी किया जा सकता है, ताकि अनुमान लगाया जा सके कि फिल्म दर्शकों को पसंद आने के साथ और बॉक्स ऑफिस पर फायदेमंद होगी या नहीं। हालांकि, एल्गोरिदम भविष्यवाणियां सटीक साबित नहीं हो सकती। मसलन, वार्नर ब्रदर्स ने अपनी फिल्मों की सफलता और बॉक्स ऑफिस की भविष्यवाणी करने के लिए सिनेलिटिक एआई-आधारित प्लेटफार्म की तरफ रुख किया है। 20वीं सेंचुरी फॉक्स ने मर्लिन प्रणाली को एकीकृत किया, जो फिल्मों को विशेष शैलियों और दर्शकों से मिलाने के लिए एआई और मशीन लर्निंग का उपयोग करता है। साथ ही फिल्म के लिए आंकड़े उपलब्ध कराता है। स्क्रिप्ट बुक एक अन्य एआई-आधारित प्रणाली है, जो फिल्म को लेकर भविष्यवाणी करती है।

# जॉब के लिए डिप्लोमा फायदेमंद

करियर

**प्रशांत झा**

**जो विद्यार्थी** 12वीं के बाद 3-4 साल की डिग्री के बजाय कम समय में किसी स्किल में माहिर होकर नौकरी चाहते हैं तो उनके लिए डिप्लोमा करना बेहतर विकल्प है। कम लागत में पैरा-मेडिकल साइंसेज व तकनीकी फील्ड संबंधी कई अच्छे डिप्लोमा कोर्स हैं, जिनकी बदौलत नौकरी मिल जाती है।

डिप्लोमा उनके लिए बड़े सहारे के रूप में सामने आते रहे हैं जिनकी पढ़ने में रुचि कम हो या आर्थिक स्थितियों के चलते पढ़ नहीं सकते। सैकड़ों ऐसे डिप्लोमा हैं, जो 12वीं तक की पढ़ाई करने के बाद किये जा सकते हैं और वे मजबूत कैरियर की गारंटी देते हैं।

**डिप्लोमा की ताकत**

सिर्फ 12वीं तक पढ़ाई के बाद कई तरह के डिप्लोमा जॉब पाने के लिए कारगर हथियार बन सकते हैं। विशेषकर उन लोगों के लिए ये फिट बैठते हैं, जो कम उम्र में ही रोजगार पाना चाहते हैं या किसी एक फील्ड में माहिर बनना चाहते हैं, क्योंकि डिप्लोमा महज 6 महीने से लेकर 3 साल तक की अवधि तक के उपलब्ध हैं। इसलिए 12वीं के बाद 3 या 4 या इससे भी ज्यादा साल की डिग्री के बजाय कम से कम समय में किसी हुनर में माहिर होकर नौकरी चाहते हैं तो डिप्लोमा करना चाहिए। कम लागत से भी कई अच्छे डिप्लोमा कोर्स किये जा सकते हैं, जिनकी बदौलत नौकरी मिल जाती है। खासकर आईटीआई या पॉलीटेक्निक कोर्स बहुत कम फीस में हो जाते हैं और इनकी बदौलत नौकरी मिल जाती है।

**सरकारी नौकरियों हेतु मान्यता**

डिप्लोमा चूंकि जॉब ओरिएंटेड ट्रेनी कोर्स होते हैं या कहें डिप्लोमा में थ्योरी पढ़ाने से ज्यादा ट्रेनिंग पर जोर दिया जाता है, इसलिए ज्यादातर प्राइवेट कंपनियां डिग्रीधारकों की बजाय काम की ट्रेनिंग लेने वाले डिप्लोमाधारकों को चयन में वरीयता देती हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि डिप्लोमाधारी सिर्फ प्राइवेट सेक्टर में ही जॉब पाते हैं। डिप्लोमाधारक गवर्नमेंट की नौकरियों के लिए विशेष पसंद होते हैं। खासकर रेलवे, एसएससी, पीएसयू कंपनियों और सेना आदि के पदों में डिप्लोमाधारकों को चयन में वरीयता दी जाती है। कुछ टेक्निकल पदों पर केवल डिप्लोमाधारकों को ही रखा जाता है जैसे- जूनियर इंजीनियर और टेक्नीशियन के पद।

**बंद नहीं होते उच्च शिक्षा के द्वार**

अगर किसी मजबूरी से कैरियर की शुरूआत में आप लंबे समय की डिग्री हासिल करने में असमर्थ थे और इस तरह डिप्लोमा करके जॉब करने लगे, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आपके लिए उच्च शिक्षा के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो गये हैं। आप कभी भी जॉब से ब्रेक लेकर अपनी डिग्री की पढ़ाई पूरी कर सकते है। डिग्री करने में डिप्लोमा कोई बाधा नहीं बनेगा बल्कि ज्यादातर जगहों में सहारा बनेगा। मसलन पॉलिटेक्निक डिप्लोमा के बाद लेट्रल एंट्री से बीटेक में दाखिला लेना चाहते हैं, तो सीधे दूसरे साल में दाखिला मिलता है यानी आपको वरीयता दी जाती है और एक साल का ग्रेस भी।

**इन क्षेत्रों में है डिप्लोमा की मांग**


कई क्षेत्रों में डिग्री से ज्यादा डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स करने वालों की मांग है। मसलन पैरा-मेडिकल साइंसेज के क्षेत्र में कई डिप्लोमा कोर्स हैं जैसे- रेडियोलॉजी, डॉयलेसिस टेक्नीशियन और ओटी टेक्नीशियन। ये सारे डिप्लोमा सरकारी मेडिकल कॉलेज, निजी पैरा-मेडिकल संस्थान कराते हैं और यहां न सिर्फ नियमित डिग्री के मुकाबले डेढ़ से तीन साल तक कम समय लगता है बल्कि डिप्लोमा पाते ही 15 हजार से 30 हजार रुपये की फ्रेशर की नौकरियां आपका इंतजार करती मिलती हैं। यही हाल टेक्निकल डिप्लोमा का भी है। खास करके आईटीआई कोर्सेज जिसमें इलेक्ट्रीशियन, फिटर, प्लंबर, मैकेनिक, वेल्डर आदि शामिल हैं। यहां भी 15 से 25 हजार रुपये प्रतिमाह की नौकरी मिल जाती है।



ईसाई धर्मालंबी अपने पूर्वजों को याद करते हुए उनके प्रसन्नता के लिए हुए ईश्वर से कामना और प्रार्थना करते।

तस्वीरः अजय सानी

## कार्टून वर्ल्ड



# नशे की गिरफ्त में हजारीबाग के युवा

## खोते सपने, बुझती संभावनाएं

अभय कुमार सिंह




**हजारीबाग।** हजारीबाग के युवाओं के चेहरों पर पहले जहां भविष्य की चमक होती थी, अब वहां धुंध छाई है। किताबों की जगह अब उनके हाथों में ब्राउन शुगर, गांजा, नशीली गोलियां और शराब की बोतलें हैं। यह बदलता दृश्य केवल एक व्यक्तिगत संकट नहीं, बल्कि एक सामाजिक आपदा का संकेत है। ज़िले के ग्रामीण और शहरी इलाकों में नशे की लत एक महामारी की तरह फैल रही है।

सदर, विष्णुगढ़, बड़कागांव और चौपारण जैसे प्रखंडों से लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं जहां स्कूली और कॉलेज छात्र नशे की चंगुल में फंसते जा रहे हैं। गली-मोहल्लों में खुलेआम नशे की बिक्री हो रही है, और इसके पीछे स्थानीय ड्रग पेडुलर्स के साथ-साथ बाहरी तस्करों की भी भूमिका सामने आ रही है। पुलिस समय-समय पर कार्रवाई कर रही है, लेकिन नशे के सौदागर हर बार नए रास्ते खोज लेते हैं। जिले की तो बात छोड़िये गांवों में कई परिवार अपने बच्चों को इलाज के लिए बाहर भेजने को मजबूर हैं, परंतु सामाजिक शर्म और जागरूकता की कमी के कारण अधिकतर मामले दबा दिए जाते हैं। हजारीबाग कॉलेज के एक प्रोफेसर बताते हैं कि यह लत युवाओं की ऊर्जा और क्षमता को खत्म कर रही है। इसका असर शिक्षा, पारिवारिक जीवन और अपराध दरों में साफ दिख रहा है।

नव झारखण्ड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा मानते हैं कि इस लड़ाई की शुरुआत स्कूल स्तर से करनी होगी, शिक्षा, संवाद और जनजागरूकता के जरिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो एक पूरी नस्ल तबाह हो जायेगी।

पुलिस अधीक्षक भी इस मुद्दे पर कई बार बोल चुके हैं कि विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं और तस्करों को गिरफ्तार भी किया गया है। पर वे भी मानते हैं कि केवल कानून से यह जंग नहीं जीती जा सकती। अब समाज को जागना होगा, क्योंकि अगर आज हम चुप रहे, तो आने वाली पीढ़ियां इसकी कीमत अपनी जिंदगी से चुकाएंगी। शुरुआत स्थानीय पेडुलर्स को पकड़वा कर करनी होगी। अब भी वक्त है, संघर्ष आज का है, लेकिन दांव पर कल है।

### हथियाई जमीन, बदली तासीर

# कोठयाटांड़ में स्पंज फैक्ट्री के खिलाफ भड़का जनआक्रोश

- 'बेटियों की सुरक्षा के साथ समझौता नहीं होगा' जैसे नारों से गूंज उठा गांव, प्रशासन तक पहुंची आवाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग/ चरही।** कभी शांतिपूर्ण रहा ग्राम इन्दरा का कोठयाटांड़ टोला आज संघर्ष के मोड़ पर खड़ा है। चिंतपूर्णी स्पंज फैक्ट्री के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा चरम पर है। रविवार को गांव के सैकड़ों लोगों ने एकजुट होकर हजारीबाग उपायुक्त के नाम विरोध पत्र सौंपा और स्थानीय व्यक्ति रामचरण भुइयां समेत फैक्ट्री प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए। गांव वालों के अनुसार, जिस जमीन को कभी सामूहिक हित में दान किया गया था, उसे रामचरण भुइयां ने धोखे से फैक्ट्री को सौंप दिया। अब वहां बाहरी लोगों को बसाया जा रहा है, जिससे कोठयाटांड़ की सामाजिक बनावट बदल रही है। महिलाएं डरी-सहमी हैं, बेटियां स्कूल जाने में असहज महसूस कर रही हैं, और खेत-बाजार तक अकेले जाना अब जोखिम भरा लगता है। ग्रामीणों ने बताया कि फैक्ट्री का प्रदूषण पहले ही कृषि और स्वास्थ्य पर असर डाल रहा है। अब बाहरी लोगों की आवाजाही से सामाजिक समस्याएं भी पनपने लगी हैं। बुजुर्गों का कहना है कि गांव की सांस्कृतिक पहचान पर खतरा मंडरा रहा है। विरोध प्रदर्शन के दौरान बेटियों की सुरक्षा के साथ समझौता नहीं होगा जैसे नारे लगे। युवाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और उग्र होगा। पुलिस मौके पर पहुंची और शांति की अपील की। प्रशासन ने चुरचू अंचल अधिकारी के समक्ष मंगलवार को दोनों पक्षों को बुलाकर जांच का भरोसा दिलाया है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि यह सिर्फ जमीन की नहीं, बल्कि उनकी पहचान, संस्कृति और सुरक्षा की लड़ाई है जो अंतिम सांस तक जारी रहेगी।


## दूधपनीयां से निकलेगी महायज्ञ की कलशयात्रा

**बरही।** बरही प्रखंड के करियातपुर पंचायत अंतर्गत दूधपनीयां गांव में आयोजित श्री शिव शक्ति सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में है। महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। 22 अप्रैल को कलशयात्रा के साथ शुरूआत होगी, जो 30 अप्रैल को वेदी पूजन, महास्नान, प्राण प्रतिष्ठा पूर्णाहुति कन्या पूजन एवं भंडारा के साथ संपन्न होगा। 22 अप्रैल को भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी, जिसको लेकर कई अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। वहीं पूजा कमेटी के सदस्यों के अलावा ग्रामीण महायज्ञ को सफल बनाने में दिन-रात तैयारी में लगे हुए हैं।

## घरेलू विवाद में युवक ने खाया सल्फास, रेफर

**बरही।** चौपारण थाना क्षेत्र के हथिया गांव निवासी मुस्लिम अंसारी के 25 वर्षीय पुत्र मोहम्मद आरिफ ने घरेलू विवाद में सल्फास खा लिया। जिससे स्थिति गंभीर हो गयी। ग्रामीणों व परिजनों ने उसे गंभीर हालत में बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

# हजारीबाग झील में घंटों चला ड्रामा, युवक की दर्दनाक मौत



- भीड़ ने युवक को बचाने की बजाय मोबाइल निकाल रील्स बनानी शुरू कर दी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग झील परिसर सोमवार की सुबह एक दर्दनाक और हैरान कर देने वाले वाकये का गवाह बना। सुबह करीब तीन बजे से ही एक युवक झील परिसर में अकेले हंगामा करता नजर आया। धीरे-धीरे उसने झील में खड़ी एक नाव पर कब्जा कर लिया और घंटों तक उसे चलाता रहा। इस अजीबोगरीब घटना को देखने के लिए सुबह होते-होते लोगों की भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने युवक को बचाने की बजाय मोबाइल निकाल रील्स बनानी शुरू कर दी। हालांकि जैसे ही कोई उसकी मदद करने की कोशिश करता वो नाव से झील में छलांग लगाने की धमकी दे देता, जिसके कारण लोग उसकी मदद नहीं कर सके। नतीजा यह हुआ कि जब तक कोई कुछ समझ पाता, तब तक युवक की डूबकर मौत हो गयी। मृतक की पहचान 32 वर्षीय आलेख गौरव उर्फ मुन्ना गुप्ता, पिता स्व. महादेव गुप्ता के रूप में हुई है, जो कोर्रा बाबूगांव का रहने वाला था और एम के स्टेशनरी नाम की दुकान चलाता था। घटना की सूचना के बाद सदर सीओ मयंक भूषण घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। युवक के शव को निकालने के लिए एनडीआरएफ की टीम की मदद ली जा रही है।

इधर स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले एक महीने से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। परिवार के लोग भी उसकी हालत को लेकर चिंतित थे, लेकिन शायद किसी ने अंदाजा नहीं लगाया था कि हालात इस कदर बिगड़ सकते हैं। यह घटना न सिर्फ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति हमारी लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि यह भी सवाल खड़े करती है कि जब कोई इंसान मदद की गुहार नहीं भी लगाता, तब भी क्या हमें मूकदर्शक बने रहना चाहिए? सोशल मीडिया की रील्स बनती रही, लेकिन एक जान चली गई, शायद हमेशा के लिए एक सीख छोड़ गई। खबर लिखे जाने तक एनडीआरएफ की टीम नहीं पहुंची थी और संभावना ये है कि शव आज नहीं कल ही निकाला जा सकेगा।

## राधा गोविंद विवि ऑडोटोरियम में पुस्तक विमोचन समारोह आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ झारखंड के ऑडोटोरियम हॉल में सोमवार को पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, विशिष्ट अतिथि चतरा सांसद कालीचरण सिंह, पूर्व सांसद हजारीबाग लोकसभा प्रो (डॉ) यदुनाथ पांडेय, समाजसेवी तिलक राज मंगलम, विश्वविद्यालय की सचिव प्रियंका कुमारी, कुलाधिपति की धर्मपत्नी फूलमती देवी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, प्रमुख शिक्षाविद्, बुद्धिजीवी वर्ग एवं समाजसेवी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलाधिपति बीएन साह ने की। सभी मुख्य एवं गणमान्य अतिथियों के कर कमलों द्वारा डॉ संजय कुमार की लिखित पुस्तक का विमोचन हुआ। जिसके बाद पुस्तक पर चर्चा-परिचर्चा की गयी।

कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार के स्वागत भाषण से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने कहा कि डॉ संजय प्रसाद सिंह द्वारा लिखित संस्कृति- संस्कार के सुपथ पुस्तक समाज को नई दिशा -दशा प्रदान करेगा। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह पुस्तक न केवल ज्ञानवर्धक है, बल्कि हमें सोचने के लिए प्रेरित करती है। मौके पर विजय जायसवाल, दिलीप सिंह, प्रवीण मेहता, सीपी संतन, प्रो आलोक कुमार, मनोज मंडल, कमल बगड़िया, संजय प्रभाकर, रंजन सिंह, अनुपमा सिंह, कृति गौरव, रवीन्द्र शर्मा, पंकज सिंह, अमरेंद्र गुप्ता, राजेंद्र कुशवाहा, विवि के सभी कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बंद अवैध कोयला खदान से आग और धुआं निकलने से दहशत

- लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही आग पर काबू नहीं पाया गया तो पूरा इलाका हो सकता है जमींदोज
- रामगढ़ डीसी ने पहुंचकर अधिकारियों को आग पर काबू पाने के दिये निर्देश





खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** सोमवार को अहले सुबह रजरप्पा कोलियरी से सटे भुचुंगडीह स्थित बंद अवैध कोयला खदान (भैरवी नदी के समीप) के नीचे से अचानक तेज धुआं व भीषण आग निकलने लगी। इस आग की तीव्रता इतनी भीषण है कि पूरे इलाके के जमींदोज होने का खतरा पैदा हो गया है। बड़ी आबादी के गांव पर संकट मंडरा रहा है। माइंस में आग कैसे लगी। यह अब तक साफ नहीं हो सका है। इसी का मुआयना करने रजरप्पा जीएम कल्याणजी प्रसाद एवं चितरपुर सीओ दीपक मिंज पहुंचे हुए हैं। वे घटना स्थल पहुंचकर आग पर काबू पाने के लिए तत्पर दिखे। इस दौरान सीओ ने कहा कि घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी गई है। आग कैसी लगी है इसकी जांच पड़ताल की जा रही है। आपको बता दें कि बंद पड़े कोयला खदान में अचानक खदान के नीचे से तेज धुआं व आग निकलने लगी। धधक रही आग को देखकर स्थानीय लोग भयभीत हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व के बंद भूमिगत कोयला खदान को शुरू किया गया था। वह भी 6-7 वर्षों से अभी बंद है। सोमवार को अचानक खदान के नीचे से तेज धुआं व आग निकलने लगी। निकलते धुआं के कारण आसपास के लोग हैरान हो गए, साथ ही धुआं फैलने से लोग परेशान हो गए।

अनुमान लगाया जा रहा है कि आग से अब तक कई हजार टन कोयला राख हो चुका है। इस बावत ग्रामीण ठाकुर दास महतो, बशीर अंसारी एवं राजू कुमार ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस एवं जिला प्रशासन को दी। लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही आग पर काबू नहीं पाया गया तो पूरा इलाका जमींदोज हो सकता है। इधर, घटना की सूचना पाकर रामगढ़ डीसी चंदन कुमार सहित जिले के अन्य अधिकारी भुचुंगडीह पहुंचे। यहां पहुंचकर मौजूद अधिकारियों को आग पर काबू पाने के लिए कई दिशा निर्देश दिये।

## स्पीड न्यूज

### उपायुक्त के निर्देशानुसार फूड सेफ्टी ऑफिसर ने कई खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच अभियान चलाया

**हजारीबाग।** उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय एवं एसीएमओ डॉ शशि जायसवाल के निर्देशानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों में नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज सोमवार 21 अप्रैल को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के द्वारा मैसर्स अनुप कैंटीन, के.बी. महिला महाविद्यालय, मैसर्स होटल उपकार, मैसर्स कमांडो सिक्योरिटी फोर्स, सर्किट हाउस कैंटीन, मैसर्स वोल्वे कैफे एंड लाउंज और मैसर्स बीकानेर एक्सप्रेस के खाद्य पदार्थों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एफएसओ द्वारा शहरी क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने परिसर में साफ-सफाई, स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कोर्ट परिसर के पास विभिन्न फेरीवालों, खाद्य वेंडिंग प्रतिष्ठानों, सत्तू शरबत ठेलों आदि का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने भोजन और सत्तू तैयार करते समय साफ पानी का उपयोग करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने ढक्कन हुए कूड़ेदान का उपयोग करने का निर्देश दिया। स्ट्रीट फूड विक्रेता को ऑन स्पॉट फूड रजिस्ट्रेशन निर्गत करते हुए प्रमाण पत्र वितरण किया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा लगातार अभियान चला कर किसी भी प्रकार के मिलावट या खाद्य सुरक्षा से संबंधित अपराध को रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

### हजारीबाग में 11 से 15 मई तक राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट, 1000 से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल



**हजारीबाग।** हजारीबाग में 11 से 15 मई तक राष्ट्रीय स्तर का ऑल इंडिया चेस टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन द्वारा ऑल इंडिया चेस फेडरेशन एवं ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन की अनुमति से आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर से 1000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें 500 स्थानीय एवं 500 अन्य राज्यों से होंगे। आयोजन स्थल एंजल हाई स्कूल परिसर रहेगा, जबकि प्रतिभागियों के ठहरने की व्यवस्था पुलिस अकादमी में की गई है। वहां से रोजाना बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। टूर्नामेंट के निदेशक करण जायसवाल ने बताया कि यह आयोजन हजारीबाग के लिए ऐतिहासिक क्षण है, जिसमें 4.5 लाख की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। नौ राउंड की इस प्रतियोगिता के लिए तकनीकी व्यवस्था और निर्णायकों की टीम तैनात की जाएगी। रजिस्ट्रेशन शुल्क स्थानीय स्कूली बच्चों के लिए 1000 रुपये से शुरू होकर अन्य राज्यों के शीर्ष खिलाड़ियों के लिए 1500 रुपये तक रखा गया है। करण जायसवाल ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य हजारीबाग को शतरंज के राष्ट्रीय मानचित्र पर लाना है। संघ के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने इसे युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया, वहीं सचिव मनमीत अकेला ने आयोजन समिति की मेहनत को रेखांकित किया। लगभग 35-40 लाख की लागत से हो रहा यह आयोजन न केवल एक खेल प्रतियोगिता है, बल्कि हजारीबाग के युवाओं के लिए अवसरों के नये द्वार खोलने का मंच भी है।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान संगोष्ठी में कांग्रेस पर निशाना, भाजपा ने सौंपा ज्ञापन



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्मृति में अंबेडकर सम्मान संगोष्ठी का आयोजन भाजपा सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की, जबकि संचालन अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल वाल्मीकि ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव भोला सिंह, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश और हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल उपस्थित थे। अपने संबोधन में भोला सिंह ने कहा कि कांग्रेस शासन में बाबा साहब का सबसे ज्यादा अपमान हुआ। उन्हें भारत रत्न नहीं दिया गया और दो बार लोकसभा चुनाव हरवाया गया। दीपक प्रकाश ने कहा कि संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में अंबेडकर की प्रतिमा भाजपा सरकार में स्थापित हुई। वहीं, मनीष जायसवाल ने कांग्रेस पर संविधान के 86 संशोधनों का आरोप लगाते हुए कहा कि देश संविधान से चलता है, शरीयत से नहीं। झारखंड के मंत्री हफीजुल हसन के 'शरीयत से शासन' संबंधी बयान की निंदा करते हुए भाजपा ने जिला स्तर पर आक्रोश मार्च निकाला और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की। इस अवसर पर विधायक अमित यादव, उज्ज्वल कुमार दास समेत कई भाजपा नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी भाजपा जिला मंत्री जय नारायण प्रसाद ने दी।

### किसान के बेटे ने मचाया धमाल, बना जिला सांख्यिकी पदाधिकारी



**कटकमसांडी।** प्रखंड के उलांज गांव के किसान शंभुनाथ यादव के बेटे सुनील कुमार ने इतिहास रच दिया है। कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा 2024 में सुनील ने पहली ही कोशिश में ऑल इंडिया रैंक 301 हासिल कर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी के पद पर चयनित होकर गांव, प्रखंड और जिले का नाम रोशन किया है। देशभर से करीब 36.73 लाख उम्मीदवारों ने इस परीक्षा में हिस्सा लिया था। पूर्व में रेलवे में टेक्नीशियन-3डी के पद पर कार्यरत सुनील ने वहां दो साल सेवा देने के साथ-साथ अपनी तैयारी जारी रखी। ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े सुनील ने गांव के सरकारी स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की और फिर जवाहर नवोदय विद्यालय, सर्वोदय निकेतन कूजू तथा आनन्दा कॉलेज हजारीबाग से उच्च शिक्षा पूरी की। सुनील ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, भाइयों और शिक्षकों को दिया और कहा कि वह शुरू से ही समाजसेवा की भावना रखते थे, जिसे अब सांख्यिकी पदाधिकारी के रूप में साकार करेंगे। उनकी सफलता पर पूरे गांव में जश्न का माहौल है। सैकड़ों ग्रामीण और रिश्तेदार मिठाइयां लेकर बधाई देने उनके घर पहुंचे। सुनील की यह उपलब्धि गांव के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। गांव के कई शिक्षक, पुलिसकर्मी, सेना और सुरक्षा बलों के सदस्य पहले से सेवा में हैं, और अब यह गांव शिक्षा व प्रेरणा का नया केंद्र बनता जा रहा है।

### सेल रांची ने वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए वितरित किए सहायक यंत्र



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) रांची की ओर से सोमवार को रामगढ़ जिले के भुरकुंडा स्थित दोतल्ला पंचायत में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के बीच सहायक यंत्रों का वितरण किया गया। इस पहल के तहत व्हील चेयर, वॉकिंग स्टिक, स्टॉल कमोड, नी ब्रेस, फोल्डेबल वॉकर जैसे उपकरण वितरित किए गए। ये सभी यंत्र सेल रांची के सीएसआर फंड के अंतर्गत आर्टिफिशियल लिंब्स अलीमको मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन द्वारा निर्मित किए गए थे। इस कार्यक्रम में सेल की ओर से सीएसआर नोडल ऑफिसर राहुल श्रीवास्तव, सेल एम्पलाइज यूनियन के लक्ष्मण कुमार और शैलेन्द्र मंडल मौजूद रहे। वहीं अलीमको के प्रतिनिधि संजय मंडल और नीतीश कुमार ने उपकरणों को रांची से भुरकुंडा तक पहुंचाने की जिम्मेदारी संभाली। पंचायत स्तर पर आयोजन की अगुवाई दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी, प्रतिनिधि लव कुमार महतो और आंगनबाड़ी सेविकाओं ने की। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों को पंचायत भवन बुलाकर सेल द्वारा प्रदान किए गए सहायक उपकरणों का वितरण किया और उनका हौसला बढ़ाया। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने कहा कि यह पहल न केवल वरिष्ठ नागरिकों को सुविधा देने वाली रही, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को भी प्रकट करती है।

## एक नजर में

### वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ रामगढ़ में विरोध प्रदर्शन, डीसी को सौंपा ज्ञापन



**रामगढ़।** एदार-ए-शरिया रामगढ़ अंसारा बाद दुर्गी के बैनर तले सोमवार को वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ रामगढ़ में विरोध प्रदर्शन किया गया। 10 .00 बजे इसको लेकर एदार-ए-शरिया के लोग सिद्धू कान्हू मैदान में जमा हुए और 11.00 बजे वहां से शांतिपूर्ण तरीके से पैदल मार्च कर डीसी ऑफिस तक पहुंचे। वहां पहुंचकर राज्यपाल के नाम डीसी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में रियाज अंसारी, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शहजादा अनवर, मुकीम आलम, अब्दुल कुद्दूस, मुनौवर सैफी, नसीम अख्तर, इम्तियाज अंसारी, रुस्तम अंसारी, मोहम्मद नौशाद, शाहिद सिद्दीकी, हाजी रईस खान, मोहम्मद जाफर शामिल थे। जबकि विरोध प्रदर्शन में मौलाना अनवर हुसैन, मौलाना हबीब कारी, अताउल मुस्तफा, मौलाना वाजिद, मौलाना सिद्दीक उल कादरी, मौलाना सद्दाम कारी, मौलाना कमरुद्दीन कारी, बहरुल्लाह हाफीज, मौलाना अब्दुल मन्नान, कारी मुशताक, हाफीज़ वसीम, गुलाम मुस्तफा, हाजी अब्दुल रशीद, नसीर अहमद, आरिफ कुरैशी, मोहम्मद हसीब, मोहम्मद सफाकत, मोहम्मद इनामुल अंसारी, तनवीर मोहम्मद, सुल्तान मोहम्मद, अनवर मोहम्मद, परवेज मोहम्मद, आजाद मोहम्मद, इरफान मोहम्मद, अख्तर मोहम्मद ,साजिद मोहम्मद, सद्दाम गुलाम, जिलानी मोहम्मद, शमीम गुलाम कादिर, वजाहत अली, अब्दुल जब्बार, मोहम्मद फिरदौस, मोहम्मद तय्यब, शेर मोहम्मद, मोहम्मद इस्लाम, शमशेर अंसारी, गुलजार अंसारी आदि शामिल हुए।

### मुर्शिदाबाद में देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को पहुंचा है गहरा आघात : भाजपा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल कमेटी ने रीवर साईड बुधबाजार दोतल्ला पंचायत के गणमान्य लोगों के साथ बैठक की। बैठक में लोगों ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को गहरा आघात पहुंचाने पर चिंता व्यक्त की। कहा कि तथाकथित शांतिदूतों ने वक्फ बोर्ड बिल के विरोध की आड़ में संविधान की मर्यादा को तार तार करते हुए मानवता को शर्मसार किया जा रहा है। संविधान की दुहाई देने वाले महागठबंधन के लोगों ने मुर्शिदाबाद के हालत पर चुप्पी साध रखी है। पश्चिम बंगाल की सरकार भारत के संविधान को दरकिनार कर क्या शरिया कानून लागू करेगी। यहां से हिंदू धर्म के लोगों को चिन्हित कर पलायन करने को मजबूर किया जा रहा है। मुर्शिदाबाद की घटना अतिनिंदनीय है। पश्चिम बंगाल की पुलिस भी तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली ममता बनर्जी के तृणमूल कांग्रेस की सरकार के इशारे पर वोट बैंक की लालच में देशद्रोही मानसिकता वाले मौत के सौदागरों को संरक्षण देने का काम कर रही है। बैठक में लोगों ने भविष्य में ऐसी सरकारों को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। कहा कि राष्ट्रहित में तुष्टिकरण कोढ़ के समान है, भाजपा के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास को अपनाना ही श्रेयस्कर होगा और इसी से देश के विकास को गति मिलेगी। मौके पर मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा, एससी मोर्चा जिला प्रभारी जुगल नायक, राजेश गुप्ता, राजू मलहोत्रा, बिनु भगत, संजय रवि, नरेंद्र सिन्हा, रामचन्द्र यादव, विक्की नायक, गोपाल डे, भूषण दास, राजन सिन्हा, पंकज मंडल, रविन्द्र सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के हत्यारों को 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार करे पुलिस : प्रवीण सिंह



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** करणी सेना के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने सोमवार को भुरकुंडा में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में झारखंड क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय कुमार की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी है। जिससे करणी सेना में काफी आक्रोश व्याप्त है। झारखंड पुलिस विनय कुमार के हत्यारों को 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार करे। अन्यथा करणी सेना उग्र आन्दोलन करेगी। उन्होंने कहा कि विनय कुमार की हत्या नहीं यह हमारे समाज के स्वाभिमान और सम्मान की हत्या है। विनय कुमार की हत्या एक सुनियोजित तरीके से सोची समझी साजिश लगती है। झारखंड की हेमंत सरकार में अपराधी बिल्कुल बेलगाम हो गये हैं। राज्य में अपराधियों पर कोई अंकुश नहीं है। झारखंड सरकार में ना तो महिलाएं सुरक्षित हैं और ना ही आम व्यक्ति सुरक्षित हैं। रांची जैसे शहर में अनिल टाइगर जैसे व्यक्ति की दिनदहाड़े हत्या हो जाती है। झारखंड में झारखंड पुलिस और सरकार मिलकर सिर्फ चालान काटने और उगाही करने में व्यस्त हैं। यहां की जनता डर के साये में जीने को मजबूर है। प्रेस वार्ता में डाड़ी प्रखंड अध्यक्ष रवि सिंह राजपूत, विकास कुमार सोलंकी, शिवम सिंह, चुन्नू सिंह, शुभम सिंह, राहुल कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### गंगा नगर सतढेकिया श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू



**कुजू।** श्री श्री 1008 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ करमा ग्राम के गंगानगर सतढेकिया में सोमवार से भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया। इस दौरान नए परिधान में शामिल करीब 251 महिलाएं व नौ कन्याओं ने सिर पर कलश लेकर कलश यात्रा के लिए यज्ञस्थल से विदा हुए। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में मांडू विधायक तिवारी महतो शामिल हुए। जिनका समिति द्वारा अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। इधर कलशधारी देवी-देवताओं के जयघोष के साथ बुढाखाप के गांधोनिया स्थित भगवान महादेव के दरबार पहुंचे। यहां यज्ञाचार्य शुभम कृष्ण शास्त्री, पंडित महेन्द्र तिवारी, जनार्दन तिवारी, अशोक तिवारी ने यजमान बने विजय ठाकुर, राजेश ठाकुर, कुलेश्वर ठाकुर, मुकेश ठाकुर, सुनील ठाकुर, सुरेश मुंडा, धानेश्वर महतो, कौलेश्वर महतो, भुनेश्वर ठाकुर सपत्नीक को विधिवत पूजा अर्चना कराया. पूजन उपरांत सभी कलशधारी जल भरकर यज्ञ मंडप पहुंचे। जहां सभी कलश को स्थापित किया। वहीं मंडप प्रवेश के साथ कई अनुष्ठान को संपन्न कराया गया। जबकि रात्रि में प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विदुषी अंजनी गोस्वामी द्वारा कई कथाओं का रसपान कराया गया। कलश यात्रा में संरक्षक में जिप सदस्य तापेश्वर महतो, मुखिया खागेश्वर महतो, पूर्व मुखिया शक्ति कुमार महतो, झामुमो नेता मोहरलाल महतो, रामेश्वर महतो, कामेश्वर प्रसाद वर्मा, शंकर प्रसाद गुप्ता, चितरंजन महतो, कार्तिक महतो, चितन ठाकुर, गोविंद मुंडा, मुंगेश्वर महतो, हीरालाल महतो, मथुरा सोनी, हेमलाल महतो, डोमन ठाकुर, प्रेमचंद मुंडा, अशोक प्रसाद गुप्ता, पूरन महतो, विकाश महतो, शूकर महतो, प्रकाश महतो, मनोज मुंडा, बिट्ठू महतो समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

### विभिन्न समस्याओं को लेकर मांडू सीओ से मिले सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी



**कुजू।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर रामगढ़ नगर परिषद के सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी ने मांडू अंचल अधिकारी से उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। वही रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के मनुआ कब्रिस्तान के बगल के तालाब का भू- माफियाओं के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। तालाब को अतिक्रमण होने से रोका जाए। जिसे लेकर ग्रामीणों ने इसकी लिखित शिकायत हजारीबाग सांसद, रामगढ़ उपायुक्त, एसपी, रामगढ़ सीओ, मांडू थाना प्रभारी को हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया है। वही राजस्व कर्मचारियों के द्वारा समय पर दाखिल खारिज, जाति आवासीय, आय, रामगढ़ नगर परिषद में चल रहे प्रधानमंत्री आवास का भूमि जांच प्रतिवेदन प्रमाण पत्र ऑनलाइन खतियान पंजी टू रसीद निर्गत करने की मांग की है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी, गौतम राम, विजय गिरी देवेंद्र गिरी, सुरेश कुमार, रोहित कुमार, प्रदीप गिरी आदि शामिल थे।

### घरेलू विवाद में वृद्ध ने खाया सल्फास, मौत

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के बेला गांव के एक वृद्ध व्यक्ति ने घरेलू विवाद के कारण सल्फास की गोली खा ली। सूचना मिलने पर परिजनों ने उसे इलाज के लिए बरही अनुमंडल अस्पताल लाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार छोटू महतो 65 वर्षीय पिता जागो महतो ने 20 अप्रैल की रात्रि 8 बजे घरेलू विवाद के कारण सल्फास की गोली खा ली, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए बरही अनुमंडल अस्पताल लाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि मृतक के घर पर पोता व पोती का शादी समारोह चल रहा था, जो मातम में बदल गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# किस सीमा तक उपभोग सराहनीय है?

फ्रांसीसी विचारक विचारक ज्यां बोद्रियो ने आधुनिक उपभोक्तावाद की मीमांसा करते हुए कहा है कि पहले वस्तु आती है तो वह सुख देने वाली लगती है। अंत में वह दु:ख देकर चली जाती है। पहले वह भली लगती है, किन्तु अंत में बुरी साबित होती है। आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को दूर करने के लिये उपभोक्ता जागृति जरूरी है। आज का उपभोक्तावादी दृष्टिकोण एक प्रकार का सम्मोहन बन गया है, हिस्टीरिया की बीमारी बन गया है। सम्मोहन करने वाला जैसा नचायेगा, उपभोक्ता वैसा ही नाचेगा, फिर उपभोक्ता संरक्षण कैसे संभव होगी? यह तभी संभव है जब हमारा उपभोग के प्रति सम्यक दृष्टिकोण होगा।

**ललित गर्ग**



**उपभोक्ता** में उत्पादकता और गुणवत्ता संबंधित जागरूकता को बढ़ाने, जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, अधिक दाम, कम नाप-तौल इत्यादि संकटों से उपभोक्ता को मुक्ति दिलाने एवं उपभोक्ता संरक्षण कानूनों के बारे में लोगों को जानकारी देकर उपभोक्ता के हितों की रक्षा आवश्यक है। उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने के लिए इसी दिन 24 दिसंबर, 1986 को भारत सरकार ने ऐतिहासिक उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-1986 लागू किया गया था। इसके बाद इस अधिनियम में 1991 तथा 1993 में संशोधन किए गए। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम को अधिकाधिक कार्यरत और प्रयोजनपूर्ण बनाने के लिए दिसंबर 2002 में एक व्यापक संशोधन लाया गया और 15 मार्च 2003 से लागू किया गया। यह दिन भारतीय ग्राहक आन्दोलन के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। भारत में यह दिवस पहली बार वर्ष 2000 में मनाया गया और आगे भी प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है।

उपभोक्ता संरक्षण कानून से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य यह है की किसी भी शासकीय पक्ष ने इस विधेयक को तैयार नहीं किया बल्कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने प्रथमतः इस विधेयक का मसौदा तैयार किया। हम में से हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अनुसार कोई व्यक्ति जो अपने उपयोग के लिये सामान खरीदता है, वह उपभोक्ता है। उपभोक्ता क्योंकि संगठित नहीं हैं इसलिए हर जगह ठगा जाता है। इसलिए उपभोक्ता को जागना होगा और खुद को इन संकटों से बचाना होगा। बहुत कम उपभोक्ता जानते होंगे कि उनके क्या अधिकार हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस इसलिये मनाया जाता है ताकि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके और इसके साथ ही अगर वह धोकाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली आदि का शिकार होते हैं तो वह इसकी शिकायत कर सकें। इस कानून में जीवन एवं संपत्ति के लिए हानिकारक सामान और सेवाओं की बिक्री के खिलाफ सुरक्षा का अधिकार दिया गया है, खरीदी गई वस्तु की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, स्तर और मूल्य, जैसा भी मामला हो के बारे में जानकारी का अधिकार एवं इसके लिए आवाज उठाने का अधिकार है। उपभोक्ता दिवस मनाते हुए हम केवल उपभोक्ता अधिकारों की ही बात नहीं करते बल्कि उपभोक्ता की उन्नत एवं सम्यक सोच को भी विकसित करते हैं। अमेरिकी लेखक और मोटिवेशनल स्पीकर ब्रिएना विएस्ट ने कहा भी है कि जब निजी स्तर पर हमारा दर्शन सिर्फ यही रह जाए कि हम बिना कोई प्रश्न पूछे वही करने लगें, जो हमें कहा जाए, तो इसका अर्थ है कि हम उपभोक्तावाद या अपने अहं या किसी के प्रति अंध श्रद्धा का शिकार हो रहे हैं या किसी ऐसे की इच्छा का पोषण कर रहे हैं, जो हमें नियंत्रित करना चाहता है। आज की बाजार शक्तियों इसी तरह उपभोक्ताओं का शोषण करती है। इन्हीं उपभोक्तावादी एवं बाजार शक्तियों के कारण जीवन में सुख का अभिप्राय केवल भोग और उपभोग को माना जाने लगा हैं। ऐसे में झूठी शानो-शौकत के दिखावे के चक्कर में उपभोक्ता अविवेकशील होकर अनावश्यक चीजों को भी थैले में भरकर घर ला रहा है। बाजार एवं उपभोक्तावादी संस्कृति के इस काले जादू के आगे उपभोक्ता बेबस एवं लाचार खड़ा हैं। जिसके कारण वस्तुओं की गुणवत्ता के स्तर में गिरावट आ रही हैं। कोई भी चीज मिलावटरहित मिलना अब संभव नहीं है। न चाहते हुए भी उपभोक्ता लूट का शिकार बन रहा है।

# गंभीर चिंता का विषय है चपरासी के लिए उच्च डिग्रीधारियों के आवेदन

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**अब** इसके लिए शिक्षा व्यवस्था को ही दोष दिया जाए, बढ़ती बेरोजगारी या फिर सरकारी नौकरी का मोह माना जाये। राजस्थान के सरकारी दफ्तरों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पदों में भर्ती के लिए आवेदन मांगे गये। 20 अप्रेल तक 23 लाख 65 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। मजे की बात यह है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 53,749 पदों के लिए आवेदन के लिए निर्धारित योग्यता दसवीं पास होना है, जबकि इस दसवीं पास के पद के लिए आवेदन करने वालों में बड़ी संख्या में पीएचडी, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट ही नहीं तकनीकी शिक्षा प्राप्त बीटेक और बीएड जैसी योग्यताधारी शामिल हैं। इसका मतलब यह हुआ कि आईएएस, आईपीएस, प्रोफेसर, शिक्षक या प्रदेशों की सिविल सर्विस व अन्य इसी तरह के उच्च पदों की योग्यता को पूरी करने वाले युवक भी चपरासी की नौकरी के लिए आवेदन करने में किसी तरह का संकोच नहीं कर रहे। यह हालात हमारी संपूर्ण व्यवस्था को प्रश्नों के घेरों में खड़ा कर रही है।



सवाल है कि आखिर हमारी व्यवस्था जा कहां रही है। इससे यह भी साफ हो जाता है कि उच्च शिक्षा प्राप्त चयनित नहीं होते हैं तो सवाल यह उठेगा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले भी चपरासी की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सकें। वहीं किसी कारण से शिक्षा पूरी नहीं कर सकने वाले युवक दसवीं की परीक्षा ही पास कर सके हैं। चपरासी के पद के लिए योग्य हैं तो उच्च शिक्षितों, अनुभवियों के सामने उनके लिए तो चयन की संभावना लगभग शून्य की समझी जानी चाहिए। यदि समान योग्यता वाले आवेदन इतनी बड़ी संख्या में होते तो एक अनार सौ बीमार वाली बात तो हो जाती। फिर सीधा-सीधा यही कहा जाता कि रोजगार के अवसर कम हैं पर उच्च अध्ययन प्राप्त युवाओं के चपरासी के पद के लिए आवेदन करना हमारी केवल शिक्षा व्यवस्था ही नहीं अपितु पूरी व्यवस्था पर ही सवाल खड़े कर रहे हैं। आखिर ऐसा क्या कारण है कि युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी नहीं मिल पा रही।

इससे यह तो साफ हो जाता है कि कहीं ना कहीं पूरी व्यवस्था में ही दोष है। एक और तो सातवें वेतन आयोग के बाद से युवाओं में सरकारी नौकरी का मोह बढ़ा है। फिर रही सही कसर हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था ने पूरी कर दी है। जब चुनावों में मुख्य मुद्दा रोजगार को लेकर उठाया जाता है। चुनावों में रोजगार या यों कहें कि बेरोजगारी एक प्रमुख मुद्दा होना चाहिए, इससे नकारा नहीं जा सकता है पर केवल सरकारी नौकरी का ही चस्मा दिखाया जाता है तो परिणाम फिर इसी तरह के आते हैं। आजादी के बाद निजी क्षेत्र ने काफी विस्तार किया है। एक समय ऐसा भी रहा है कि जब युवाओं का क्रेज निजी क्षेत्र के प्रति रहता था। निजी क्षेत्र में वेतन-भत्तों के साथ ही सुविधाओं का भी विस्तार था। ऐसा नहीं है कि आज ऐसा नहीं है। आज भी निजी क्षेत्र की अनेकों संस्थाओं में अच्छा पैकेज और सुविधाएं मिलती हैं। युवाओं को विदेश जाने तक के अवसर मिलते हैं। मेडीक्लेम व अन्य सुविधाएं भी आम है। हां परफोरमेंस और टारगेट की बात अवश्य होती है। सरकारी नौकरी के पीछे भागने का कारण एक तो सर्विस को लेकर किसी तरह का तनाव नहीं होना है। यों कहा जा सकता है कि सरकारी नौकरी में जॉब सिक्योरिटी के साथ ही सुविधाओं का अंबार और पेंशन सुविधा के साथ ही जिम्मेदारी का कहीं ना कहीं बोझ नहीं दिखाई देता है। सरकारी नौकरी में तो एक तरह का समझौता हो जाता है कि जो काम के प्रति निष्ठावान है, उसे काम से लाद दिया जाता है और जो काम के प्रति अधिक गंभीर नहीं होते हैं उन्हें कहने को तो नाकारा कह दिया जाता है।

दरअसल इतना कहने भर से उन्हें काम के बोझ की मुक्ति मिल जाती है। यह तस्वीर का एक पहलू है। दूसरा एक बार सरकारी नौकरी में प्रवेश हो गया तो कोई कहने वाला तो होगा नहीं, यदि ज्यादा दिक्कत भी आती हैं तो कहीं से भी सिफारिश कराकर अपना काम चला ही लेंगे। एक बार नौकरी में प्रवेश होने के बाद ओवरएज होने तक प्रतियोगी परीक्षा के नाम पर अप्रत्यक्ष रुप से लाभ उठाया जा सकता है। इससे दो तरह की समस्या उत्पन्न होती है। एक तो वास्तव में उस योग्यताधारी के सामने नौकरी की समस्या जस की तस रह जाती है जो उस पद की योग्यता ही पूरी कर पाता है। दूसरा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी या फिर शैक्षणिक योग्यता के अनुसार पद नहीं मिलने के कारण सहानुभूति में अन्य कार्य ले लिया जाता है, जिससे दोहरा नुकसान होता है । एक तो उस पद के योग्य लोगों को नुकसान होता है तो दूसरा मूल पर का काम तो बाधित ही रहता है, क्योंकि जिस पद पर चयन हुआ है वह काम तो करना ही नहीं है।

अभी कुछ समय पुरानी ही बात है। लगभग सभी जगह हालात यह है कि नगर निगमों में सफाई कर्मियों की भर्ती में अधिकांश उच्च शिक्षा प्राप्त होने या उच्च वर्ग से जुड़े होने के कारण चयनित होने के बाद उन्हें सफाई कर्मी का काम तो करना ही नहीं था और किया भी नहीं। उनकी सेवाएं आफिस में क्लर्की के रूप में ली जाने लगीं। इससे अधिकांश नगर निकायों की सफाई व्यवस्था तो प्रभावित हुई ही, साथ ही असली दावेदार तो बेरोजगार ही रह गए। रोजगार के नाम पर ऐसी भर्तियां हुईं जो बोझ बनकर रह गईं। यह वास्तविकता का एक पक्ष है। दूसरा पक्ष तो उच्च योग्यता होने के बाद भी उसके अनुसार नौकरी नहीं मिलना है। इसके लिए किसे दोष दिया जाए। सवाल यह उठता है कि बीटेक करने वाले युवक को इंजीनियरिंग का काम नहीं मिलता है तो फिर उसकी पढ़ाई का मतलब ही क्या है। सवाल यह भी है कि जिस तरह निजी क्षेत्र में नए-नए इंजीनियरिंग कॉलेज, एमबीए कालेज खोले गये और उनमें शिक्षकों की स्थिति, शैक्षणिक स्तर और गुणवत्ता पर ध्यान ही नहीं दिया गया तो केवल डिग्री से क्या होने वाला है।

समस्या इतनी साधारण नहीं है, जितनी इसे समझा जा रहा है। यह बढ़ती बेरोजगारी की समस्या नहीं, अपितु कहीं ना कहीं हमारी संपूर्ण व्यवस्था का ही दोष है। हालात का समग्रता के साथ विश्लेषण करना होगा, नहीं तो चपरासी हो या सफाई कर्मी। अपितु इनसे भी ज्यादा आवेदन आएंगे और भर्ती भी होगी, नौकरी पर भी आयेंगे, वास्तविक युवाओं के लिए रोजगार समस्या ही बना रहेगा। सरकारी खर्चा तो यों ही होता रहेगा पर जिस उद्देश्य से या जिस काम के लिए पदों को भरा जाना है, उसमें हालात नहीं बदलने वाले हैं। फिर यह कहना कि सफाईकर्मी है पर सफाई नहीं हो रही या चपरासी है पर चपरासी के काम करने वालों की कमी है तो हालात ऐसे ही रहने वाले हैं। यह समूची व्यवस्था के सामने चुनौती है और इसका समाधान खोजना ही होगा।

**- (लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# संविधान के अधिकार और हमारे वैवाहिक मूल्य

**अनूप भटनागर**

**कितना** अच्छा होता कि विभिन्न धर्मों के कानूनों में उचित सुधार करके समान रूप से संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों के लाभ दिलाने की दिशा में प्रयास होते। तलाक के लिये समान आधार का मुद्दा भी अप्रत्यक्ष रूप से समान नागरिक संहिता की आवश्यकता को आगे बढ़ाने वाला लगता है क्योंकि इसमें संविधान के अनुच्छेद 14, 15, और 21 के साथ ही 44 को शामिल किया गया है।

अनुच्छेद 44 समान नागरिक संहिता के बारे में ही है। अनुच्छेद 44 अनुसार, शासन भारत के समस्त राज्य क्षेत्र में नागरिकों के लिये एक समान सिविल संहिता प्राप्त करने का प्रयास करेगा। लेकिन यह अनुच्छेद आज तक संविधान की पुस्तक तक सिमटा हुआ है जबकि इस दिशा में कदम उठाने के बारे में कई बार उच्चतम न्यायालय अपनी राय व्यक्त कर चुका है।

न्यायालय में पहुंचे इस प्रकरण के अनुसार हिन्दू, बौद्ध, सिख और जैन समुदाय के सदस्यों को हिन्दू विवाह कानून, 1955 के तहत विवाह विच्छेद की प्रक्रिया अपनानी होती है जबकि मुस्लिम, ईसाई और पारसी समुदाय में विवाह विच्छेद के लिये उनके अपने पर्सनल कानून हैं। इसके अलावा, अंतर-आस्था वाले वैवाहिक जोड़ों को विशेष विवाह कानून, 1956 के तहत विवाह विच्छेद की प्रक्रिया का पालन करना होता है। तलाक के समान आधार के पक्ष में दलील दी जा रही है कि हिन्दू, ईसाई और पारसी समुदाय में व्यभिचार विवाह विच्छेद का आधार है जबकि मुस्लिम समुदाय के लिये ऐसा नहीं है। हिन्दू और ईसाई समुदाय में असाध्य कुष्ठ रोग तलाक का आधार है लेकिन पारसी समुदाय में ऐसा नहीं है जबकि हिन्दू और मुस्लिम समुदाय में नपुंसकता तलाक का आधार है परंतु ईसाई और पारसी समुदाय में ऐसा नहीं है। यह भी दलील दी गयी है कि हिन्दुओं में नाबालिग से विवाह तलाक का आधार है जबकि ईसाई, पारसी और मुस्लिम समुदाय में इस आधार पर तलाक का प्रावधान नहीं है। इसी से जुड़ा एक और सवाल है और वह है परस्पर सहमति से तलाक। परस्पर सहमति से तलाक का मसला ईसाई समुदाय के तलाक कानून के संदर्भ में न्यायालय में आया था। ईसाई समुदाय के डेढ़ सदी से ज्यादा पुराने भारतीय तलाक कानून की धारा 10-क (1) के तहत कम से कम दो साल अलग रहने के बाद ही इस समुदाय का कोई जोड़ा परस्पर सहमति से विवाह विच्छेद के लिये आवेदन कर सकता है। इसके विपरीत, विशेष विवाह कानून, 1954 की धारा 28, हिन्दू विवाह कानून, 1955 की धारा 13-बी और पारसी विवाह एवं तलाक कानून, 1936 के तहत परस्पर सहमति से तलाक के लिये पति-पत्नी को कम से कम एक साल अलग रहना होता है। इसी तरह, समान नागरिक संहिता की अप्रत्यक्ष रूप से



हिमायत करते हुए न्यायालय में एक अन्य याचिका दायर की गयी थी। इस याचिका में भरण पोषण और गुजारा भत्ता के संबंध में भी समान आधारों वाली ऐसी व्यवस्था बनाने का अनुरोध किया गया था जो लैंगिक और धार्मिक रूप में तटस्थ हो तथा अंतर्राष्ट्रीय संधियों के अनुरूप हो।

संविधान के प्रावधानों का हवाला देते हुए कुछ समुदायों के व्यक्तिगत कानूनों में प्रचलित प्रथाओं पर सवाल उठाये जा रहे हैं। इसमें बहुविवाह से लेकर तलाक होने की स्थिति में गुजारा भत्ता और भरण पोषण तथा बच्चों के उत्तराधिकार जैसे सवाल उठाये जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में सवाल उठता है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 के प्रावधानों के अनुरूप विभिन्न समुदायों से संबंधित व्यक्तिगत कानूनों में उचित सुधार करने का समय आ गया है तो इसके लिये संबंधित समुदायों या धर्म गुरुओं और प्रतिनिधियों को पहल करनी होगी। हालांकि, एक तबका इन सुधारों की हिमायत करते हुए उच्चतम न्यायालय द्वारा तीन तलाक की प्रथा को असंवैधानिक घोषित करने की व्यवस्था का हवाला देता है। इसी के आधार पर अब हिन्दू समाज में पहली पत्नी के रहते दूसरा विवाह अमान्य होने लेकिन मुस्लिम समुदाय में पहली पत्नी के बावजूद दूसरी शादी को मान्यता जैसी प्रथा पर भी न्यायालय में ही सवाल उठाया गया है।

वैसे न्यायालय ने कहा है कि वह यह विषय विधि आयोग के पास विचारार्थ भेज सकता है जिसे तीन महीने में अपने सुझाव देने होंगे लेकिन अभी तो देश में नया विधि आयोग गठित ही नहीं हुआ है। विधि आयोग का मत है कि विभिन्न समुदायों और धर्मों से संबंधित पर्सनल लॉ के साथ ही विशेष विवाह कानून और अभिभावक तथा आश्रित कानून आदि की खामियों को चरणबद्ध तरीके से दूर करके इन्हें संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों के अनुरूप बनाना अधिक बेहतर होगा। सरकार को विधि आयोग के इस सुझाव पर ठोस कदम उठाने चाहिए।

# गुणकारी है हरा प्याज



क्या आपने हरे प्याज की सब्जी कभी खाई है? अगर नहीं, तो हरे प्याज के यह कमाल के सेहत फायदे।

- हरा प्याज खाने से इम्यूनिटी पॉवर बढ़ता है। हरा प्याज चेहरे की झुर्रियों को दूर करता है। इसे खाने से आंखों की रोशनी बढ़ती है। हरा प्याज माइक्रो न्यूट्रिशन को बनाए रखता है।

- हरा प्याज खाने के कई फायदे हैं। हरे प्याज में क्रोमियम होता है। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम बनाए रखता है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं। एंटी-बैक्टीरियल गुण के कारण ही इसे खाने से पाचन में भी सुधार होता है।

- हिस्टीरिया का मरीज अगर बेहोश हो जाए तो उसे प्याज कूटकर सुंघाएं। इससे रोगी तुरंत होश में आ जाता है। हरे प्याज में एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटी-हिस्टामाइन गुण भी होते हैं इसीलिए यह गठिया और अस्थमा के रोगियों के लिए लाभदायक रहता है।

- पेशाब होना बंद हो जाए तो दो चम्मच प्याज का रस और गेहूं का आटा लेकर हलवा बना लें। हलवा गर्म करके पेट पर लेप लगाने से पेशाब आना शुरू हो जाता है। प्याज पानी में उबालकर वह पानी पीने से भी पेशाब संबंधी समस्याएं समाप्त हो जाती हैं।

- बाल गिरने की समस्या से निजात पाने के लिए प्याज बहुत ही असरदार है। बालों पर प्याज के रस की मालिश करने से बाल गिरना बंद हो जाते हैं। इसके अलावा, प्याज का लेप लगाने पर कम उम्र में सफेद हुए बाल फिर से काले होने

- सर्दी या जुकाम होने पर प्याज खाने से राहत मिलती है। गठिया में प्याज बहुत ही फायदेमंद होता है। सरसों का तेल व प्याज का रस मिलाकर मालिश करें, फायदा होगा। प्याज कई अन्य सामान्य शारीरिक

# क्या है ल्यूकोडमा, कैसे हो इसका ईलाज

**मिताली जैन**

**जानिए क्या है ल्यूकोडर्मा और कैसे करें इसका उपचार**

त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि ल्यूकोडर्मा का कोई स्थायी उपचार उपलब्ध नहीं है, लेकिन उपचार के जरिए प्रभावित एरिया पर अपीयरेंस में सुधार किया जाता है। इस बीमारी के उपचार के लिए लाइट थेरेपी, दवा और सर्जरी तीन प्रमुख विकल्प मौजूद हैं।

ल्यूकोडर्मा जिसे आमतौर पर विटिलगो के नाम से भी जाना जाता है। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें स्किन पिगमेंटेशन लॉस होने लगता है, जिससे त्वचा सफेद होने लगती है। त्वचा पर सफेद धब्बे को ल्यूकोडर्मा कहा जाता है। जब स्थित गिंभीर हो जाती है, तो धब्बे खोपड़ी, चेहरे और जननांगों सहित शरीर के लगभग सभी हिस्सों को कवर करते हैं। तो चलिए आज हम आपको ल्यूकोडर्मा के बारे में विस्तारपूर्वक बता रहे हैं?

**पहचानें लक्षण**

त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि ल्यूकोडर्मा का मुख्य संकेत व लक्षण स्किन पर मिल्की व्हाइट पैचेस होते हैं। इसके अलावा भी कुछ लक्षण नजर आते हैं?

बालों का समय से पहले सफेद होना

श्लेष्मा झिल्ली में कलर लॉस होना

**रेटिना के रंग में बदलाव**

हालांकि ल्यूकोडर्मा शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकता है, पिग्मेंटेशन आमतौर पर शरीर के सन एक्सपोजर एरिया पर होता है।



**जानिए कारण**

त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि ल्यूकोडर्मा का सटीक कारण अभी भी अज्ञात है। हालाँकि, यह वायरस के संक्रमण, पारिवारिक इतिहास, तनाव या किसी भी ऑटोइम्यून विकार के कारण हो सकता है।

**ल्यूकोडर्मा के प्रकार**

ल्यूकोडर्मा आमतौर पर दो प्रकार का होता है? सेगमेंटल और गैर ?सेगमेंटल।

**सेगमेंटल ल्यूकोडर्मा**

सेगमेंटल ल्यूकोडर्मा के लक्षण प्रारंभिक अवस्था में नजर आने लगते हैं, जो बॉडी के एक साइड व सेगमेंट में नजर आते हैं।

**गैर सेगमेंटल ल्यूकोडर्मा**

गैर सेगमेंटल ल्यूकोडर्मा डिस्कलरेशन के साथ शॉर्टलिव बर्स्ट होता है। यह बॉडी के दोनों साइड को इफेक्ट करता है।

**ल्यूकोडर्मा का उपचार**

त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि ल्यूकोडर्मा का कोई स्थायी उपचार उपलब्ध नहीं है, लेकिन उपचार के जरिए प्रभावित एरिया पर अपीयरेंस में सुधार किया जाता है। इस बीमारी के उपचार के लिए लाइट थेरेपी, दवा और सर्जरी तीन प्रमुख विकल्प मौजूद हैं।

**ल्यूकोडर्मा की रोकथाम**

त्वचा विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे कई तरीके हैं, जिनकी मदद से ल्यूकोडर्मा से बचाव संभव है। मसलन, केमिकल्स व सूरज के संपर्क में कम आना व तनाव से खुद को दूर रखकर ल्यूकोडर्मा से बचाव किया जा सकता है।

# संबधों में अहंकार से बढ़ जाता है विवाद

**रानी राज**

**लड़कियों** को इम्प्रेस करने के लिए लड़के कई तरह के हथकंडे अपनाते हैं। लड़कों के बारे में एक चीज बड़ी बदनाम हैं कि वे हमेशा लड़कियों के पीछे लार टपकाए घूमते रहते हैं। यदि कोई खुबसूरत लड़की प्यार से बात कर ले तो वे बहुत जल्दी पिघल जाते हैं। लेकिन लड़कियों की कुछ आदतें ऐसी होती हैं जिनसे वह जरूर चिढ़ते हैं। जो अक्सर लड़कों को परेशान कर देती हैं। आइये जाते हैं...

**धोखा:** कुछ लड़कियां ऐसी भी होती हैं जो बेहतर लड़का मिलने पर अपने बॉयफ्रेंड को छोड़ देती हैं। या किसी और मामले में अपने मतलब के लिए लड़कों को धोखा देने से परहेज नहीं करती हैं। लड़कों को धोखे से सबसे ज्यादा नफरत होती हैं। यदि किसी लड़की ने उन्हें धोखा दिया तो वो उनसे बातचीत भी नहीं करते हैं। उन्हें उस लड़की से नफरत सी हो जाती हैं।

**अकड़ू और रौबदार लड़कियां:** इस बात में कोई शकनहीं कि लड़कियां नखरे और एटीट्युड दिखाती हैं लड़के उस लड़की से दूर भागते हैं, जो प्रकृति के नखरे और नखरे दिखाती है। लड़कों को यह पसंद नहीं है कि कोई लड़की उन पर हावी हो रही है। जो लड़के खुद को अधिक ओवरस्मार्ट दिखाने की कोशिश करते हैं, वे भी उन्हें नापसंद करते हैं।

**मतलब से बात करना:** कुछ लड़कियां बड़ी मतलबी भी होती हैं। वे सिर्फ अपने मतलब के लिए लड़कों का इस्तेमाल करती हैं। उदाहरण के लिए अपने खर्चे निकालने के लिए ही कुछ लड़कियां बॉयफ्रेंड बना लेती हैं। वहीं कुछ काम पड़ने पर ही लड़कों को याद करती हैं। ऐसी मतलबी लड़की से लड़के बहुत चिढ़ते हैं। वे उनकी मदद करने में भी हिचकिचाने लगते हैं। कई बार उन्हें पूरी तरह इग्नोर भी करते हैं।



**हर बात पर रोने वाली लड़कियां:** लड़के ऐसी लड़कियों से दूर रहना पसंद करते हैं जो बहुत भावुक होती हैं। ऐसी लड़कियां छोटी-छोटी बातों पर भावुक हो जाती हैं और रोने लगती हैं। चाहे सुख हो या दुख, उन्हें बस रोने का मौका चाहिए। लड़कों को लगता है कि ऐसी लड़कियों के पास शिकायतों का एक बड़ा बंडल होता है, जो वे हमेशा अपने रोनी सूरत से बताती हैं। ऐसी लड़कियों से लड़के बहुत चिढ़ते हैं।

**बात बात में कमियां निकालना:** कुछ लड़कियों की आदत होती है कि वह अपने ब्वॉयफ्रेंड के मां बाप, रिश्तेदारो और दोस्तों में कुछ न कुछ कमियां निकाल देती हैं। जैसे किसी के कपड़ों को लेकर तो किसी के खाना खाने के तरीके को लेकर। मगर लड़कियों की यह आदत उन्हें इरिटेट कर देती हैं। सिर्फ आपके पार्टनर को नहीं, आपकी यह आदत आपके आस-पास ज्यादातर लोगों को पसंद नहीं आती है।

स्पीड न्यूज

## विनय सिंह के हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार करे पुलिस : बन्ना गुप्ता



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के पूर्व मं त्री बन्ना गुप्ता ने करनी सेना के प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह की नृसंस हत्या की कड़ी निंदा की है। उन्होंने यहां जारी बयान में कहा कि विनय जी की हत्या की जितनी भी निंदा की जाये उतना कम हैं। मैं जिला प्रशासन से मांग करता हूं कि हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करे। मैं सीएम से मिलकर जमशेदपुर में क्राइम कंट्रोल को लेकर बात करूंगा। जिला प्रशासन को चाहिए कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों को कड़ी सजा दिलाये।

## बन्ना गुप्ता के पीए माजिद को मातृशोक

**जमशेदपुर।** पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के पीए एवं न्यू रानीकूदर, कदमा निवासी माजिद अख्तर की माता फातमा खातून का सोमवार को इंतकाल हो गया। उनके पार्थिव शरीर को 22 अप्रैल की शाम 5.30 बजे धातकीडीह कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जायेगा। फातमा खातून अपने पीछे माजिद समेत चार पुत्र एवं एक पुत्री समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी हैं।

## टीएसफोर के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बने मनोज

**जमशेदपुर।** विगत 8 अप्रैल को गिरिडीह में बंगाल, बिहार और झारखंड की संयुक्त उपस्थिति में तेली साहू समाज संघर्ष समिति (टीएसफोर) का गठन किया गया था। सर्वसम्मति से सुनील साहू राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये थे। 19 अप्रैल को पहली बार संगठन का विस्तार करते हुए श्री साहू ने झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा की। चतरा के संजय स्नेही को झारखंड का प्रदेश अध्यक्ष और हजारीबाग के कुंज बिहारी साव, लातेहार जिला निवासी राजु रंजन प्रसाद , पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिला निवासी मनोज गुप्ता, बोकारो जिला निवासी जोधन नायक एवं गिरिडीह जिला निवासी भागवत साह को झारखण्ड का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया है।

## इसरो ने सरायकेला डीसी रविशंकर को दी बधाई

**जमशेदपुर।** औद्योगिक संगठन इंडस्ट्रियल स्टेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स आर्गेनाईजेशन (इसरो) ने सेराइकेला के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला को जिले में उत्कृष्ट कार्य हेतु स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रधानमंत्री अवार्ड मिलने पर हर्ष जाहिर किया है और जिला के समस्त सरकारी पदाधिकारियों को भी बधाई दी है। एक टीम वर्क के रूप में काम करते हुए इस अवार्ड तक उपायुक्त को पहुंचने में सभी पदाधिकारियों के सक्रिय योगदान का भी महत्त्व है।

## रेडक्रॉस ने ऑपरेशन के बाद रोगियों को दी विदाई



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय ने द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से बर्जर पेंट समूह की कंपनी एसटीपी लि. के सीएसआर कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित 768वां नेत्र शिविर के तीसरे दिन आज बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों की विदाई के साथ इस सत्र का नेत्र शिविर संपन्न हो गया। इससे पूर्व ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों के आंखों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच के पश्चात उन्हें आवश्यक दवा चश्मा के साथ ऑपरेशन कराये आंखों की देखभाल की जानकारी प्रदान किया गया। विदाई के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह के साथ कार्यकर्ता राकेश मिश्र, आशीष सिंह, अशोक कमार सिंह, अशोक कुमार घोषाल, हीरालाल मुख्य रूप से शिविर में उपस्थित थे।

# संस्थापक की दूरदर्शी सोच को नयी ऊंचाई दे रहा है श्रीलेदर्स परिवार : शेखर डे

- श्रीलेदर्स के संस्थापक सुरेश चन्द्र डे की 114वीं जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. सुरेश चन्द्र डे की 114वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को बिस्टुपुर स्थित श्रीलेदर्स शोरूम परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीलेदर्स परिवार समेत शहर के कई गणमान्य जनों ने भाग लिया।

श्रीलेदर्स के पार्टनर एवं स्व. सुरेश चन्द्र डे के सुपुत्र शेखर डे ने इस अवसर पर कहा कि '1952 में हमारे पिताजी ने साकची में जो सपना देखा था, वह आज एक मजबूत व्यवसायिक संरचना बन चुका है। श्रीलेदर्स आज केवल एक ब्रांड नहीं, बल्कि लाखों लोगों की आजीविका का साधन है। उन्होंने आगे कहा कि




एसएल के बिष्टुपुर शो रुम के बाहर संस्थापक की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित करते शेखर डे और ज्योत्सना डे।

संस्थापक की दूरदर्शी सोच के अनुरूप आज श्रीलेदर्स देशभर में अपने विस्तार के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण और सुलभ उत्पाद प्रदान करने में जुटा है।

कार्यक्रम की शुरुआत स्कूली छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भावनात्मक बना दिया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने संस्थापक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर श्री शेखर डे के साथ श्रीमती ज्योत्सना डे, श्री बरुण डे, श्रीमती मीरा शर्मा, श्रीमती प्रीतिलेखा रॉय, श्री भास्कर मित्रा, श्री सुरोजित चटर्जी, श्री पी. के. नंदी सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि श्रीलेदर्स का नेटवर्क वर्तमान में झारखंड, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों में फैला हुआ है। कंपनी अन्य राज्यों में भी अपने विस्तार की योजना पर कार्य कर रही है।

## साकची श्रीलेदर्स ने भी दी संस्थापक को श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** साकची बाजार स्थित श्रीलेदर्स में उनके परिवार द्वारा श्रीलेदर्स के संस्थापक एवं स्वतंत्रता सेनानी पूज्यनीय स्व सुरेश चन्द्र डे के जन्मदिन के अवसर पर पुष्पगुछ अर्पित कर उन्हें याद किया गया। उक्त अवसर पर श्रीलेदर्स साकची के स्व आशिष डे के परिवार के सदस्य उपस्थित थे। इसके साथ ही एक सफल स्वप्न द्रष्टा के दुरगामी योजनाओं को फलीभूत करने का प्रण भी दोहराया गया। उक्त अवसर पर स्व॰ श्री सुरेश चन्द्र डे द्वारा स्थापित मानवीय मूल्यों को अपने जीवन में अनुसरण का संकल्प लिया गया। देश के प्रति उनकी कुबार्नी और उनके सामाजिक दायित्वों को याद किया गया एवं उसे अक्षरसह पालन करने का संकल्प लिया गया।

# करणी सेना के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह के शव का हुआ पोस्टमार्टम, अंत्येष्टि आज

- बालीगुमा में सोमवार की देर रात मिला था विनय सिंह का शव
- आज पहुंचेंगे करणी सेना के कई राष्ट्रीय नेता, तब अंत्येष्टि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** श्री राजपूत करणी सेना के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सिंह की हत्या सोमवार को गोली मार कर दी गयी। उनका शव बालिगुमा के मिनी पंजाब होटल के बगल की गली में एक झाड़ीनुमा प्लॉट पर पाया गया जहां उनकी स्कूटी भी खड़ी थी। विनय सिंह के हाथ में एक पिस्टल भी पाया गया। दूसरी ओर, करणी सेना के भारी





विनय सिंह की फाइल फोटो और घटना स्थल पर यूं था विनय सिंह का शव।

दबाव के बीच प्रशासन ने आज एमजीएम मेडिकल कॉलेज में दंडाधिकारी की मौजूदगी में विडियाग्राफी के साथ विनय सिंह के शव का पोस्टमार्टम करवाया।

मंगलवार को रांची से फॉरेंसिक साइंस लैब एफएसएल की तीन सदस्यीय टीम पहुंची जिसने सबसे पहले पोस्टमार्टम हाउस जाकर शव की प्रारंभिक जांच की। इसके बाद घटना स्थल पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाने का काम किया। टीम ने घटना स्थल से खून के नमूने, फिंगरप्रिंट्स और तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए और वहां की तस्वीरें भी लीं। टीम को कुछ साक्ष्य भी मिले हैं।

विनय सिंह के समर्थकों को ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने भरोसा दिया है कि जल्द ही हत्याकांड का खुलासा कर दोषी तत्वों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

मानगो निवासी विनय सिंह टाइल्स शो रुम के मालिक भी थे। उनके परिवार में दो बेटे, माता-पिता हैं। विनय सिंह सोमवार को एक जमीन देखने की बात कह दोपहर 12 बजे घर से निकले थे किन्तु कुछ देर बाद उनका फोन स्विच ऑफ हो गया। रात्रि 10 बजे उनका शव बालीगुमा में पाया गया।

## एक नजर में

### टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन में एक सीट के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरू



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स की अधिकृत यूनियन टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के फाउंड्री डिवीजन में रिक्त हुए एक कमेटी मेंबर के सीट पर चुनाव की प्रक्रिया सोमवार को शुरू कर दी गई। निम्न कार्यक्रम के अनुसार 21 अप्रैल से चुनाव की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई। जो इस प्रकार है। 21 को चुनाव नियमावली , चुनाव क्षेत्र संख्या के वोटर लिस्ट का प्रकाशन तथा दावे , प्रतिदावे का आमंत्रण। 22 को चुनाव क्षेत्र संख्या के वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन एवं नामांकन पत्र का वितरण। 24 को नामांकन पत्र जमा करने की तिथि , नामांकन पत्र के सूची का प्रकाशन , नामांकन पत्र के जांच की तिथि व वैध उम्मीदवारों के नाम का प्रकाशन। 25 को नामांकन पत्र वापस लेने की तिथि तथा उम्मीदवारों के फाइनल लिस्ट का प्रकाशन। 26 को उम्मीदवारों के नामांकन पत्र के नमूने का प्रकाशन। 28 को मतदान, मतदान के पश्चात मतगणना तथा निर्वाचित सदस्य के नाम की घोषणा।

### बालिगुमा भीम नगर में धूमधाम से हुई सरहुल पूजा



**जमशेदपुर।** बालिगुमा सुखाना बस्ती और भीम नगर में आज सरहुल पूजा की गयी। मौके पर गांव के लाया शरत महतो ने गांव की सुख समृद्धि और शांति की कामना की। पूजा की शुरुआत सुबह साल वृक्ष के फूल (सलोई फुल) लाकर पूरे गाँव में घर-घर में बांटने से हुई। इसके बाद जाहेर थान में पूजा अर्चना कर मुर्गा और बकरे की बली दी गयी। सरहुल एक पारंपरिक त्योहार है, जो प्रकृति व जीवन की नव चेतना का प्रतीक है।

### सीआईएसएफ के अग्नि सुरक्षा सप्ताह का समापन



**जादूगोड़ा।** यूसिल की सुरक्षा में जुटी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की अग्नि शमन विभाग की ओर से (14-21 अप्रैल) तक आयोजित अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आज सोमवार को समापन हो गया। इधर इस मौके पर जादूगोड़ा मिल विभाग में कार्यक्रम आयोजित की गई व, फायर सेफ्टी से जुड़े प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सी आई एस एफ के डिप्टी कमांडेंट रॉकी पी एस ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। मौके पर अग्नि शमन विभाग के इंस्पेक्टर बलविंदर सिंह ने कहा कि आजादी से पहले 14 अप्रैल को 1944 मुंबई डाक यार्ड में अंग्रेजी सेना के साथ मिलकर दुश्मनों के खिलाफ लड़ाई के दौरान जहाज में रखे बारूद में विस्फोट हो गया। यूसिल में 1972 से अग्नि सुरक्षा सप्ताह मानने की परंपरा शुरू हुई। मौके पर यूसिल के तकनीकी निर्देशक मनोज कुमार, एस आई ब्रजेश कुमार आदि मौजूद थे।

### बैंक ऑफ बड़ौदा की बासुकीनाथ शाखा खुली



**जमशेदपुर।** सोमवार को बैंक ऑफ बड़ौदा, जमशेदपुर क्षेत्र की 68वीं शाखा बासुकीनाथ शाखा का उद्घाटन मनीष प्रकाश सिन्हा, बैंक ऑफ बड़ौदा जमशेदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख ने किया। कहा कि यह शाखा ग्राहकों को हर प्रकार की बैंकिंग सुविधाओं एवं सेवाएं देने के उद्देश्य से स्थापित की गयी है। यह दुमका जिला की दूसरी शाखा है। बैंक ने अभिषेक मिश्रा जी शाखा प्रबंधक नियुक्त किया है। इस उपलक्ष्य में शाखा परिसर के गृहपति शंकर कर्ण, बैंक ऑफ बड़ौदा दुमका शाखा के प्रमुख शुभाशीष धर अन्य कार्यपालक, स्टाफ सदस्य एवं ग्राहक थे।

### सुभाष मैदान, आमबगान में डिजनीलैंड मेला कल से



**जमशेदपुर।** भारत का मशहूर फन वर्ल्ड डिजनीलैंड हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी साकची स्थित आमबगान मैदान में 23 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहा है। उद्घाटन जमशेदपुर सिटी एसपी आईपीएस कुमार शिवाशिष करेंगे। मौके पर उप पुलिस अधीक्षक सिटी जेपीएस सुनील चौधरी, उप पुलिस अधिक्षक हेड क्वार्टर 1 भोला प्रसाद सिंह, पुलिस उपाधीक्षक यातायात जेपीएस नीरज, पुलिस उपाधीक्षक सीसीआर जेपीएस मनोज ठाकुर, साकची थाना के इंस्पेक्टर ऑफ पुलिस जेपीएस आनंद मिश्रा रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए फन वर्ल्ड के आयोजक चंद्रशेखर पर्वत ने बताया कि मेले का इस वर्ष मुख्य आकर्षण सुनामी झूला एवं रिवॉलविंग चेयर झुला एवं सिंगापुर एयरलाईंस जहाज का मुख्य द्वारा आकर्षण का केंद्र होगा। संवाददाता सम्मेलन में मेले के आयोजक चन्द्रशेखर पर्वत, शत्रुघन गिरी, एडवोकेट समरेंद्र सिंह एवं कौशल किशोर पर्वत उपस्थित थे।

### डॉ इरफान का कांग्रेसियों ने किया अभिनंदन



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी ने झारखंड सरकार के स्वास्थ्य सह खाद्य आपूर्ति विभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी का स्वागत समारोह कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष ने प्रोटोकॉल के तहत अंगवस्त्र, गांधी टोपी एवं बुके देकर स्वागत किया। स्वागत समारोह को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि गठबंधन सरकार में मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्री जनहित के कार्य कर आम जनता को मदद पहुंचा रहे हैं। मंत्री स्वास्थ्य विभाग में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप बलमुचू ने भी स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता आम जनता की समस्याओं का समाधान करने में अग्रसर रहे। मंत्री ने जिला कांग्रेस द्वारा स्वागत किये जाने पर आभार व्यक्त किया।

## मंत्री हफीजुल अंसारी के बयान पर भाजपा ने निकाला आक्रोश मार्च

- राज्यपाल से मंत्री को बर्खास्त करने की मांग का

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री और झामुमो नेता हफीजुल हसन अंसारी के शरीयत संविधान से ऊपर है वाले बयान ने झारखंड की राजनीति में उबाल ला दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने इस बयान को संविधान का घोर अपमान बताते हुए कड़ा विरोध किया है। इसी क्रम में, सोमवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में विराट आक्रोश मार्च निकाला गया, जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ नेताओं और महिलाओं ने भाग लिया। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में निकाली गई आक्रोश मार्च में सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक पूर्णिमा साहू, पूर्व प्रदेश



अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले सहित कई वरिष्ठ नेतागण मुख्यरूप से शामिल हुए। आक्रोश मार्च साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय से रवाना होकर जुबिली पार्क गोलचक्कर होते हुए उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में पार्टी ध्वज, संविधान के सम्मान में और मंत्री हफीजुल हसन के विरोध में लिखी तख्तियां को लेकर प्रदर्शन किया।

## आरंभ 2025 के साथ ऑनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन की नयी शुरुआत

**अर्का जैन विश्वविद्यालय**

- उच्च शिक्षा को लचीला, समावेशी और तकनीक संपन्न बनाने की दिशा में बड़ा कदम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** शहर के गम्हरिया स्थित अर्का जैन विश्वविद्यालय (एजेयू), जो झारखंड का प्रमुख निजी विश्वविद्यालय और नैक (नैक) द्वारा 'अ' ग्रेड से प्रमाणित है, ने अपने पहले ऑनलाइन शिक्षण और मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) सत्र की शुरूआत 'आरंभ 2025' नामक विशेष अभिमुखीकरण एवं प्रेरण कार्यक्रम के माध्यम से की।

यह पहल भारत में उच्च शिक्षा को अधिक समावेशी, लचीला और विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर मानी जा रही है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जो विश्वविद्यालय की ज्ञान, नवाचार और शिक्षा में रोशनी फैलाने की परंपरा का प्रतीक है। एजेयू का नया हाइब्रिड शिक्षण मॉडल ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग की पहुंच और ऑनलाइन लर्निंग की इंटरैक्टिव शक्तियों का संगम है, जो देशभर के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ शिक्षा प्रदान करने में सक्षम है। मुख्य अतिथि मेडिकेप्स यूनिवर्सिटी, इंदौर के प्रमुख व प्रोफेसर डॉ. कल्याण कुमार साहू ने ओपन और डिस्टेंस लर्निंग की वैश्विक स्तर पर बढ़ती उपयोगिता और इसके प्रभाव पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि तकनीक के माध्यम से भौगोलिक बाधाओं को पार कर किस तरह से शिक्षा को व्यापक बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण क्षण दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा केंद्र का औपचारिक व विधिवत उद्घाटन रहा।

# टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में बाघ और शेर के लिए अत्याधुनिक बाड़ों का उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने सोमवार को टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में बाघ और शेर के अत्याधुनिक बाड़ों का उद्घाटन किया। मौके पर टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क सोसाइटी के प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी मुख्य अतिथि थे। उन्होंने जू में शेरों के लिए बने नये, सुरक्षित और आधुनिक आवास को औपचारिक रूप से जनता को समर्पित किया।







बाघ और शेर के बाड़े का उद्घाटन करते टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी, अपने विशाल बाड़े में बने तालाब में स्नान करता बाघ और अपने नये बाड़े में आराम करता शेर।

श्री चौधरी ने कहा कि ये नये बाड़े टाटा स्टील जू की इस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं कि हम अपने जानवरों को सर्वोत्तम आवास देने और दर्शकों के अनुभव को और भी बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इन दोनों बाड़ों का निर्माण टीएसयू आईएसएल ने किया है, जिसमें कांच की खिड़कियों से देखने और खुले प्रकार के बाड़ों के साथ जानवरों की मुख्य प्रदर्शनी क्षेत्र शामिल है।

## एकता नगर वासियों को तीन साल बाद मिला सप्लाई वाटर

**जमशेदपुर।** मानगो, शंकोसाई रोड नंबर 5 स्थित एकता नगर, रोड नंबर 2 में पिछले 3 वर्षों से सप्लाई पानी नहीं आ रहा था। यहां के स्थानीय लोग इस समस्या से काफी परेशान थे। स्थानीय निवासियों ने इस समस्या की जानकारी विधायक सरयू राय को दी। श्री राय ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और मानगो नगर निगम के अधिकारियों से बात की एवं उन्हें निर्देशित किया कि इसका स्थायी समाधान किया जाए। विधायक के निर्देशानुसार विभाग ने जांच करवाई तो पाया गया कि मेन लाइन से एकता नगर रोड नंबर दो में जो सर्विस लाइन आई हुई है, उसका इंटर कनेक्शन छूटा हुआ था।

# आशियाना आदित्य, आदित्यपुर में मेजर के सत्यनारायण के नेतृत्व में बनी नयी कमेटी

- आशियाना आदित्य रेजिडेंट्स मेंटेनेंस सेल्फ सपोर्टिंग को-ऑपरेटिव सोसायटी लि. में हलचल
- अंतरिम कमेटी सोसायटी का रजिस्ट्रेशन करवा कर तीन माह में करायेगी चुनाव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आशियाना आदित्य परिवार, आदित्यपुर में आशियाना आदित्य रेजिडेंट्स मेंटेनेंस सेल्फ सपोर्टिंग को-ऑपरेटिव सोसायटी लि. की पुरानी अंतरिम कमेटी को भंग कर मेजर के.सत्यनारायण के नेतृत्व में नयी अंतरिम कमेटी का गठन कर दिया गया है जो निर्धारित अवधि में सोसायटी का रजिस्ट्रेशन



सोसायटी की नयी अंतरिम कमेटी के पदाधिकारीगण।

करवायेगी, और इसके तीन माह के उपरांत चुनाव करवा कर निर्वाचित कमेटी को अपना कार्यभार सौंप देगी। आमसभा में सोसायटी के नये बॉयलॉज को भी सर्वसम्मति से आत्मसात कर लिया गया। आशियाना आदित्या में कुल 450 फ्लैट हैं जिसमें से अभी 201 फ्लैट ऑनर्स को हैंडओवर किए जा चुके हैं। इनमें से 100 फ्लैट में ऑनर रह रहे हैं जबकि शेष 101 फ्लैट रेंट पर लगाये गए हैं।

गत 13 अप्रैल को हाउसिंग सोसायटी परिसर में एक महत्वपूर्ण आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें रेसिडेंट वेलफेयर सोसाइटी का गठन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने तथा सोसाइटी संचालन को अधिक व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से सर्वसम्मति से पूर्व कमिटी को भंग कर बायलॉ का अनुमोदन किया गया और एक अंतरिम कमिटी का गठन किया गया।

**मेजर के सत्यनारायण की अगुवाई वाली नयी अंतरिम कमेटी :** बायलॉज निर्माण और कानूनी प्रक्रिया का संपादन अधिवक्ता उमेश सिंह ने किया। कुल 140 फ्लैट मालिकों की उपस्थिति में हाथ उठाकर निर्विरोध मेजर के सत्यनारायण को अध्यक्ष, राजीव नंदन को उपाध्यक्ष, दीपेन सरकार को महासचिव, पीके सिंह एवं रेणु झा को सहायक सचिव, निकिता पेरीवाल को कोषाध्यक्ष और पुष्कर कुमार को उपकोषाध्यक्ष चुना गया। कुंदन कुमार को मीडिया प्रभारी और अधिवक्ता उमेश सिंह को सोसायटी संयोजक व संगठनकर्ता का दायित्व मिला है। सोसाईटी के कार्यकारी सदस्य सुप्रभा पति, सुनीता वर्मा, डॉ विजया महंती, पुष्पा सिंह, स्नेहा विश्वास, प्रीतम सिंह, अनुपम, नियति राय, नेहा सिंह, डॉ पूनम, डॉ सिकंदर प्रसाद और चाणक्य रिशु को शामिल किया गया। कार्य समिति में एक सीट अनुसूचित जाति और एक सीट अनूसूचित जनजाति के लिए रिजर्व है।




# बीसीसीआइ वार्षिक अनुबंध में रोहित, विराट, बुमराह और जडेजा ए-प्लस में बरकरार

## श्रेयस अय्यर, ईशान किशन की वापसी, वरुण चक्रवर्ती को पहली बार अनुबंध


एजेंसी

**मुंबई।** बीसीसीआइ ने साल 2024-2025 के लिए खिलाड़ियों के वार्षिक अनुबंध की सूची का एलान कर दिया है। इस लिस्ट में कुल 34 खिलाड़ी हैं। चार खिलाड़ियों को ए+ ग्रेड में रखा गया है। वहीं, छह खिलाड़ियों को ए ग्रेड में रखा गया है। पांच खिलाड़ी बी ग्रेड और 19 खिलाड़ी सी ग्रेड में हैं। नीतीश रेड्डी, हर्षित राणा, अभिषेक शर्मा और वरुण चक्रवर्ती को पहली बार बीसीसीआइ के केंद्रीय अनुबंध में जगह मिली है। इन सभी को ग्रेड-सी में रखा गया है। वहीं, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को फायदा हुआ है। वह ग्रेड-बी से ग्रेड- ए में प्रमोट किए गए हैं। इस केंद्रीय अनुबंध की सबसे बड़ी खबर ईशान किशन और श्रेयस अय्यर की इस सूची मे वापसी है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा को बीसीसीआइ के केंद्रीय अनुबंध की ए+ श्रेणी में बरकरार रखा गया।

**ए+ (सैलरी: 7 करोड़)**
रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा.

**ए (सैलरी: 5 करोड़)**
हार्दिक पांड्या, शुभमन गिल, ऋषभ पंत, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल.

**बी (सैलरी: 3 करोड़)**
सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव.



**सी (सैलरी: 1 करोड़)**
ईशान किशन, रिंकू सिंह, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, सरफराज खान, आकाश दीप, तिलक वर्मा, वॉशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा, नीतीश रेड्डी, वरुण चक्रवर्ती, ऋतुराज गायकवाड़, मुकेश कुमार, रजत पाटीदार, शिवम दुबे, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, अभिषेक शर्मा, हर्षित राणा.

### इशान-श्रेयस को पिछले साल किया गया था बाहर

इशान और श्रेयस को बीसीसीआइ से अनबन के बाद 2023-24 के केंद्रीय अनुबंध की सूची से बाहर होना पड़ा था। बीसीसीआइ के कहने के बावजूद ईशान और श्रेयस ने घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था। हालांकि, अब इन दोनों की वापसी हो गई है। ईशान को ग्रेड-सी और श्रेयस को ग्रेड-बी में रखा गया है। रोहित, विराट और जडेजा टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन इन्हें ग्रेड-ए+ में बरकरार रखा गया है। यानी ये तीनों आगे कुछ समय तक बीसीसीआइ के प्लान में होंगे। यह अनुबंध एक अक्तूबर 2024 से लेकर 30 सितंबर 2025 तक के लिए है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद अश्विन को इस सूची से बाहर कर दिया गया है।



### किसे कितनी सैलरी और किन्हें मिलता है अनुबंध?

बीसीसीआइ ए+ ग्रेड में शामिल खिलाड़ियों को सालाना सात करोड़ रुपये देता है, जबकि ए ग्रेड में शामिल खिलाड़ियों को पांच करोड़ और बी ग्रेड में शामिल खिलाड़ियों को तीन करोड़ और सी ग्रेड में शामिल खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपये देता है। बीसीसीआइ के केंद्रीय अनुबंध की सूची में उन्हीं खिलाड़ियों को जगह मिलती है जो एक साल के अंदर कम से कम तीन टेस्ट, आठ वनडे या 10 टी20 मैच जरूर खेले हों। वरुण चक्रवर्ती ने 18 अंतरराष्ट्रीय मैच (चार वनडे और 12 टी20) खेले हैं और ग्रेड सी के लिए क्वालिफाई किया है। इतने मैच खेल चुका खिलाड़ी अपने आप ग्रेड-सी में शामिल होने के लिए उपयुक्त होगा।

#### फायदा किसे नुकसान?

अश्विन लिस्ट से बाहर हो चुके हैं। इसके अलावा पंत को प्रमोशन मिला है। आवेश खान और शार्दुल ठाकुर पिछले एक साल में ज्यादा मैच नहीं खेल पाए और उन्हें लिस्ट से बाहर का रास्ता दिखाया गया है। इसके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा भी लिस्ट से बाहर हैं। संजू सैमसन के खेलने के बाद से जितेश को मौका नहीं मिला है। वहीं, टेस्ट में विकेटकीपिंग कर चुके केएस भरत को भी लिस्ट से बाहर किया गया है।

### बीसीसीआइ ने 5 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से किया बाहर

**रविचंद्रन अश्विन** — रविचंद्रन अश्विन ने दिसंबर 2024 में ब्रिसबेन के गाबा में आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के बाद संन्यास का ऐलान किया था। वे अब किसी भी फॉर्मेट में भारत के लिए नहीं खेल रहे हैं इसलिए उन्हें कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से हटा दिया गया है।

**शार्दुल ठाकुर** — शार्दुल ठाकुर ने आखिरी बार दिसंबर 2023 में भारत के लिए किसी भी फॉर्मेट में खेला था और तब से वे बाहर हैं। उनकी सर्जरी भी हुई थी और इसी कारण से उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया। यही कारण है कि उन्हें 2024-25 सत्र के लिए बीसीसीआइ ने केंद्रीय अनुबंध लिस्ट में शामिल नहीं किया है।

**आवेश खान** — आवेश खान को बीसीसीआइ कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर करना एक चौंकाने वाला फैसला है। वह काफी समय से भारत की टी20 टीम का हिस्सा हैं और 2022 में डेब्यू करने के बाद से अब तक 8 वनडे और 25 टी20 खेल चुके हैं। दुर्भाग्य से, इस धाकड़ तेज गेंदबाज को 2024-25 सीजन के लिए अनुबंध लिस्ट में शामिल नहीं किया गया है।

**जितेश शर्मा** — जितेश शर्मा का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर होना पहले से ही तय माना जा रहा था। क्योंकि, उन्होंने जनवरी 2024 से भारत की जर्सी नहीं पहनी है और टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम में शामिल होने से भी चूक गये थे। और अब नेशनल टीम में वापसी करने की तैयारी कर रहे हैं।

**केएस भरत** — केएस भरत का भी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर होना भी तय माना जा रहा था, क्योंकि उन्होंने टेस्ट टीम के लिए सीमित मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था। ऋषभ पंत की वापसी और ध्रुव जुरेल के बैकअप विकेटकीपर के रूप में उभरने के साथ, बीसीसीआइ ने भरत को अनुबंध लिस्ट से हटा दिया है।

## रुद्रांक्ष पाटिल और आर्या बोर्से की जोड़ी ने जीता रजत पदक

**लीमा।** भारत के रुद्रांक्ष पाटिल और आर्या बोर्से की जोड़ी ने आइएसएसएफ वर्ल्ड कप 2025 में मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीता। पेरू के लीमा आयोजित टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में भारतीय जोड़ी नॉर्वे के जोन-हर्मन हेग और जनेट हेग डुएस्टाड से 17-11 से हार का सामना करना। इसके साथ ही उन्हें रजत पदक संतोष करना पड़ा। यह इस सत्र में उनका लगातार दूसरा आइएसएसएफ वर्ल्ड कप पदक है।

## बांग्लादेश को हसन और मोमिनुल से बड़ी साझेदारी की उम्मीद

**सिलहट।** मेहदी हसन मिराज (पांच विकेट) और नाहिद राणा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद महमुदुल हसन जॉय (नाबाद 28) और मोमिनुल हक (नाबाद 15) की जूझारू पारियों के दम पर बांग्लादेश ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन सोमवार को जिम्बाब्वे को 273 के स्कोर पर समेटकर दिया। बांग्लादेश ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन सोमवार को दूसरी पारी में एक विकेट पर 57 रन बना लिये है। हालांकि वह अभी भी जिम्बाब्वे के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 25 पीछे हैं।

## भारतीय महिला हॉकी टीम आस्ट्रेलिया रवाना

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से शुरू होने वाली पांच मैचों की आगामी सीरीज के लिए केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रविवार देर रात आस्ट्रेलिया रवाना हुई। भारतीय टीम मैत्री सीरीज की शुरूआत में 26 और 27 अप्रैल को आस्ट्रेलिया ए के साथ दो मैच खेलेंगी। इसके बाद एक, तीन और चार मई को आस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ मैच होंगे। ये सभी मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे।

## पाकिस्तान के नदीम को नीरज क्लासिक में आमंत्रित किया गया

एजेंसी

**बेंगलुरु।** पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम को नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में नदीम को प्रतियोगिता में आमंत्रित किये जाने की पुष्टि करते हुए कहा, हमने पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम को भी आमंत्रित किया है, लेकिन अभी तक उनकी ओर से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। बेंगलुरु में होने वाली इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के कई शीर्ष भाला फेंक एथलीटों ग्रेनाडा के मौजूदा विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स, केन्या के पूर्व विश्व चैंपियन जूलियस येगो और अमेरिकी चैंपियन कर्टिस थॉम्पसन ने शामिल होने की पुष्टि की हैं। नीरज ने कहा, हम दुनिया भर के कुछ बेहतरीन भाला फेंक एथलीटों का स्वागत करने को लेकर रोमांचित हैं। एंडरसन पीटर्स, जूलियस येगो और कर्टिस थॉम्पसन की मौजूदगी निश्चित रूप से यह प्रतिस्पर्धा का स्तर बढ़ायेगी और युवा भारतीय भाला फेंक खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी।

## सात्विक और चिराग सुदीरमन कप में नहीं लेंगे हिस्सा

**नयी दिल्ली।** बीमारी के कारण सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष भारतीय युगल जोड़ी चीन के जियामेन में 27 अप्रैल से चार मई तक चलने वाले सुदीरमन कप में हिस्सा नहीं लेगी। इस सप्ताह की शुरूआत में बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) ने सुदीरमन कप के लिए 14 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की थी। इसमें सात्विक-चिराग की जोड़ी शामिल थी।

## जेलेना ने सबालेंका को हराकर जीता खिताब

**स्टटगार्ट (जर्मनी)।** गैर वरीयता प्राप्त जेलेना ओस्टापेंको ने सोमवार को विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को हराकर स्टटगार्ट में क्लेकोर्ट खिताब अपने नाम किया। यह इस वर्ष की उनकी पहली एकल ट्रॉफी है। फाइनल मुकाबले में लातवियाई टेनिस खिलाड़ी ओस्टापेंको ने बेलारुस की सबालेंका को 6–4, 6–1 से हराया। विश्व की 24वें नंबर की खिलाड़ी ओस्टापेंको ने 4–2 के स्कोर पर तीन और ब्रेक प्वाइंट अर्जित किए, लेकिन बेलारूसी खिलाड़ी के टिके रहने के कारण वे इसे भुना नहीं सकीं।

## किंग वॉल्वरडे ने दिलाई रियल मैड्रिड को जीत



**मैड्रिड।** ला लिगा में खिताबी दौड़ में बने रहने के लिए रियल मैड्रिड ने आखिरी पलों में शानदार जीत दर्ज की। रविवार देर रात खेले गये मुकाबले में फेडे वॉल्वरडे ने 93वें मिनट में गोल दागकर एथलेटिक क्लब को 1-0 से हराया। इस जीत के साथ ही मैड्रिड ने टाइटल रेस में बार्सिलोना से फासला चार अंक पर कायम रखा। लंबे समय तक गोल के लिए जूझने के बाद लग रहा था कि टीम एक और निराशाजनक नतीजा झेलेगी, लेकिन उरुग्वे के स्टार खिलाड़ी वॉल्वरडे ने स्टॉपेज टाइम में टॉप कॉर्नर में जबरदस्त गोल कर टीम को जीत दिला दी। रियल मैड्रिड काइलियन एम्बाप्पे के बिना उतरा।

# गुजरात ने लगाया जीत का छक्का

### गुजरात ने कोलकाता को 39 रनों से हराया, बल्लेबाजों के बाद गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन



एजेंसी

**कोलकाता।** शुभमन गिल और साई सुदर्शन की दमदार फिफ्टी के बाद कसी हुई गेंदबाजी से गुजरात टाइटंस ने कोलकाता नाइटराइडर्स को उसके घर में 39 रन से हरा दिया। मुकाबले में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम ने निर्धारित 20 ओवर के खेल में 3 विकेट के नुकसान पर 198 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में केकेआर 20 ओवर में 159 रन ही बना पाई। इस तरह गुजरात ने इस सीजन में अपनी छठी जीत दर्ज करते हुए 12 अंक के साथ प्लेऑफ की तरफ से मजबूती से कदम बढ़ा दिए हैं। वहीं केकेआर की इस सीजन में 5वीं हार है। गुजरात के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की शुरूआत कुछ खास नहीं रही थी। टीम ने सिर्फ 2 रन के स्कोर पर रहमानुल्लाह गुरबाज के रूप में अपना पहला विकेट गंवा दिया था। हालांकि, इसके बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे और सुनील नरेन ने कुछ के देर के लिए पारी को संभाला, लेकिन नरेन अपनी पारी को तेज करने की कोशिश में 17 रन बनाकर आउट हो गए। नरेन के आउट होते ही केकेआर दबाव में आ गई। विकेट बचाकर तेज गति से रन बनाने की कोशिश में वेंकटेश अय्यर ने भी अपना विकेट सस्ते में गंवा बैठे। अय्यर 19 गेंद में 14 रन ही बना पाए।

#### रहाणे की फिफ्टी गई बेकार

केकेआर की तरफ से अजिंक्य रहाणे ने 36 गेंद में 50 रनों की पारी खेली, लेकिन उनकी यह अर्धशतकीय पारी केकेआर को हार से नहीं बचा पाई। रहाणे को छोड़ दिया जाए तो मिडिल ऑर्डर में आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह पूरी तरह से संघर्ष करते हुए दिखे। एक बार रसेल ने रिस्क लेते हुए हाथ खोलने की कोशिश की, लेकिन 15 गेंद में 21 रन पर उनकी पारी समाप्त हो गई। आंद्रे रसेल के आउट होने के बाद रिंकू सिंह एक उम्मीद की किरण थे, लेकिन उन्होंने भी बुरी तरह से निराश किया। रिंकू 14 गेंद में 17 रन ही बना पाए। इसके अलावा रमनदीप सिंह 1 और मोइन अली शून्य पर आउट होकर अपनी टीम को निराश किया। इंपैक्ट सब के रूप में बल्लेबाजी के लिए उतरे अंगकृष रघुवंशी ने जरूर एक दो आकर्षक शॉट लगाए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। रघुवंशी केकेआर के लिए 13 गेंद में 27 रन बनाकर नाबाद रहे।

**गुजरात 198/3 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| साई कै. गुरबाज बो. रसेल | 52 | 36 | 06 | 01 |
| गिल कै. रिंकू बो. अरोड़ा | 90 | 55 | 10 | 03 |
| जोस बटलर नाबाद | 41 | 23 | 08 | 00 |
| तेवतिया कै. सिंह बो. हर्षित | 00 | 02 | 00 | 00 |
| शाहरुख खान नाबाद | 11 | 05 | 00 | 01 |

अतिरिक्त : 04
विकेट पतन : 1-114, 2-172, 3-177.
गेंदबाज : वैभव अरोड़ा : 4-0-44-1, मोईन अली : 3-0-27-0, हर्षित राणा : 4-0-45-1, वरुण चक्रवर्ती : 4-0-33-0, सुनील नरेन : 4-0-36-0, आंद्रे रसेल : 1-0-13-1.

**कोलकाता 159/8 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज एलबीडब्ल्यू सिराज | 01 | 04 | 00 | 00 |
| नरेन कै. तेवतिया बो. राशिद | 17 | 13 | 02 | 01 |
| रहाणे स्टंप बटलर बो. सुंदर | 50 | 36 | 05 | 01 |
| वेंकटेश कै. सुंदर बो. किशोर | 14 | 19 | 00 | 00 |
| रिंकू सिंह कै. गिल बो. इशांत | 17 | 14 | 01 | 01 |
| रसेल स्टंप बटलर बो. राशिद | 21 | 15 | 03 | 01 |
| रमनदीप कै.एंड बो. प्रसिद्ध | 01 | 02 | 00 | 00 |
| अली कै. शाहरुख बो. प्रसिद्ध | 00 | 02 | 00 | 00 |
| अंगकृष रघुवंशी नाबाद | 27 | 13 | 03 | 01 |
| हर्षित राणा नाबाद | 01 | 02 | 00 | 00 |

अतिरिक्त : 10
विकेट पतन : 1-2, 2-43, 3-84, 4-91, 5-118, 6-119, 7-119, 8-151.
गेंदबाज : मोहम्मद सिराज : 4-0-32-1, इशांत शर्मा : 2-0-18-1, प्रसिद्ध कृष्णा : 4-0-25-2, राशिद खान : 4-0-25-2, वॉशिंगटन सुंदर : 3-0-36-1, साई किशोर : 3-0-19-1.

### सुदर्शन सबसे तेज 1000 आइपीएल रन पूरे करने वाले पहले भारतीय

सुदर्शन ने केवल 25 पारियों में 1000 आइपीएल रन पूरे किए, जो किसी भारतीय बल्लेबाज के लिए सबसे तेज है। उन्होंने सचिन तेंदुलकर और रुतुराज गायकवाड़ के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। कुल मिलाकर, वह मैथ्यू हेडन (25 पारियां) के साथ संयुक्त रूप से तीसरे सबसे तेज हैं, जबकि शॉन मार्श (21 पारियां) और लेंडल सिमंस (23 पारियां) उनसे आगे हैं। सुदर्शन आइपीएल इतिहास में पहले भारतीय बल्लेबाज हैं, जिन्होंने किसी एक मैदान (नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद) पर लगातार पांच 50+ स्कोर बनाये।

### आइपीएल 2025 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 08 | 06 | 02 | 00 | 12 | +1.104 |
| दिल्ली | 07 | 05 | 02 | 00 | 10 | +0.589 |
| बेंगलुरु | 08 | 05 | 03 | 00 | 10 | +0.472 |
| पंजाब | 08 | 05 | 03 | 00 | 10 | +0.117 |
| लखनऊ | 08 | 05 | 03 | 00 | 10 | +0.088 |
| मुंबई | 08 | 04 | 04 | 00 | 08 | +0.483 |
| कोलकाता | 08 | 03 | 05 | 00 | 06 | +0.212 |
| राजस्थान | 08 | 02 | 06 | 00 | 04 | -0.633 |
| हैदराबाद | 07 | 02 | 05 | 00 | 04 | -1.217 |
| चेन्नई | 08 | 02 | 06 | 00 | 04 | -1.392 |




**पर्पल कैप**
16 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात



**ऑरेंज कैप**
417 रन
साई सुदर्शन
गुजरात

## दिल्ली से हिसाब चुकाने उतरेंगे लखनऊ सुपरजायंट्स



**लखनऊ।** पिछले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दो रन से मिली जीत से उत्साहित लखनऊ सुपरजायंट्स के सामने अब दिल्ली कैपिटल्स की मजबूत चुनौती होगी। मुकाबले में मेजबान न सिर्फ का विजय अभियान जारी रखने उतरेंगे, बल्कि आइपीएल के पहले मुकाबले में दिल्ली से मिली हार का हिसाब चुकाने भी टीम की नजर होगी। दूसरी ओर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर काबिज दिल्ली की टीम एक और जीत के साथ प्लेऑफ की दावेदारी ठोकने उतरेगी। बताते चले कि 24 मार्च को हुये मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स पर एक विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की थी। धमाकेदार फॉर्म में चल रहे निकोलस पूरन के ऊपर लखनऊ सुपरजायंट्स की बल्लेबाजी क्रम का सबसे ज्यादा भार है। उनका दमदार प्रदर्शन टीम की जीत की गारंटी बन जाता है, जबकि न खेलने पर टीम की बल्लेबाजी लड़खड़ा जाती है। पिछले दो मुकाबलों की बात करे तो चेन्नई के खिलाफ पूरन ने आठ रन बनाए। इस कारण टीम 166 रन ही बना सकी और मुकाबला लखनऊ के हाथ से निकल गया।

# झारखंड की बेटियां बनी चैंपियन, बालक टीम बना उपविजेता

### अंडर 19 बालिका टीम ने मेजबान मणिपुर की सरजमीं पर लहराया जीत का परचम, 2-0 से दी शिकस्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बेटियों ने इतिहास रच दिया है। मणिपुर में 15 अप्रैल से 21 अप्रैल तक आयोजित अंडर 19 प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम मेजबान मणिपुर को 2-0 से शिकस्त देकर चैंपियन बन गयी है। यह जीत सिर्फ एक खेल का परिणाम नहीं, बल्कि उन बेटियों के अटूट संकल्प और महीनों की कड़ी मेहनत का जीवंत प्रमाण है, जिन्होंने विभागीय मंत्री से किया वादा निभाकर इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में अपना नाम दर्ज करा लिया है। झारखंड की बालिका टीम ने अपने अद्भुत खेल कौशल और अटूट तालमेल का प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब झारखंड के नाम कर दिया। झारखंड की ओर से फाइनल मुकाबले में पूजा कुमारी और रीना कुमारी ने एक एक गोल कर झारखंड का मान बढ़ाया। इस ऐतिहासिक जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए मंत्री रामदास सोरेन ने कहा, मुझे झारखंड की बेटियों पर गर्व है। उन्होंने न केवल शानदार खेल का प्रदर्शन किया, बल्कि राज्य से किये अपने वादे को भी निभाया। यह जीत अन्य बेटियों को भी प्रेरित करेगी कि वे अपने सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करें। मंत्री श्री सोरेन ने कहा कि यह जीत सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं है, बल्कि झारखंड की उन सभी बेटियों के लिए एक प्रेरणा है जो खेल के क्षेत्र में अपना नाम रोशन करना चाहती हैं। इन बेटियों ने दिखा दिया है कि प्रतिभा और दृढ़ संकल्प के बल पर किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। पूरे झारखंड को अपनी इन बेटियों पर गर्व है और भविष्य में भी उनसे ऐसे ही शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने बालक टीम के खेल प्रदर्शन की भी जमकर तारीफ की। श्री सोरेन ने कहा मुकाबले में भले ही बालक टीम उपविजेता बनी हो, लेकिन झारखंड की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में देशभर की टीमों के सामने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उपविजेता बनना भी एक बड़ी उपलब्धि है। हमारे लड़कों में प्रतिभा और क्षमता की कोई कमी नहीं है। उन्होंने दिखाया है कि झारखंड भी फुटबॉल के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। यह हार अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत है। झारखंड की बेटियों की शानदार जीत पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री रामदास सोरेन, उमाशंकर सिंह, शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग समेत खेल कोषांग के अन्य पदाधिकारियों ने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

#### बालक टीम बनी उपविजेता

68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बालक टीम उपविजेता बनी है। फाइनल मुकाबले में झारखंड की बालक टीम को केरल की टीम ने 1-3 के अंतर से पराजित किया। पूरे टूर्नामेंट में झारखंड की बालक टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने हर मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और प्रतिद्वंदी टीमों को कड़ी टक्कर दी। झारखंड की बालक टीम भले ही उपविजेता बनी, मगर उन्होंने कड़ी मेहनत, समर्पण और टीम भावना का बेजोड़ मिसाल पेश किया। दोनों टीमें मंगलवार को मणिपुर से झारखंड के लिए रवाना होंगी।

## पाकुड़ को हराकर रांची टीम फाइनल में



रांची। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को रांची टीम ने गिरिडीह में सेमीफाइनल मैच में पाकुड़ को हराकर फाइनल में पहुंचे। फाइनल में रांची का मुकाबला जमशेदपुर से आगामी 23/04/25 को जामताड़ा में होगा। सोमवार को खेले गए सेमीफाइनल मैच में रांची ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की और कुल 249 रन 9 विकेट खोकर अक्षत तिवारी 61,हर्ष कुमार 40, सौरव कुमार 52, रविराज 30 रनों का योगदान दिए। पाकुड़ की पूरी टीम 117 /10 विकेट पर रांची टीम 132 रन से मैच जीत लिए। प्लेयर ऑफ द मैच रांची के सौरव कुमार को दिया गया।

## मानस सिन्हा को ब्लैक बेल्ट की आठवीं डान



**रांची।** विश्व कराटे महासंघ ने स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के झारखंड के अध्यक्ष कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया के मुख्य प्रशिक्षक हांशी मानस सिन्हा को ब्लैक बेल्ट की आठवीं डान की उपाधि प्रदान की। यह उपाधि कराटे इंडिया के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा के रिकमेंडेशन पर, विश्व कराटे महासंघ के अध्यक्ष हांशी एंटोनियो स्पिनोज के द्वारा प्रदान की गई है। ब्लैक बेल्ट की आठवीं डान देश के सबसे सीनियर कराटे प्रशिक्षकों को ही दिया जाता है। मानस सिन्हा को ब्लैक बेल्ट 7 वी डान 8 वर्षों पहले 2017 में विश्व कराटे महासंघ के द्वारा प्रदान किया गया था। हांशी मानस सिन्हा पिछले लगभग 50 वर्षों से कराटे के क्षेत्र में हैं और लगभग 46 सालों से कराटे का प्रशिक्षण देते आ रहे हैं।

# बोकारो : ज.म.स 1 मई को मजदूर दिवस व श्रमिकों पर कार्यशाला का करेगा आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की एक आवश्यक बैठक तारकेश्वर महतो उर्फ तारा बाबू की अध्यक्षता में सेक्टर 3 टू टैंक गार्डेन में हुई।

अध्यक्ष ने कहा कि गत प्लांट एपरेंटिस दुर्घटना में घायल लोगों के लिए 20000/- रुपये का घोषित मुआवजा अभी तक नहीं मिला है एवं दूर्घटना में घायल लोगों के मरहम पट्टी के लिए बीजीएच अब चार्ज कर रहा है- जो गलत है। महामंत्री सुमन सिंह ने कहा कि 1 मई मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में मजदूरों के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमें मजदूरों का हित-अधिकार आदि पर विशेष चर्चा होगी। उपाध्यक्ष नवीन सिंह ने कहा कि बीएसएल प्लाटधारियों से प्रतिमाह साफसफाई के नाम पर 3500/- रुपया लिया जाता है लेकिन काम नहीं हो रहा है। बीएसएल आवास के सामने वाले रोड पर स्ट्रीट लाइट नहीं रहने से कर्मचारियों को काफी कष्ट का सामना करना पडता है।

अंधेरे में पैदल यातायात में कर्मचारी एवं उनके परिवार को काफी दिक्कत होती है। कार्यालय सचिव गंगेश कुमार पाठक ने कहा कि नया मोड़ मुख्य चौराहे पर गति अवरोधक नहीं रहने से दूर्घटना हूई एवं हमेशा दूर्घटना की संभावना बनी रहती है। बीएसएल नगर प्रशासन एवं प्रबंधन को ध्यान देना चाहिए।

जल्द ही संघ के सदस्यों को पहचान पत्र दे दिया जाएगा। उपस्थित पदाधिकारियों में मुख्य रुप से पुष्पा मिश्रा प्रतिमा शर्मा लक्ष्मण शर्मा गुलाम जिलानी सुमीत सिंह श्याम कुमार गोकुल प्रसाद हरिश्चन्द्र गांधी विश्वेसर बम भोला प्रसाद लक्ष्मण सिंह आदि अन्य मौजूद थे। अंत में धन्यवाद् ज्ञापन पदाधिकारी देवेन्द्र कुमार ने किया।

# दुमका : जैक कार्यालय के समक्ष अभाविप ने किया विरोध-प्रदर्शन

›› मूल्यांकन केंद्र पर दसवीं की कॉपियां जलने की जांच व कार्रवाई का किया मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला इकाई द्वारा क्षेत्रीय क्षेत्रीय जैक कार्यालय में सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कॉलेज अध्यक्ष अमन साह ने कहा कि यह बहुत बड़ी चिंताजनक बात है। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता दिख रहा है। बीते दिनों मैट्रिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं संदेहास्पद परिस्थितियों में जलाए जाने की घटना सामने आई है, जो नहीं केवल परीक्षा की निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह लगती है। बल्कि छात्रों के भविष्य को भी प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलन की भूमि है, लेकिन अब यह साफ दिखाई देता है कि बच्चों को कक्षा 10 की निष्पक्ष परीक्षा और परीक्षा प्रमाण पत्र के लिए भी आंदोलन करना पड़ रहा है। अभाविप इस घटना की कड़ी शब्दों में निंदा करती है। अभाविप ने घटना का निष्पक्ष जांच करने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग किया है। छात्रहितों की रक्षा करना अभाविप की पहली प्राथमिकता है। संगठन इस मामले में न्याय मिलने तक संघर्ष करते रहेंगे। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी सदस्य रॉकी पाल ने कहा कि कुछ दिनों पहले ही दसवीं के पेपर लीक की घटना सामने आई और आज यह दसवीं के पेपर जलने की खबरें सामने आ रही हैं। इससे पता चलता है कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था काफी कमजोर और बिगड़ी हुई है। अभाविप सरकार से जल्द से जल्द इस घटना के खिलाफ ठोस कार्रवाई करते हुए शिक्षा एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने का मांग किया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री हिमांशु दुबे, नगर मंत्री अभिषेक गुप्ता, राज किशोर, सनत पंडित, मणिलाल, सुमित यादव, सुजल कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर में

### फाइनेंस कंपनी के दबाव में युवक ने की आत्महत्या सरेआम बेइज्जती के बाद फांसी लगाकर दे दी जान

**गोड्डा।** प्रखंड के मखनी पंचायत स्थित तेलडीहा गांव से एक बेहद दुखद और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां फाइनेंस कंपनी के कर्मियों द्वारा कर्ज वसूली के नाम पर एक युवक को सरेआम सड़क पर बेइज्जत किए जाने के बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान पुटूस मिस्त्री (निवासी झ तेलडीहा, मिस्त्री टोला, थाना झ गोड्डा मुफस्सिल) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सोमवार को फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी उसके घर पहुंचे थे। उन्होंने कर्ज की वसूली को लेकर पुटूस को घर से बाहर बुलाया और सड़क पर ही लोगों के सामने उसे अपमानित किया। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचने और अपमान सहन न कर पाने के कारण युवक ने फाइनेंस कर्मियों के सामने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### बेरमो : महिला कांग्रेस ने गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि का किया विरोध



**बेरमो/फुसरो।** अंगवाली उतरी पंचायत में स्थित श्री राधे श्याम गौशाला में महिला कांग्रेस ने गैस की कीमतों में 50 रुपये की बढ़ोतरी के विरोध में सोमवार को केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष अंजता समद ने की। मुख्य रुप से मौजूद कांग्रेस नेत्री सह समाजसेविका डॉ उषा सिंह ने गैस सिलेंडर के दाम में 50 रुपये बढ़ोत्तरी पर आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से आम आदमी पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है। आश्चर्य है कि उज्वला गैस योजना के गैस सिलेंडर के दाम में भी बढ़ोतरी कर दी गई है। जिलाध्यक्ष अंजता समद ने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी, बेरोजगारी, गिरती अर्थव्यवस्था और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ यह प्रदर्शन हुआ। कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार का मकसद सिर्फ सरकारी और निजी कंपनियों की जेब भरना है। उन्होंने मांग की कि महिलाओं और गरीब परिवारों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा की जाए। कहा कि देश की महिलाएं महंगाई से परेशान हैं और आंदोलन में शामिल हो रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से जवाब मांगा। कहा कि रसोई गैस, डीजल, पेट्रोल और महंगाई से तुरंत राहत दी जाए। महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक रूप से केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही नारेबाजी करते हुए बढ़ती कीमतों एवं महंगाई पर अविलंब रोक लगाने की मांग की। मौके पर रंजन सिंह, जवाहर साव, फूल कुमारी देवी, सीता देवी, पार्वती देवी, दीपनी देवी, कारी देवी, सरस्वती देवी, मंजू देवी, बबिता देवी, रुबी देवी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### चास मंडल कारा में कैदियों को मिली कानूनी जानकारी



बोकारो। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बोकारो अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में चास मंडल कारा में एकदिवसीय जेल अदालत- विधिक जागरूकता शिविर एवं स्वास्थ्य जांच चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर न्यायिक दंडाधिकारी - 1 बोकारो सृष्टि कुमारी एवं डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पम्मी कुमारी मुख्य रूप से मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान विचाराधीन बंदियों से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई एवं उन्हें कानूनी प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 28 कैदियों की चिकित्सकीय जांच की गई जिनमें 22 पुरुष एवं 4 महिला कैदी शामिल थे। इनमें से एक कैदी की स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल बोकारो रेफर किया गया। इसके साथ ही मंडल कारा परिसर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बोकारो के सचिव अनुज कुमार जेल अधीक्षक निखिल कांत एवं अन्य वक्ताओं ने जेल में बंद कैदियों को उनके कानूनी अधिकारों एवं उपलब्ध विधिक सहायता सेवाओं की जानकारी दी। डालसा के अंतर्गत कैदियों को मिलने वाली मुफ्त विधिक सहायता त्वरित न्याय प्रक्रिया अपील के अधिकार तथा संविधान द्वारा प्रदत्त मूल अधिकारों की विस्तारपूर्वक जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जेल बंदियों को न्यायिक प्रणाली से जोड़ना व उनके कानूनी अधिकारों के प्रति उन्हें सजग करना तथा उनके स्वास्थ्य की देखभाल सुनिश्चित करना रहा।

### बेरमो : डीजे वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त, आधा दर्जन लोग हुए घायल



बेरमो। डुमरी के धावाटांड के समीप देवघर से कतरास लौट रहे डीजे वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे डीजे वाहन में सवार आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मधुबन थाना क्षेत्र की है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को डुमरी रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि यह सभी डीजे वाहन को लेकर देवघर बारात गए थे जहां कतरास लौटने के क्रम मे डीजे वाहन असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

दुमका। जिले के जामा थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय लड़की से यौन शोषण कर शादी से इनकार करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता ने थाना को लिखित दिया है कि जरमुंडी थाना क्षेत्र के मथुरा गांव के कंचन माल शादी का प्रलोभन देकर तीन साल से यौन शोषण करते आ रहा था। शादी की बात करने पर टाल देता था। आरोपी कंचन 22 अप्रैल को दूसरी जगह शादी करने जा रहा है। जिसको देखते हुए पीड़िता ने थाना थाना का शरण लिया। थाना पुलिस द्वारा पीड़िता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

महादेव बेड़ा शिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा

# भोक्ता परब है झारखंड की संस्कृति का अभिन्न अंग



पेयजल व स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद का स्वागत करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के हिसीम पहाड़ स्थित महादेव बेड़ा शिवालय में संपन्न भोक्ता परब में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जबकि रात को महिला छऊ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन पेयजल व स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने फीता काटकर किया। मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भगता परब झारखंड की संस्कृति का अभिन्न अंग है और इसका सामाजिक सांस्कृतिक व धार्मिक महत्व काफी अधिक है। उन्होंने महादेवबेड़ा में पानी व बिजली की सुविधा उपलब्ध कराने तथा हिसीम पहाड़ के मुख्य पथ को पीडब्ल्यूडी में तब्दील कर इसका चौड़ीकरण कराने की बात कही। मौके पर पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी व जेएलकेएम नेत्री पूजा कुमारी भी पहुंचे तथा मंदिर में मत्था टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। मौके पर पूजा समिति के संयोजक दिलीप कुमार हेंब्रम फणींद्र मुंडा आनंद कुमार महतो दिलीप कुमार महतो सुनील कुमार महतो सोमर महतो अध्यक्ष बसंत कुमार सचिव नितेश करमाली कोषाध्यक्ष रवींद्र कुमार महतो बीस सूत्री सदस्य कुलदीप करमाली संरक्षक संतोष कुमार अशोक कुमार राजेश टुडू कमलेश महतो तारा चंद महतो प्रमोद कुमार प्रकाश महतो विकास महतो, वीरेंद्र, चंडी चरण संजीत सुशील, रवींद्र, संदीप, निताय कुमार मिथलेश कुमार उपेंद्र कुमार नितेश टुडू श्यामसुंदर, लालदेव महतो आदि मौजूद थे।

# बोकारो : बीएसएल के सिंटर प्लांट के मशीन 01 का परिचालन आरंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के सिंटर मशीन-1 का कैपिटल रिपेयर के बाद परिचालन शुरू हुआ। मौके पर मुख्य महाप्रबंधक अनुरक्षण एस गुप्ता मुख्य महाप्रबंधक गुणवत्ता एम लाल मुख्य महाप्रबंधक रेफ्रैक्टरीज एन श्रीकांत मुख्य महाप्रबंधक यूटिलिटीज एसआर सिंह मुख्य महाप्रबंधक मैकेनिकल पी कुमार मुख्य महाप्रबंधक एस एंड एफएस बीके सरतापे सहित प्लांट के अन्य वरीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यतः हर्थ बीम और स्लिट बर्नर मॉड्यूल- एसआरसी बाईपास में संसोधन व पॉलिमर लाइनर एवं 04 स्पीड मोटर को सिंगल स्पीड मोटर के साथ बदलना तथा एग्जॉस्टर 01 इम्पेलर की व्यापक मरम्मत जैसी महत्वपूर्ण मरम्मत के कार्य को सिंटर प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक पी चौधरी के नेतृत्व में किया गया। सिंटर प्लांट के महाप्रबंधक अंशुमाली एसके सिंह संजीव कुमार ए हाजरा ए गुप्ता की देखरेख में ऑपरेशन व इलेक्ट्रिकल तथा मैकेनिकल के अन्य अधिशासी और कर्मचारियों की टीम के द्वारा सभी मरम्मत के कार्य को एक निश्चित समय सीमा के अन्तर्गत पूरी सुरक्षा के साथ संपूरित किया गया। प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक श्री चौधरी ने कहा कि कैपिटल रिपेयर से सिंटर मशीन की उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### पुल व सड़क निर्माण से ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के दांतू पंचायत अंतर्गत हंसलता आरईओ रोड़ से जीवन राम महतो के घर होते हुए चिटलाही रोड तक पथ निर्माण एवं कसमार एवं मधुकरपुर के बीच खांजो नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का भूमि पूजन पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मध निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो के प्रतिनिधि व प्रमुख नियोति कुमारी एवं दिलीप कुमार हेंब्रम ने संयुक्त रूप से किया। बता दें कि हंसलता में एक किमी सड़क का निर्माण एक करोड़ की लागत से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कार्य एजेंसी ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल बोकारो तथा कसमार में पुल का निर्माण सवा तीन करोड़ की लागत से मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना मद से ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की ओर से किया जायेगा। इस दौरान प्रमुख नियोती कुमारी एवं दिलीप हेंब्रम ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। साथ ही ससमय निर्माण कार्य पूर्ण करने का हिदायत संबंधित संवेदकों को दिया। गांव में सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी लेकिन अब यहां के लोग आवागमन में अच्छी सड़क का उपयोग करेंगे। वहीं कसमार व मायापुर के बीच पुल बन जानें से मधुकरपुर दुगार्पुर व बरईकला के ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय जाने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करना होगा। मौके पर झामुमो नेता शेरे आलम सोहेल अंसारी फारूख अब्दुल्ला महेंद्र सिंह झब्बूलाल महतो सुभाष चंद्र ठाकुर धनंजय स्वर्णकार विजेंद्र महतो संजय प्रजापति कैलाश महतो चंद्रकिशोर महतो जगेश्वर महतो छत्रुराम महतो मुन्ना अंसारी संजय प्रजापति एनुल अंसारी तनवीर आलम सुरेश महतो बब्लू आदि शामिल थे।

## एन एस एस नेशनल कन्वेंशन में के बी कॉलेज बेरमो झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगा : प्रभाकर



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कार्यक्रम पदाधिकारी एन एस एस डा प्रभाकर कुमार का चयन किया गया है।

डॉ प्रभाकर कुमार दो दिवसीय एन एस एस नेशनल कन्वेंशन 25 एवं 26 अप्रैल 2025 नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में झारखंड राज्य के एन एस एस का प्रतिनिधित्व करेंगे। झारखंड राज्य से स्टेट नोडल अधिकारी एन एस एस डॉ ब्रजेश कुमार, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर सिदो कान्हु मुर्मू यूनिवर्सिटी दुमका डा धनंजय कुमार मिश्रा, विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी के के बी कॉलेज बेरमो के एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रभाकर कुमार एवं कोल्हान यूनिवर्सिटी के पटमदा कॉलेज के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कमल कुमार महतो का चयन किया गया है। देश स्तर पर सभी राज्यों के उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले प्रतिभागियों का चयन किया गया है।

कॉलेज परिवार में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति, आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर डॉ अरुण कुमार रॉय महतो आदि ने हर्ष व्यक्त किया है और कहा है कि कॉलेज एवं विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी का नाम ऊंचा हुआ है। इन्होंने अग्रिम शुभकामनाएं व्यक्त की है।

# सीसीएल के सीएमडी ने अमलो माइंस का किया निरीक्षण





**सीएमडी ने अधिकारियों को चालू वित्तीय वर्ष में दिये गये उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने का दिया निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने सोमवार को सीसीएल के ढोरी क्षेत्र के एएडीओसीएम का दौरा किया। कहा कि लक्ष्य के अनुसार उत्पादन और कोयले का सम्प्रेषण करना है। सीएमडी ने कहा कि ढोरी एरिया की अमलो (एएओडीसीएम) परियोजना का मॉडल माइन बनाने की योजना है।

इसके मद्देनजर ही अमलो माइंस फेस का घंटो निरीक्षण किया। कहा कि उत्पादन के मामले में ढोरी एरिया बेहतर कर रहा है। एसडीओसीएम परियोजना भी ठीक-ठाक है। अमलो माइंस पहुंचकर आउटसोर्सिंग तथा डिपार्टमेंटल उत्पादन कार्य देखा। इसके बाद ढोरी रेलवे साइडिंग गये तथा साइडिंग के प्लेटफार्म में हो रही रैक लोडिंग की जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों को हर हाल में चालू वित्तीय वर्ष में दिये गये उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया।साथ ही उन्होंने अधिकारियों को एएडीओएम परियोजना से बेहतर कोयला उत्पादन की तैयारी में लगाने को कहा। कहा कि सीसीएल के 14 एरिया से चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एक सौ दस मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा नई परियोजना के विस्तार पर भी विचार किया जा रहा है। कहा कि ढोरी क्षेत्र के अमलो माइन्स के हाईवाल माइनिंग के तहत नई तकनीक से इस वर्ष 3 लाख टन कोयला उत्पादन किया जाएगा। कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में उत्पादन लक्ष्य हर हाल में पूरा करना है।

मौके पर ढोरी जीएम रंजय सिंहा, एसओ माइनिंग मनोज पाठक, अमलो पीओ राजीव सिंह, एसओ ईएंडएम जी मोहंती, एसओ सिविल मनोज कुमार, एसओएक्स यू के पासवान, एरिया सेफ्टी ऑफिसर मनोज कुमार सिंह, सेल ऑफिसर विवेक सिंह, पीई एस सी सिंहा, प्रभारी मैनेजर उमेश कुमार, माइन्स इंचार्ज संतोष कुमार, मजदुर नेता गणेश मल्लाह, इनेमोसा नेता जयराम सिंह सहित आनंद विश्वकर्मा, प्रमोद सिंह कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### साहित्यिक संस्था साहित्यलोक की मासिक रचना गोष्ठी आयोजित



**बोकारो।** साहित्यिक संस्था साहित्यलोक की मासिक रचना गोष्ठी वरिष्ठ साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक सुधापति के सेक्टर 8 स्थित आवास पर हुई। रंगकर्मी शंभु झा की अध्यक्षता व साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा के संचालन में आयोजित इस रचना गोष्ठी की शुरूआत कवि व गायक अरुण पाठक ने अपनी रचना सरस्वती वंदना- हे मां सरस्वती बुद्धि विद्या दायिनी- हम पर कृपा बरसाओ मां... की सुमधुर प्रस्तुति से की। कवयित्री नीलम झा ने मैथिली कविता- ई धरा केर शान मिथिला थिक हमर पहचान मिथिला.. सुनाने के बाद हिन्दी कविता -खुद को देखो व वक्त कुछ ठहर एवं अमन कुमार झा ने मैथिली कथा- मोल-भाओ के बाद मैथिली कविता- इस्स व पुरखाक धरोहर शैलजा झा ने मैथिली कविता श्री गणेश परिवार डेबब व हिंदी कविता- शेष ही अवशेष है तथा वरिष्ठ साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक ने मैथिली कथा -सोमन कुमार सीओ हिंदी कविता-मानो या न मानो व हे नाथ मैथिली में ओम महाभारत महाकाव्य के रचयिता प्रसिद्ध साहित्यकार बुद्धि नाथ झा ने मैथिली कविता- हम ताप सभटा घोंटि रहलहुं' व कश्मीर से धारा 370 हटने पर- भल भेल सुनाकर सबकी प्रशंसा पायी। अध्यक्षीय वक्तव्य में शंभु झा ने कहा कि बोकारो के साहित्यिक परिवेश को जीवंत बनाये रखने में साहित्यलोक की भूमिका प्रशंसनीय रही है। यहां नवोदित रचनाकारों को भी जो आदर व सम्मान मिलता है वह अन्य संस्थाओं के लिए भी अनुकरणीय है। पठित रचनाओं पर समीक्षा टिप्पणी देने की परंपरा भी काबिले-तारीफ है।

# सेक्टर 6 थाना क्षेत्र में ई-सिगरेट की जांच के लिए स्कूल के आस पास चलाया गया छापामारी अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सिविल सर्जन बोकारो डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन मे सोमवार को सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की धारा 4 व 6ए, 6बी व ई-सिगरेट तहत नियमित जांच अभियान जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम व सेक्टर-6 थाना का छापामारी दल के द्वारा डीएवी 6 स्कूल, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, जीजीपीएस-5 स्कूल, चिन्मया स्कूल, सेक्टर 6 ए0, सेक्टर 5 पी.एन.टी. मोड एवं टीबी टावर के पास कोटपा कानून उल्लघंग की स्थिति की जांच हेतुं छापामारी की गई। जिसमें लगभग 63 दुकानों की जांच की गई जिसमें कुल 12 दुकानदारों व व्यक्तियों से कोटपा-2003 की धारा 4, 6ए व 6बी के उल्लंघन की स्थिति में अर्थदण्ड के रूप में 2150 रुपए की वसूली की गई और छापामारी के दौरान सेक्टर 6 थाना अन्तर्गत आने वाले सभी स्कूलों के पास की दुकानों में ई-सिगरेट की जांच की गई। जांच की क्रम में किसी भी दुकानदारो के पास ई-सिगरेट की उपलब्धता नही मिला।

मो असलम द्वारा बताया गया कि सभी दुकानदारों को अपने दुकान के सामने कोटपा-2003 की धारा 6ए का पोस्टर लगाने को कहा गया। कोटपा-2003 के धारा 6ए के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों का तम्बाकू पदार्थ बेचना या बेचवाना कानूनन अपराध है ऋ्रूऋ का बोर्ड लगाना चाहिए। प्रायः देखा गया है कि कुछ दुकानदार ही इसका अनुपालन कर रहें है अन्य सभी को भी इसका अनुपालन करने को कहा गया।

# नो हेलमेट नो पेट्रोल की तर्ज पर गोड्डा थाना प्रभारी ने चलाया जांच अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** नगर थाना प्रभारी दिनेश महली के द्वारा सोमवार को सदर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पेट्रोल पंप में जाकर पंप के कर्मियों से मिले और उन्हें सख्त हिदायत देते हुए कहा कि बिना हेलमेट पहने बाइक चालकों को पेट्रोल ना दिया जाए साथ ही किसी डब्बे या बोतल में पेट्रोल नहीं दिया जाए अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी ने पेट्रोल पंप के समीप वाहन जांच अभियान भी चलाया जहां बिना हेलमेट पहने कई वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए चलान भी काटे गए। इस दौरान थाना प्रभारी ने वाहन चालको को फटकार लगाते हुए सख्त हिदायत देते हुए कहा कि बिना हेलमेट पहने और बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन ना चलाए अन्यथा चलान काटने के साथ साथ ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। नियमों का पालन नहीं करने पर ऐसे लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पेट्रोल पंप के मालिक और कर्मियों से कहा कि बिना हेलमेट और ट्रिपल लोडिंग वाले वाहनों में पेट्रोल ना दें। कहा कि ये अभियान अभी लगातार जारी रहेगा। इस दौरान मौके पर नगर थाना प्रभारी के साथ एस आई बिपिन यादव एवं अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## अमेरिका के ओक्लाहोमा में तूफान से तीन लोगों की मौत

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के राज्य ओक्लाहोमा में सप्ताहांत में भारी तूफान आने से तीन लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्थानीय पुलिस ने बताया कि रविवार को ओक्लाहोमा सिटी से लगभग 10 मील (लगभग 16 किमी) दक्षिण में मूर में बाढ़ के पानी में वाहन बह जाने से 12 वर्षीय लड़के और उसकी मां की मौत हो गई।

## चीन ने कई देशों से अनाज के आयात में की कटौती

**बीजिंग।** चीन ने कई देशों से अनाज के आयात में भारी कटौती की है। चीनी सीमा शुल्क के आंकड़ों पर स्पूतनिक के विश्लेषण से यह जानकारी मिली कि सबसे ज्यादा यूक्रेन और यूरोपीय संघ से अनाज के आयात में कटौती की है, जो पहले इसके मुख्य आपूर्तिकर्ता हुआ करते थे। चीनी अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि मार्च में अनाज के आयात में चार गुना गिरावट आई है, जो अब घटकर 46.39 करोड़ डॉलर रह गई है। अनाजों में से मक्का के आयात में सबसे बड़ी गिरावट देखी गई जो 23 गुना घटा, जबकि गेहूं का आयात 10.6 गुना घटा है।

## ऑस्ट्रेलिया समुद्र तट पर तीन दिनों में सातवीं घटना में एक बालक की मौत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के समुद्र तटों पर तीन दिनों में हुई सातवीं जानलेवा घटना में एक बालक की चट्टानों के बीच फंसने से मौत हो गई। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य के मध्य उत्तरी तट पर एक समुद्र तट पर नौ वर्षीय बालक स्थानीय समयानुसार रविवार दोपहर करीब 03:30 बजे चट्टानों के बीच पानी में फंस गया। यह स्थान सिडनी से लगभग 400 किमी उत्तर-पूर्व में है। आपातकालीन सेवाओं के प्रयासों के बावजूद, बालक को नहीं बचाया जा सका और उसकी मौके पर ही मौत

## ब्रिटेन विस्फोटकों और गोले का उत्पादन बढ़ाएगा

**लंदन।** ब्रिटेन अमेरिका और फ्रांस पर गोला-बारूद उत्पादन में निर्भरता को खत्म करने के प्रयासों के तहत अब हेक्सोजेन विस्फोटक के उत्पादन को काफी बढ़ाने की योजना बना रहा है जिसका उपयोग नाटो 155-मिलीमीटर के गोले में किया जाता है। टाइम्स अखबार ने एक ब्रिटिश रक्षा कंपनी के हवाले से बताया कि बड़ी ब्रिटिश रक्षा कंपनी बीएई प्रणाली जो देश में 155 मिलीमीटर के तोपखाने के गोले बनाने वाली एकमात्र कंपनी है पहले अमेरिका और फ्रांस से आरडीएक्स (हेक्सोजेन) का आयात करती थी लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों के चलते ब्रिटिश और यूरोपीय रक्षा कंपनियां अमेरिकी उपकरण खरीदने से इनकार कर रही हैं।

## कैटरीनाने पति के नाम की लगाई मेहंदी



**अभिनेत्री** कैटरीना कैफ और विक्की कौशल बॉलीवुड की सबसे चहेती जोड़ियों में से एक हैं। इनकी प्रेम कहानी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं लगती। विक्की और कैटरीना हाल ही में एक दोस्त की शादी पार्टी में शामिल हुए। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। कैटरीना ऑफ शोल्डर पिंक गाउन में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। विक्की ने सूट पहना हुआ था। इस बार कैटरीना बेहद खास अंदाज में विक्की के लिए अपने प्यार का इजहार करती नजर आई। कैटरीना ने अपने बाएं हाथ पर मेहंदी से 'वीके' नाम लिखा है। इसके अलावा नाम के नीचे एक दिल भी बनाया है।

# भीषण गर्मी के लिए रहें तैयार ! मौसम के बदले तेवर

## हरियाणा, यूपी-बिहार समेत कई राज्यों में हीट वेव का अलर्ट

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी ) ने अपने ताजा पूर्वानुमान में बताया कि आने वाले दिनों में उत्तर-पश्चिम भारत में लू चलने की संभावना है। इस कारण कई इलाकों में भीषण गर्मी देखने को मिल सकती है। पिछले कुछ समय में में हुई बारिश के कारण जहां गर्मी से थोड़ी निजात मिली थी, लेकिन अब एक बार फिर से पारा बढ़ने जा रहा है। मौसम विभाग के अपने ताजा पूर्वानुमान में बताया कि उत्तर-पश्चिम भारत में एक बार फिर से भीषण गर्मी और लू चलने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि पूर्वी राजस्थान, दक्षिण उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात के अलग-अलग हिस्सों में आने वाले दिनों में लू चलने की संभावना है। आइएमडी ने इस दौरान लोगों से अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील भी की है।

**मौसम का हाल :** भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि पिछले 24 घंटों में देश के अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न मौसम प्रणाली देखने को मिली है। आईएमडी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के अलग-अलग क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ आंधी चली। वहीं, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश देखने को मिली। साथ ही रायलसीमा, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश देखने को मिली।

**आगे कैसा रहेगा मौसम :** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अपने ताजा पूर्वानुमान ने बताया कि 21-26 अप्रैल के दौरान पूर्वी राजस्थान के कुछ इलाकों में लू चलने की संभावना है। इसके अलावा 21-25 अप्रैल तक मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ, 22-25 अप्रैल के दौरान हरियाणा, ओडिशा, 22-26 अप्रैल के दौरान उत्तर प्रदेश, 23-25 ??अप्रैल के दौरान पंजाब में लू चलने की संभावना है। वहीं, 23-26 अप्रैल के दौरान पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाके, पश्चिमी राजस्थान और 25 और 26 अप्रैल को बिहार, झारखंड में लू चलने की संभावना है।

**कहां होगी बारिश :** आईएमडी ने बताया कि अगले 7 दिनों के दौरान पूर्वोत्तर भारत में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं, 30-40 किमी प्रति घंटे की गति से बढ़कर 50 किमी प्रति घंटे तक की स्पीड में हवाएं चलने की संभावना है। 21-26 अप्रैल के दौरान असम और मेघालय में भारी बारिश की आशंका है। 22-26 अप्रैल के दौरान अरुणाचल प्रदेश और 21 और 23 अप्रैल को नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी वर्षा की संभावना है।

# अमेरिका के साथ शरद ऋतु तक व्यापार समझौते होने की उम्मीद : सीतारमण



एजेंसी

**सैन फ्रांसिस्को।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को यहां कहा कि भारत को उम्मीद है कि इस शरद ऋतु तक अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का पहला भाग सकारात्मक रूप से संपन्न हो जाएगा। अमेरिका की पांच दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंची श्रीमती सीतारमण ने भारतीय समुदाय के साथ बातचीत के दौरान कहा, अमेरिका के साथ बातचीत का उद्देश्य केवल इस पारस्परिक टैरिफ संबंधी मामले तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारे सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार के हित में है, जिसके साथ हमें समझौता करने की आवश्यकता है।


इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का दूरदर्शी नेतृत्व और मौजूदा सरकार द्वारा प्रदान की गई स्थिरता भारत के लिए एक अंतर पैदा कर रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री सुशासन, तकनीकी उन्नति, उद्यमिता और नवीकरणीय ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो समय सीमा के भीतर परिणाम दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री का दूरदर्शी नेतृत्व और मौजूदा सरकार, जो समर्थन और स्थिरता की भावना देती है, भारत के लिए एक अंतर पैदा कर रही है। प्रधानमंत्री भारत के लिए हर अवसर खोलने के लिए, चाहे वह नई तकनीक हो, कौशल, उद्यमिता, नवीकरणीय ऊर्जा के लिए प्रतिबद्धता हो और उन्हें समय के भीतर पूरा करने के लिए सुशासन का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। इससे पहले सैन फ्रांसिस्को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर उनका अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा और महावाणिज्यदूत श्रीकर रेड्डी कोप्पुला ने स्वागत किया।

वह इस यात्रा में सैन फ्रांसिस्को और वाशिंगटन दोनों में कार्यक्रमों में शामिल होंगी। सैन फ्रांसिस्को में अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान श्रीमती सीतारमण स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूशन में विकसित भारत 2047 की नींव रखना विषय पर मुख्य भाषण देंगी, जिसके बाद एक फायरसाइड चैट होगी। वह प्रमुख फंड प्रबंधन फर्मों के साथ गोलमेज चर्चा भी करेंगी और इस क्षेत्र में मुख्यालय वाली प्रमुख आईटी कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मिलेंगी।

## जेडी वेंस ने परिवार संग देखा अक्षरधाम मंदिर

### भारतीय संस्कृति को सराहा



**नयी दिल्ली।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस आज सोमवार को अपने परिवार के साथ भारत दौरे पर दिल्ली पहुंचे। यात्रा के पहले दिन उन्होंने नई दिल्ली स्थित अक्षरधाम मंदिर के दर्शन किए। उनके साथ उनकी पत्नी और तीन बच्चे इ्र इवान, विवेक और मीराबेल भी थे। वेंस परिवार ने मंदिर की भव्यता, कला और सुंदर वास्तुकला की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मंदिर में उन्हें भारत की गहरी संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों की झलक देखने को मिली। उन्होंने मंदिर की अतिथि पुस्तिका में लिखा इस खूबसूरत स्थान पर स्वागत के लिए धन्यवाद। यह भारत के लिए गर्व की बात है कि आपने इतनी सुंदरता और ध्यान से यह मंदिर बनाया है। हमारे बच्चों को यह जगह बहुत पसंद आयी। अगले कुछ दिनों में उपराष्ट्रपति वेंस जयपुर और आगरा भी जाएंगे। उनके साथ अमेरिका के रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) और विदेश विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी भी आए हैं। वेंस, 13 वर्षों में भारत आने वाले पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति हैं। इससे पहले 2013 में जो बाइडेन जब उपराष्ट्रपति थे, तब भारत आए थे। इससे पहले मार्च में अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड भी भारत आई थीं और उन्होंने प्रधानमंत्री व अन्य अधिकारियों से मुलाकात करने के साथ-साथ रायसीना डायलॉग में हिस्सा लिया था।

## आइकॉनिक वीमेन ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स का आयोजन



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बिभर्ते एनजीओ द्वारा आयोजित पांचवां आइकॉनिक वीमेन ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स 2025 और सातवां वार्षिकोत्सव का आयोजन सांस्कृतिक धरोहर और नारी शक्ति को समर्पित एक भव्य समारोह के रूप में संपन्न हुआ। यह आयोजन सामाजिक चेतना, कला और महिला सशक्तिकरण को समर्पित था। बिभर्ते एनजीओ महिला सशक्तिकारण के लिए चलने वाले नारी रक्षार्थ कैंपेन के तहत महिलाओं के लिए अलग अलग प्रोगाम के माध्यम के उन्हें सशक्त बनाती है और उसी के अतंर्गत ये आइकॉनिक वीमेन ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स 2025 का सम्मान समारोह आयोजित कराया जाता है। एनजीओ अभी तक पूरे देश के लगभग 100000 से ज्यादा महिलाओं को अपने नारी रक्षार्थ कैंपेन के साथ जोड़ कर उनको सशक्त बनाने पे काम कर चुकीं है । कार्यक्रम में मुरादाबाद से सांसद श्रीमती रुचि वीरा, उत्तराखंड राज्य मंत्री (संस्कृत एवं कला परिषद) श्रीमती मधु भट्ट, बीजेपी विधायक श्री अनिल गोयल, और दिल्ली हज कमेटी की चेयरमैन श्रीमती कौसर जहां ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

### बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग पर बोले जस्टिस गवई

## पहले ही हम पर कार्यपालिका में दखल देने के आरोप लग रहे

नयी दिल्ली। वक्फ कानून लागू होने के बाद पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के मामले में सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। वकील विष्णु शंकर जैन की याचिका पर अब सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को सुनवाई करेगा। हालांकि, बंगाल में राष्ट्रपति लगाने की मांग पर जस्टिस बीआर गवई ने कहा, वैसे भी हम पर आरोप लग रहा है कि हम कार्यपालिका के अधिकारों में दखल दे रहे हैं। दरअसल, वकील विष्णु शंकर जैन ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। उन्होंने जस्टिस गवई की बेंच से कहा कि राज्य में मौजूदा हिंसा को देखते हुए अर्धसैनिक बलों की तत्काल तैनाती की आवश्यकता है। विष्णु जैन की टिप्पणी पर जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि आप चाहते हैं कि हम इसे लागू करने के लिए राष्ट्रपति को आदेश जारी करें? वैसे भी हम पर कार्यपालिका में अतिक्रमण करने का आरोप है। हम पर आरोप लग रहा है कि हम कार्यपालिका के अधिकारों में दखल दे रहे हैं। विष्णु जैन ने कहा कि इस मामले पर पहले से बंगाल में पोस्ट पोल हिंसा की मेरी याचिका लंबित है।

# स्वास्थ्य सेवा पर सरकार का व्यय 2014 में 29% से बढ़कर 48 % हो गया : नड्डा

एजेंसी





**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को सिविल सेवा दिवस समारोह के दौरान आयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना और आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से स्वस्थ भारत को बढ़ावा देना शीर्षक से सत्र की अध्यक्षता की। इस मौके पर अपने संबोधन में जेपी नड्डा ने कहा कि देश के हर गरीब व्यक्ति को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर और एबी पीएमजेएवाई (प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना) एक बहुत ही सुविचारित प्रक्रिया का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि इसको लेकर 2015 में परामर्श शुरू हुआ, 2016 में क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किए गए । 2016 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति तैयार की गई जो स्वास्थ्य सेवा के सभी पहलुओं को समग्र रूप से कवर करने वाली पहली ऐसी नीति है। नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा पर सरकार का व्यय 2014 में 29 प्रतिशत से बढ़कर आज 48 प्रतिशत हो गया है, जिससे लोगों के जेब से होने वाले खर्च में कमी आई है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में संक्रामक और गैर-संक्रामक रोगों की जांच और वहां प्रदान की जा रही सेवाओं के पैकेज का विस्तार करने से निवारक और प्रोत्साहक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की बढ़ती चिंता को दूर करने में मदद मिली है।

# सैनिक और साधक एक समान : राजनाथ

## आज भारत बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है : रक्षा मंत्री

एजेंसी



**सिरोही।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को ब्रह्माकुमारीज संस्थान के आबूरोड स्थित मुख्यालय शांतिवन में सुरक्षा सेवा प्रभाग द्वारा शुरू किए जा रहे देशव्यापी स्व सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण (सेल्फ एम्पॉवरमेंट) कैंपेन का दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। साथ ही पांच दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित किया। इसमें देशभर से 400 सेना के अधिकारी और जवानों ने भाग लिया। रक्षा मंत्री राजनाथ ने अपने संबोधन में योग से लेकर अध्यात्म, सेना, भारतीय अर्थव्यवस्था और सेल्फ एम्पॉवरमेंट पर बात की। उन्होंने कहा कि मैं एक योगी और सैनिक में खास अंतर नहीं देखता हूं। साधक के जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य और ध्येय मानवता की सेवा करना ही होता है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि सैनिक और साधक दोनों एक सुरक्षित, बेहतर और शांतिपूर्ण समाज की स्थापना के लिए कार्य करते हैं। एक सच्चे सैनिक के अंदर एक साधक और एक साधक के अंदर एक सैनिक जरूर विद्यमान रहता है। सैनिक जो सीमा पर हमारी सुरक्षा कर रहे हैं वह योग साधना का ही एक रूप है। राष्ट्र की रक्षा केवल शस्त्र से नहीं होती है, यह होती है चेतना से, चरित्र से और चैतन्यता से। इसके लिए आध्यात्मिकता और योग सबसे बड़ा साधन है। यह अभियान महत्वपूर्ण इसलिए भी है कि हम अपने सैनिकों को केवल शस्त्रधारी नहीं बल्कि शास्त्रधारी भी बना सकें। हम केवल उन्हें लड़ाई के लिए नहीं बल्कि आत्म बल के लिए भी तैयार कर सकें। उन्होंने कहा कि आज एआई का दौर चल रहा है। हमें देश-दुनिया की पल-पल की खबरें पता चल रही हैं लेकिन हमें यह पता नहीं चल रहा है कि हमारे भीतर क्या चल रहा है।

# ट्रम्प के अतिरिक्त टैरिफ लगाने का निर्णय टालने से झूमा बाजार

एजेंसी



**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत समेत 75 देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के निर्णय को 09 जुलाई तक टालने से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार एक प्रतिशत से अधिक उछल गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 860.06 अंक अर्थात 1.09 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब साढ़े तीन महीने बाद 79 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 79,413.26 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 273.90 अंक यानी 1.15 प्रतिशत उछलकर 24 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से ऊपर 24125.55 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 2.20 प्रतिशत मजबूत होकर 42,903.02 अंक और स्मॉलकैप 1.67 प्रतिशत की तेजी के साथ 48,745.42 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4247 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2918 में लिवाली जबकि 1168 में बिकवाली हुई वहीं 161 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 3014 कंपनियों में से 2251 में तेजी जबकि 683 में गिरावट रही वहीं 80 में टिकाव रहा।

बाजार विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत सहित 75 देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने को 09 जुलाई तक टालने के हाल के फैसले से निवेशकों की धारणा में उत्साह रहा। पिछले सप्ताह की शुरूआत में घोषित इस अस्थायी राहत ने बढ़ते वैश्विक व्यापार तनाव के बीच बाजारों को राहत प्रदान की।

वैश्विक आर्थिक परिदृश्य भले ही अनिश्चितता से घिरा हो लेकिन भारत अपनी मजबूत आर्थिक बुनियाद और स्थिरता के चलते विदेशी निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनकर उभरा है। देश छह प्रतिशत से अधिक की विकास दर के साथ एकमात्र बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो मंद वैश्विक वातावरण के बीच भी लचीलापन दिखा रही है। डॉलर में हालिया गिरावट के चलते भारत में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) का प्रवाह और तेज होने की संभावना है।

एफपीआई का ध्यान वित्तीय, दूरसंचार, विमानन, होटल, ऑटो, रियल एस्टेट, सीमेंट और हेल्थकेयर जैसे घरेलू खपत-आधारित क्षेत्रों पर केंद्रित रहेगा। वहीं, डिजिटल स्पेस में चुनिंदा ग्रोथ स्टॉक्स में भी तेजी की संभावना जताई गई है। हालांकि, आईटी समूह पर दबाव बरकरार रहने की उम्मीद है क्योंकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में संभावित मंदी इस क्षेत्र की वृद्धि संभावनाओं को प्रभावित कर सकती है।